नई दिल्ली
बुधवार 22 अप्रैल 2026
वैशाख मास शुक्ल पक्ष,
पंचमी+षष्ठी वर्ष : 30, अंक : 03
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 40
न्यून. 27

हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

पृथ्वी दिवस आज

मई के पहले सप्ताह में होगा तीनों सशस्त्र सेनाओं का 'संयुक्त कमांडर सम्मेलन'

# ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर जोधपुर से पाकिस्तान को दिया जाएगा कड़ा संदेश!

कविता जोशी ▶▶ नई दिल्ली

अलग खबर

धीरे-धीरे ही सही...अब हम उस ऐतिहासिक तारीख की ओर बढ़ रहे हैं। जिसके जरिए पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के लिए पिछले साल 2025 में देश की सशस्त्र सेनाओं ने पाकिस्तान के आतंकी इरादों को पलक झपकते नेस्तनाबूद कर दिया था। जी हां, यहां हम बात कर रहे हैं 'ऑपरेशन सिंदूर' की। अगले महीने 7 मई को इसकी पहली वर्षगांठ है। मौका बेहद खास है। इसलिए सेना, वायुसेना और नौसेना ने भी इस सैन्य कार्रवाई वाले सप्ताह के दौरान ही अपना संयुक्त कमांडर ▶▶ शेष पेज 5 पर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे वरिष्ठ कमांडरों को संबोधित, रक्षा मंत्री की भी रहेगी मौजूदगी




### 2047 के विजन दस्तावेज पर होगा मंथन


सूत्रों ने बताया कि संयुक्त कमांडर सम्मेलन में मौजूदा दौर में देश के समक्ष घरेलू और वैश्विक स्तर पर बनी हुई सैन्य और सुरक्षा चुनौतियों के अलावा तीनों सेनाओं के मिश्रण से तैयार की जाने वाली थिएटर कमांड के गठन के प्रस्ताव पर भी गहनता से विचार-विमर्श किया ▶▶ शेष पेज 5 पर

### ऑपरेशन सिंदूर में मारे 100 से अधिक आतंकी

गौरतलब है कि पहलगाम आतंकवादी हमले में पाकिस्तान समर्थित लश्कर-ए-तैयबा के छद्म आतंकी संगठन, द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में कुल 26 निर्दोष लोगों (25 भारतीय, 1 नेपाली नागरिक शामिल) की उनका धर्म पूछकर बेरहमी से हत्या कर दी थी। जिसके जवाब में भारत ने 6 मई की मध्यरात्रि के बाद शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर अभियान के जरिए पाकिस्तान और उसके अवैध कब्जे वाले कश्मीर में उसके समर्थन से चल रहे लश्कर, जैश और हिजबुल मुजाहिद्दीन जैसे आतंकी संगठनों के कुल 9 आतंकी शिविरों में मौजूद ▶▶ शेष पेज 5 पर

'कुछ सीमाएं कभी नहीं लांघी जानी चाहिए...भारत कभी नहीं भूलता'

# ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ के पूर्व में भारतीय सेना की पाकिस्तान को दो टूक




**22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए आतंकी हमले को आज पूरा हुआ एक साल**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र सेनाओं के ऑपरेशन सिंदूर अभियान की 7 मई 2026 को मनाई जाने वाली पहली वर्षगांठ के पूर्व में भारतीय सेना ने पाकिस्तान को बेहद कड़े अंदाज में चेतावनी देते हुए कहा है कि उसे अपनी सीमाओं में रहने की आवश्यकता है। अगर इस बार उसने ऐसी कोई हिमाकत करने की कोशिश की तो उसे कतई बख्शा नहीं जाएगा। सेना ने मंगलवार को 'एक्स' पर एक तस्वीर साझा करते हुए यह जानकारी दी है और उसके शीर्षक में लिखा, 'जब मानवता की सीमाएं पार की जाती हैं, तो प्रतिक्रिया निर्णायक होती है। 'न्याय परोसा गया, भारत एकजुट खड़ा है'। इसके अलावा तस्वीर के अंदर इस संयुक्त सैन्य अभियान के लोगो के साथ लिखा है। 'कुछ सीमाएं कभी नहीं लांघी जानी चाहिए। भारत कभी नहीं भूलता'। पोस्ट के साथ बल ने हैशटैग-सिंदूर एनिवर्सरी, जस्टिस एंड्युवर्स और नेशन फर्स्ट जैसे तीन शब्द भी लिखे हैं। यहां बता दें कि बीते दिनों सेना ने पहलगाम आतंकी हमले को अंजाम देने ▶▶ शेष पेज 5 पर

### दुनियाभर के देशों ने की निंदा

पाकिस्तान समर्थित लश्कर-ए-तैयबा के छद्म आतंकी संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) नामक समूह के आतंकवादियों ने बीते वर्ष 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में कुल 26 लोगों (25 निर्दोष पर्यटक, 1 नेपाली नागरिक शामिल) की बेहद निर्ममता के साथ हत्या कर दी थी। जिसके जवाब में देश की सशस्त्र सेनाओं ने 7 मई को संयुक्त रूप से ऑपरेशन सिंदूर अभियान का आगाज करते हुए दुश्मन देश और उसके अनाधिकृत कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में कुल 9 आतंकी शिविरों में मौजूद 100 से अधिक आतंकियों को मार गिराया था। इस हमले की अमेरिका सहित दुनियाभर के देशों ने कड़ी ▶▶ शेष पेज 5 पर

### ऑपरेशन सिंदूर जारी है

ऑपरेशन सिंदूर आज भी जारी है। भारत ने पहलगाम हमले के बाद की गई अपनी कार्रवाई के साथ दुश्मन देश को साफ शब्दों में यह बता दिया था कि अब वो भारत के खिलाफ दोबारा कभी ऐसा कोई हमला करने की न सोचे। अगर ऐसा कुछ हुआ तो उसे उसका काफी गंभीर परिणाम भुगतना पड़ेगा। भारत की जवाबी कार्रवाई से पाकिस्तान भौचक्का रह गया था और देश की पश्चिमी सीमा के समूचे इलाके में एक के बाद एक ड्रोन, मिसाइलों से काफी बड़ा हमला बोला था। जवाब में सशस्त्र सेनाओं के अचूक वार ने उसका पूरा दम निकाल दिया था। यह अभियान 7 से 10 मई तक यानी चार दिन (88 घंटे तक) तक चला। अंततः पाकिस्तान के भारत के सामने गिड़गिड़ाने पर 10 मई की शाम 5 बजे संघर्षविराम हुआ। जो फिलहाल आज भी लागू है। भारत, पाक को ये भी साफ कर चुका है कि उसका ये अभियान आतंकवाद को जड़ खत्म करने के लिए तय की गई शून्य सहिष्णुता के नीति का परिचायक है

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
एलएसजी आरआर
शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### अश्वगंधा की पत्तियों के इस्तेमाल पर रोक

**नई दिल्ली।** फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने अश्वगंधा की पत्तियों के इस्तेमाल पर सीधी रोक लगाई है। कहा गया है कि अश्वगंधा का इस्तेमाल सिर्फ उसकी जड़ और एक्सट्रैक्ट तक ही सीमित रखा जाए। पत्तियों में रिएक्टिव विथानोलाइड्स की मात्रा ज्यादा होती है, जो शरीर के लिए टॉक्सिक माने जाता है। इसका सेवन करने से लिवर, पेट और नसों से जुड़ी गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। प्राधिकरण ने सभी राज्यों के खाद्य सुरक्षा आयुक्तों और अधिकारियों को भी अलर्ट कर दिया है। नियम तोड़ने पर कार्रवाई होगी



### पत्नी-बच्चों की देखभाल कानूनी बाध्यता: कोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि अगर कोई शख्स परिवार का खर्चा नहीं उठा सकता है तो उसे शादी का ख्याल छोड़ देना चाहिए। अगर किसी ने पुरूष शादी की है तो उसे परिवार का खर्च उठाना ही पड़ेगा, वह पत्नी और बच्चों के भरण-पोषण की जिम्मेदारी से बचने के लिए अपनी खराब आर्थिक हालत का बहाना नहीं बना सकता। यह उसकी कानूनी बाध्यता है। इलाहाबाद हाईकोर्ट में एक पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद के बीच दिए गए मेंटेनेंस को लेकर यह आदेश आया है।




**शांति वार्ता पर सस्पेंस:** न जेडी वेंस पहुंचे न ही ईरानी प्रतिनिधिमंडल आया

# शांति वार्ता पर दोनों देशों की 'जिद' हावी पाक बोला-बढ़ाई जाए सीजफायर की मियाद

ईरान ने अब तक अमेरिका की बातचीत की शर्तों पर कोई जवाब नहीं दिया है, जिसके चलते जेडी वेंस ने फिलहाल पाकिस्तान यात्रा टाल दी

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका और ईरान के बीच चल रहा दो सप्ताह का संघर्षविराम अब अपने आखिरी पड़ाव पर पहुंच गया है। पाकिस्तान के मुताबिक, यह सीजफायर बुधवार सुबह खत्म होने वाला है, लेकिन शांति की उम्मीदें अब धुंधली पड़ती दिख रही हैं। एक तरफ जहां अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के प्रतिनिधि और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की पाकिस्तान यात्रा फिलहाल टाल दी गई है। वहीं ईरान ने पाकिस्तान में होने वाली प्रस्तावित शांति वार्ता को लेकर पूरी तरह चुप्पी साध ली है। एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से बताया गया है कि ईरान ने अब तक अमेरिका की बातचीत की शर्तों पर कोई जवाब नहीं दिया है, जिसके चलते यह फैसला लिया गया। वेंस को मंगलवार सुबह पाकिस्तान के लिए रवाना होना था, जहां बुधवार को अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत फिर शुरू होने वाली थी। हालांकि, यह यात्रा फिलहाल होल्ड पर रखी गई है। दूसरी तरफ ईरान ने भी अमेरिका के साथ प्रस्तावित बातचीत में शामिल होने से इनकार कर दिया है। तेहरान टाइम्स से बात करते हुए ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि अभी इस्लामाबाद जाने की कोई योजना नहीं है। उन्होंने इसके पीछे अमेरिका के विरोधाभासी रवैये को ▶▶ शेष पेज 5 पर

ट्रंप ने कहा है कि वे सीजफायर को आगे नहीं बढ़ाएंगे, आज मियाद होगी खत्म


डोनाल्ड ट्रंप | मोहम्मद गालिबाफ

**ईरान ने कहा है कि अमेरिका सम्मान के साथ बात करे धमकियां देकर नहीं**

**व्हाइट हाउस ने कहा कि ट्रंप धमकी देते हैं तो उस पर अमल भी करते हैं**

### ट्रंप बोले- ईरान के साथ जल्द बड़ी डील

ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका जल्द ही ईरान के साथ एक बड़ी डील कर सकता है। इससे कई हफ्तों से चल रहा युद्ध खत्म हो सकता है। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा कि मुझे लगता है कि हम एक बड़ी डील करेंगे, उनके पास कोई विकल्प नहीं है। ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका ने ईरान की नेवी, एयरफोर्स और उसके नेताओं को खत्म कर दिया है, जिससे उसकी सैन्य ताकत काफी कमजोर हो गई है। यह भी दावा किया कि ईरान में रिजीम चेंज हो चुका है। उन्होंने कहा कि मैंने कहा नहीं था कि मैं यह करूंगा, लेकिन मैंने इसे अप्रत्यक्ष रूप से कर दिया है। ट्रंप ने कहा है कि वह ईरान के साथ चल रहे सीजफायर को आगे नहीं बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारे पास इतना समय नहीं है।

ईरान का ट्रंप को जवाब

### हम बात करेंगे पर 'आत्मसमर्पण' नहीं

वहीं, ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद गालिबाफ ने इन धमकियों का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने अमेरिका पर आरोप लगाया कि वह बातचीत की मेज को आत्मसमर्पण की मेज में बदलना चाहता है। गालिबाफ ने साफ किया कि ईरान धमकियों के साए में बातचीत स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि पिछले दो हफ्तों में ईरान ने युद्ध के मैदान में नए पत्ते खोलने की पूरी तैयारी कर ली है।

### ईरान की घरेलू उड़ानें होंगी आज से बहाल

ईरान एयर ने घोषणा की है कि वह बुधवार से देश के भीतर उड़ान सेवाएं फिर से शुरू करेगा। यह फैसला करीब 50 दिनों के लंबे विराम के बाद लिया गया है, जो युद्ध की वजह से लागू था। रिपोर्ट के अनुसार, सबसे पहले तेहरान से मशहद के बीच उड़ान सेवा शुरू की जाएगी। इसी दिन वापसी की उड़ान ▶▶ शेष पेज 5 पर

विशेषज्ञता और टेक्नोलॉजी अपनाने पर जोर

### सिविल सेवाओं में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी 'नारी शक्ति' का प्रतीक: उपराष्ट्रपति



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने सिविल सेवाओं में विशेषज्ञता (स्पेशलाइजेशन) की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि केवल जनरलिस्ट मॉडल पर निर्भर रहने का दौर अब समाप्त हो चुका है। उन्होंने राज्यों से भविष्य को ध्यान में रखते हुए भर्ती नीतियां अपनाने की अपील की, ताकि प्रशासनिक तंत्र और मजबूत हो सके। उन्होंने अधिकारियों को ▶▶ शेष पेज 5 पर

हरियाणा संगठन से जुड़े विषयों पर हुई चर्चा

### भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन से मिले हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बडौली ने मंगलवार को दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद नितिन नवीन से शिष्टाचार भेंट की। बड़ौली ने हरियाणा संगठन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर नवीन के साथ विस्तार से चर्चा की। बडौली ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को आगामी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही प्रदेश में चले पंडित दीनदयाल प्रशिक्षण अभियान, पार्टी के जिला व बूथ स्तर पर चल रहे ▶▶ शेष पेज 5 पर



कहा, प्रक्रियाओं का सरलीकरण जरूरी

### किसान को कर्ज नहीं, भरोसा और सरल व्यवस्था चाहिए: केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि किसानों को साहूकारी, ऊंचे ब्याज, जटिल कर्ज प्रक्रिया और असंवेदनशील व्यवस्था से राहत दिलाने के लिए कृषि वित्त तंत्र को और अधिक सरल, व्यावहारिक, मानवीय और परिणामोन्मुख बनाना होगा। उन्होंने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) ने किसानों को राहत दी है, लेकिन ▶▶ शेष पेज 5 पर


■ सिविल सेवा दिवस के अवसर पर की सहभागिता

आज खुलेंगे केदारनाथ धाम के कपाट

## 10 क्विंटल फूलों से सजाया धाम, मंदिर में मोबाइल फोन पर लगाया प्रतिबंध

एजेंसी ▶▶ रुद्रप्रयाग

पांचवें ज्योतिर्लिंग केदारनाथ धाम के कपाट खोलने की तैयारियां पूरी हो गई हैं। धाम की 10 क्विंटल फूलों से भव्य सजावट की गई है। कपाट बुधवार सुबह आठ बजे खोले जाएंगे। बाबा के प्रथम दर्शन के लिए लगभग 10 हजार यात्री धाम पहुंच चुके हैं और मुख्य पड़ावों पर भी 10 से 12 हजार यात्री ठहरे हुए हैं। वहीं, बाबा की पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली भी मंगलवार को गौरीकुंड से केदारनाथ धाम पहुंच गई। बुधवार को ही सुबह 11 बजे तृतीय केदार तुंगनाथ धाम के कपाट भी खोले जाते हैं। बाबा ▶▶ शेष पेज 5 पर

**प्रथम दर्शन के लिए लगभग 10 हजार यात्री धाम पहुंचे**


फूलों से सजे मंदिर के बाहर भक्तों की भारी भीड़

### फोटो-वीडियो और रील बनाने पर सख्ती

केदारनाथ मंदिर समिति ने सख्ती बरतते हुए परिसर के भीतर मोबाइल फोन के उपयोग पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है। अब कोई भी श्रद्धालु मंदिर परिसर के अंदर मोबाइल फोन लेकर नहीं जा सकेगा। इसके साथ ही फोटो खींचना, वीडियो बनाना और सोशल मीडिया के लिए रील बनाने पर सख्त मनाही है। ऐसा करनेवालों को दंडित किया जाएगा।

प्रचार के अंतिम दिन चुनाव का शोर थमा

## कांग्रेस अध्यक्ष खरगे बोले- तमिलनाडु में दोबारा बनेगी डीएमके-कांग्रेस की सरकार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

तमिलनाडु विधानसभा चुनाव प्रचार के आखिरी दिन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने जमीनी रिपोर्ट्स का हवाला देते हुए कहा कि प्रदेश में डीएमके-कांग्रेस के नेतृत्व वाला गठबंधन प्रचंड बहुमत से दोबारा सरकार बनाने जा रहा है। खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर चुनाव के बीच में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए इसे पूरी तरह से अस्वीकार्य बताया।



चेन्नई में पत्रकार वार्ता के दौरान दूरदर्शन पर प्रधानमंत्री के राष्ट्र के नाम संबोधन की ओर इशारा करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री ने चुनाव आचार संहिता के बीच विपक्षी पार्टियों को बदनाम करने के लिए सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया। चुनाव आयोग की भूमिका पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि वह भाजपा कार्यालय के विस्तार के रूप में काम कर रहा है।

खरगे ने यह सवाल भी उठाया कि आखिर चुनाव के वक्त ही केंद्रीय एजेंसियों द्वारा छापेमारी क्यों की जाती है? केवल विपक्षी दलों को ही क्यों निशाना बनाया जाता है? उन्होंने आगाह किया कि अगर सरकारी मशीनरी का इसी तरह दुरुपयोग होता रहा, तो भारतीय लोकतंत्र कमजोर हो जाएगा और जनता को ▶▶ शेष पेज 5 पर

**पश्चिम-एशिया में युद्ध की शुरुआत के बाद से लेकर अब तक देश लौटे 11 लाख 61 हजार लोग**

देश गरिमा नामक जहाज 97 हजार मीट्रिक टन कच्चा तेल लेकर 27 अप्रैल को पहुंचेगा मुंबई

## होर्मुज से सुरक्षित निकलेंगे भारत के जहाज, ईरान से लगातार जारी बातचीत: जायसवाल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पिछले सप्ताह होर्मुज जलडमरूमध्य से निकलते वक्त ईरान की नौसेना द्वारा दो भारतीय वाणिज्यिक जहाजों पर की गई गोलीबारी के मामले की आंच देश के कूटनीतिक गलियारों में अभी तक पूरी तरह से ठंडी नहीं पड़ी है। भारत ने इसे लेकर बेहद गंभीरता के साथ न केवल अपना विरोध ईरान के उच्च-अधिकारियों के समक्ष दर्ज कराया है। बल्कि वर्तमान में भी मामले पर हमारा उनके साथ नियमित रूप से संपर्क बना हुआ है। इस वर्ष 28 फरवरी को पश्चिम-एशिया और खाड़ी क्षेत्र में शुरू हुए इस युद्ध के बाद से लेकर अब तक कुल 8 भारतीयों की मौत हो चुकी है। जबकि 1 अन्य अभी तक लापता है। यह जानकारी मंगलवार को पश्चिम-एशिया से जुड़े घटनाक्रम पर राजधानी में आयोजित की गई अंतर- मंत्रालयी प्रेस वार्ता में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दी है।



### एनएसए ने की सऊदी-अरब की यात्रा

उन्होंने ये भी कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर भारत का खाड़ी देशों के साथ लगातार संवाद बना हुआ है। विदेश मंत्रालय भी क्षेत्र के हालात पर कड़ी नजर बनाए हुए है। दो दिन पहले राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने सऊदी-अरब की यात्रा की थी। उससे पहले विदेश मंत्री डॉ.एस. जयशंकर ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और केंद्रीय पेट्रोलियम-प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कतर की यात्रा की है। इसके अलावा केंद्रीय वाणिज्य-उद्योग मंत्री पीयूष गोयल भी क्षेत्र के अपने तमाम समकक्षों के साथ संपर्क में बने हुए थे। इन सभी वार्ताओं का सार कहें या इनमें मुख्यरूप दोनों ▶▶ शेष पेज 5 पर

### जहाजों के बीमा में अड़ंगा डालती अमेरिकी कंपनी

केंद्रीय जहाजरानी मंत्रालय के अधिकारी मुकेश मंगल ने कहा कि वर्तमान स्थिति में भारत के कुल 14 (9 एलपीजी, 1 कच्चे तेल का है) जहाज खाड़ी क्षेत्र में हैं। जिनमें 13 देश का ध्वज लगे हुए हैं और एक अन्य भारत द्वारा स्वीकृत किया गया जहाज है। देश गरिमा नामक एक भारतीय जहाज 97 हजार मीट्रिक टन कच्चा तेल लेकर 27 अप्रैल को मुंबई पहुंचेगा। उन्होंने जहाजों की सुरक्षित आवाजाही के लिए बनाए गए घरेलू बीमा पूल को लेकर कहा, इसमें सभी प्रकार के समुद्री बीमा को शामिल किया जाएगा। यह एक प्रकार का री-इंश्योरेंस है। क्योंकि इंश्योरेंस ▶▶ शेष पेज 5 पर

# प्रीत विहार हत्याकांड: प्रॉपर्टी डीलर गौरव शर्मा दो साथियों के साथ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



पूर्वी जिले के प्रीत विहार इलाके में पार्किंग को लेकर हुए विवाद में कपड़ा कारोबारी की गोली मारकर हत्या के मामले में मुख्य आरोपित सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के नाम गौरव शर्मा, सुनील शर्मा और सिद्धार्थ के बताये गये हैं। पुलिस की कई टीमें केस की आगे की तफ्तीश में जुटी है।

डीसीपी राजीव कुमार के अनुसार हत्याकांड की जांच में पूर्वी जिला पुलिस की तीन टीमें लगाई गई थी। इनमें प्रीत विहार पुलिस, स्पेशल स्टाफ और एंटी स्नैचिंग एंड बर्गलरी सेल शामिल थी। सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी सर्विलांस और स्थानीय इनपुट के आधार पर आरोपितों को दबोचा गया। जांच में सामने आया है कि विवाद की शुरुआत गाड़ी खड़ी करने को लेकर हुई थी। आरोपी गौरव शर्मा अपनी बीएमडब्ल्यू लेकर घर पहुंचा तो एंट्री गेट के सामने खड़ी कार के कारण रास्ता बाधित मिला। इसे लेकर उसकी पड़ोसी पारस से कहासुनी हुई थी। दोनों के बीच यह विवाद पहले से चल रहा था। उस रात फिर से बढ़ गया। पारस ने अपने भाई पंकज को फोन कर मौके पर बुलाया, जो नोएडा से वहां पहुंचा था। रात करीब दो बजे के आसपास विवाद फिर भड़क गया और गाली-गलौज के बीच हाथापाई की नौबत आ गई। इसी दौरान गौरव शर्मा ने पिस्टल निकालकर पंकज के सीने में गोली मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हमले के दौरान पारस के साथ भी मारपीट की गई और उसे चोटें आई। वारदात के बाद आरोपी गौरव अपने साथियों के साथ मौके से फरार हो गया था। जांच टीमों ने ना सिर्फ मुख्य आरोपी गौरव शर्मा को गिरफ्तार किया गया बल्कि उसके सहयोगी सुनील शर्मा और उसके सौतेले बेटे सिद्धार्थ भी पकड़ा।

## 35 लाख के अमेजन धोखाधड़ी नेटवर्क का भंडाफोड़, दो अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



भारत नगर पुलिस ने 35 लाख के अमेजन धोखाधड़ी नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुये दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 10 लाख कीमत वाले 14 सीलबंद आईफोन बरमाद हुये। आरोपियों के नाम जसप्रीत सिंह और हिमांशु बताये गये हैं।

पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता सुमित अग्रवाल निवासी शास्त्री नगर ने ई कॉमर्स साइट अमेजन के माध्यम से की गई ऑनलाइन खरीदारी से संबंधित धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 12 से 16 अप्रैल के बीच 50 आईफोन 16 (128 जीबी) मोबाइल फोन के ऑर्डर दिए थे। अमेजन एप्लिकेशन के अनुसार, सभी खेपों को डिलीवर कर दिया गया था। हालांकि, शिकायतकर्ता को वास्तव में ऐसी कोई डिलीवरी प्राप्त नहीं हुई थी। उसने आरोप लगाया कि डिलीवरी करने वाले व्यक्ति ने अपने साथियों के साथ मिलकर साजिश रची और धोखे से कंसाइनमेंट को 'डिलीवर' दिखाया। इस प्रकार से लगभग 35 लाख रुपये के 50 मोबाइल फोन हड़पे गये। पुलिस के अनुसार जांच के लिये एक विशेष टीम बनाई गई और तकनीकी जांच के बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

## मुठभेड़ के बाद इनामी बदमाश चढ़ा एसटीएफ के हत्थे

**नई दिल्ली।** साउथ ईस्ट डिस्ट्रिक्ट की स्पेशल टास्क फोर्स टीम ने मुठभेड़ के बाद एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मोहम्मद रिजवान के रूप में हुई है। रिजवान पर बुलंदशहर पुलिस द्वारा 15 हजार का इनाम भी घोषित किया जा चुका था। इसके पास से पिस्टल व कारतूस बरामद हुये है। आरोपी पर कई आपराधिक मामले दर्ज थे। पुलिस के अनुसार सोमवार की देर रात एसटीएफ की टीम को सूचना मिली कि एक कुख्यात व इनामी बदमाश आस्था कुंज पार्क, अमर कॉलोनी क्षेत्र में आने वाला है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और सटीक जाल बिछाकर संदिग्ध बदमाश को सरेंडर करने के लिए कहा। खुद को फंसता हुआ देख उसने पुलिस टीम पर फायरिंग की। आत्मरक्षा और जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली मारकर काबू किया गया। रिजवान पर दो दर्जन से अधिक मामले दर्ज थे।

## यूनिवर्सिटीज़ से ही निकल पाते हैं देश के उच्चतम लोग : वीके सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



- खत्म नहीं होगी पुस्तकों की आवश्यकता : प्रो. योगेश सिंह
- पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग ने मनाया स्थापना दिवस समारोह

यूनिवर्सिटीज़ से ही देश के उच्चतम लोग निकल पाते हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के 80 वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर मिजोरम के राज्यपाल जनरल डॉ. वी.के. सिंह ने अपने संबोधन में यह बात कही। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जब आप किसी लाइब्रेरी में जाते हैं, तो वहाँ वो चीज प्राप्त करते हैं जो कहीं और नहीं मिल सकती। अगर आप यूरोप में जाएँ तो वहां देखेंगे कि सार्वजनिक पुस्तकालयों पर सबसे ज्यादा ज़ोर मिलता है। हमारे यहाँ भी पहले सार्वजनिक पुस्तकालय थे, धीरे धीरे उनका चलन खत्म होने लगा; कुछ जगह पर अभी भी हैं, लेकिन शायद उनकी देखरेख उतनी नहीं है, जितना कि उनको सपोर्ट मिलना चाहिए। अब समय है कि हम उन्हें और अच्छा बना सकें, ताकि सब लोगों को उनका फायदा मिल सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि तकनीक के कारण आज लाइब्रेरी का स्वरूप बदल रहा है, लेकिन पुस्तकों की आवश्यकता कभी खत्म नहीं होगी। अगर हमें आगे बढ़ना है तो पढ़ने की आदत बनाए रखना जरूरी है। पुस्तकों का तरीका बदल सकता है, उनके प्रकाशन का माध्यम बदल सकता है, लेकिन उनकी उपयोगिता कम नहीं हो सकती। डीयू के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. केपी सिंह द्वारा लिखित पुस्तक "लाइब्रेरी इन्फॉर्मेशन साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च इन इंडिया" का विमोचन भी कार्यक्रम के दौरान किया गया। सेवानिवृत आई.ए.एस डॉ. अजय शंकर पांडेय समारोह के विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

डॉ. वी.के. सिंह ने कहा कि एक समय था जब लाइब्रेरी का अपना महत्व था। आप किसी भी संस्था का आकलन करना चाहते थे तो, उसकी लाइब्रेरी से उसका आकलन होता था। अब लाइब्रेरी का स्वरूप बदल गया है। लाइब्रेरी और इनफार्मेशन साइंस का अपना एक अलग महत्व है। किसी भी देश को आगे बढ़ने के लिए शिक्षा की जरूरत होती है। शिक्षा वह नींव देती है जिस पर राष्ट्र तरक्की करता है।

## पालम में पानी की मोटर चुराने वाला फिजियोथेरेपिस्ट गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- तांबे का तार, मोबाइल एक्सेसरीज बरामद; जांच में सामने आई वजह

दक्षिण पश्चिम जिला के पालम थाना पुलिस ने सेंधमारी के मामले में असिस्टेंट फिजियोथेरेपिस्ट को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान द्वारका निवासी लकी के रूप में हुई है। जिला पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि घर में चोरी और सेंधमारी की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए पालम गांव थाना पुलिस की एक टीम गठित की गई। टीम ने गुप्त मुखबिरों को सक्रिय किया। पुलिस टीम ने सभी घटनाओं की सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की जांच की। इसी बीच पुलिस को फुटेज में दिख रहे एक आरोपी के पालम गांव के रेलवे स्टेशन इलाके के पास मौजूद होने की जानकारी मिली।

आरोपी तीन माह पहले नौकरी छोड़ने के बाद शराब की नशे की लत को पूरा करने के लिए सेंधमारी करने लगा। पुलिस ने इनके कब्जे से पानी की मोटर, मोबाइल एक्सेसरीज और तांबे के तार बरामद किया है। आरोपी की गिरफ्तारी से पुलिस ने चार मामले सुलझाने का दावा किया है।

जहां पहुंचकर पुलिस ने जेजे कॉलोनी द्वारका निवासी 34 साल के लकी को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक चोरी की पानी की मोटर भी बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी को रिमांड पर लेकर सेंधमारी के अन्य मामलों से जुड़ी और भी चोरी की संपत्ति बरामद की।

जांच के बाद पुलिस ने बताया कि वह आरोपी लकी शराब का आदी है। वह पहले गुरुग्राम में एक असिस्टेंट फिजियोथेरेपिस्ट के तौर पर काम करता था, लेकिन लगभग तीन महीने पहले उसने नौकरी छोड़ दी। उसके बाद अपनी शराब की लत पूरी करने और रोजमर्रा के खर्चों को पूरा करने के लिए चोरी और सेंधमारी करने लगा। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी से चार मामले सुलझाने का दावा किया है।

## शेयर मार्केट निवेश धोखाधड़ी रैकेट के दो लोगों को पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर पश्चिमी जिले की साइबर पुलिस ने शेयर बाजार में निवेश के नाम पर ठगी करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। ठगी में शामिल आरोपियों के नाम अंकित पटेल और पटेल कीर्ति कुमार बताये गये हैं। दोनों सूरज, गुजरात के रहने वाले हैं। इन पर 9.75 लाख की ठगी का आरोप है। ठगी गई रकम को एटीएम और चेक के जरिए म्यूल बैंक खातों से निकाल लिया गया था। अपराध में इस्तेमाल किया गया मोबाइल और सिम कार्ड भी बरामद कर लिये गये हैं।

पूछताछ के दौरान यह पता चला कि वे आसानी से पैसा कमाने के लिए इस तरह की आपराधिक गतिविधियों में लिप्त थे।

पुलिस के अनुसार शिकायत कर्ता आदित्य शर्मा निवासी ईस्ट शालीमार बाग की ओर से साइबर धोखाधड़ी के संबंध में एक ऑनलाइन शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि साइबर अपराधियों ने उन्हें शेयर बाजार में निवेश के जरिए मुनाफा कमाने का झांसा देकर 9.75 लाख की ठगी की है। इसके बाद साइबर थाने में केस दर्ज किया गया था।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नामः **मोहम्मद राहत, पुत्रः मोहम्मद आरुष, निवासीः मकान नंबर 12ए/15, गली नंबर 10, विजय मोहल्ला मौजपुर, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) इसके विरुद्ध **Case FIR No.238/2021 U/S 380/411/34 IPC** के तहत एक मामला **थाना जाफराबाद, उत्तर पूर्वी जिला, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **मोहम्मद राहत** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **मोहम्मद राहत** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा है कि **Case FIR No.238/2021 U/S 380/411/34 IPC, थाना जाफराबाद, उत्तर पूर्वी जिला, दिल्ली** के अभियुक्त **मोहम्मद राहत** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए दिनांक **30.05.2026** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, सुश्री अनुष्ठा श्रीवास्तव
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05,
कमरा नंबर–07, दूसरी मंजिल,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/5042/NE/2026
(अदालती मामला)


## द्वारका में नीरज बवाना गिरोह के दो बदमाश दबोचे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

बिंदापुर थाने की पुलिस ने नीरज बवाना गिरोह के दो बदमाशों को द्वारका इलाके से गिरफ्तार किया है। उनके पास से हथियार और कारतूस भी बरामद किए गये। बदमाशों के नाम प्रदीप सिंह (31) और आशीष (32) बताये गये हैं। दोनों हरियाणा के सोनीपत जिले के रहने वाले हैं।

डीसीपी कुशल पाल सिंह के अनुसार दो संदिग्ध कार से बार-बार किरण गार्ड इलाके में आते-जाते रहते हैं। पुलिस ने मटियाला के पास जाल बिछाया और उस संदिग्ध कार को रोका। जांच के दौरान कार सवारों के पास से विदेश निर्मित एक सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल और चार कारतूस बरामद हुये। दोनों के मोबाइल फोन में कथित तौर पर बंदूकों के साथ तस्वीरें और गैंगस्टर नीरज बवाना की तस्वीरें मिलीं, जो गिरोह के साथ उनके संबंध का संकेत देती हैं। पूछताछ के दौरान प्रदीप ने पुलिस को बताया कि वह अपने रिश्तेदारों के माध्यम से गिरोह के संपर्क में आया और 2022 में गोगी गिरोह के साथ प्रतिद्वंद्विता के दौरान उसके रिश्ते के भाई की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद से वह गोगी गिरोह के खिलाफ रंजिश रखने लगा था। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपी आजकल अपराध करने की साजिश रच रहे थे।

## नकली ईनो और नैस्कैफे बनाने वाले रैकेट का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने नकली ईनो और नैस्कैफे कॉफी बनाने वाले रैकेट का भंडाफोड़ करते हुये चार लोगों को पकड़ा है। इनके नाम उत्तम दास (23), पपाई दास बाराग्या उर्फ पंकज (19), नितिन भारद्वाज (38) और संजय बंसल (50) बताये गये हैं। इनके पास से कंप्रेसर के साथ तीन सिंगल ट्रैक फिलिंग मशीनें, करीब एक लाख ईनो सैशे, 50 हजार नैस्कैफे कॉफी सैशे, कच्चा माल, दो हॉट गन और अन्य सामान बरामद किया है। बरामद सामान की कीमत करीब 20 लाख रुपये बताई गई है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह नकली सामान अलग अलग राज्यों में सप्लाई करते थे।

डीसीपी राहुल अलवाल के अनुसार सूचना मिली थी कि मधु विहार स्थित एक परिसर में दो अवैध निर्माण इकाइयां चलने की सूचना मिली थी। एक टीम द्वारा छापेमारी की कार्रवाई अमल में लाई गई। टीम ने मौके पर देखा कि आरोपी उत्तम दास एक मजदूर पपाई दास बाराग्या उर्फ पंकज की मदद से नकली ईनो पाउडर और नैस्कैफे कॉफी बनवा कर उसकी पैकेजिंग कर रहा था। पूछताछ के दौरान उत्तम दास और पपाई दास ने खुलासा किया कि ये इकाइयां पिछले दो महीनों से दो किराए के टू-बीएचके फ्लैटों में नितिन भारद्वाज के निर्देश पर चल रही थी। इसके बाद टीम ने नितिन भारद्वाज को देहरादून से पकड़ा। पूछताछ में उसने संजय बंसल के बार में बताया। बंसल को कश्मीरी गेट के पास से पकड़ा गया। इस रैकेट में शमिल अन्य लोगों के बारे में जानकारी इकट्ठा करने का प्रयास पुलिस कर रही है।

## एनडीएमसी स्कूलों ने कक्षा 10 के परिणामों में हासिल की उत्कृष्ट उपलब्धि

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने अपने स्कूलों में कक्षा 10वीं के उत्कृष्ट शैक्षणिक परिणामों के साथ शिक्षा के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। एनडीएमसी प्रशासन ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि विद्यार्थियों और विद्यालयों के असाधारण प्रदर्शन से यह स्पष्ट होता है कि एनडीएमसी प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समग्र विकास प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। एनडीएमसी के लिए यह गर्व का क्षण था जब किदवई नगर स्थित अटल आदर्श विद्यालय की छात्रा सुप्रिया लोहानी ने बोर्ड परीक्षा में 500 में से 462 अंक (92.4 प्रतिशत) प्राप्त कर सभी एनडीएमसी स्कूलों के विद्यार्थियों में शीर्ष स्थान हासिल किया। उनकी यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है और यह कठिन परिश्रम, समर्पण तथा शिक्षकों और अभिभावकों के उचित मार्गदर्शन का प्रमाण है। एनडीएमसी के अध्यक्ष केशव चंद्रा ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों, प्रधानाचार्यों, अभिभावकों और शिक्षा अधिकारियों को इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह परिणाम एनडीएमसी के शिक्षा विभाग के समर्पित प्रयासों का प्रतिबिंब है, जो शैक्षणिक मानकों को मजबूत करने, आधुनिक शिक्षण पद्धतियों को अपनाने और विद्यार्थियों के समर्थन तंत्र को सुदृढ़ करने में निरंतर कार्यरत है। एनडीएमसी प्रशासन ने बताया कि एक अन्य ऐतिहासिक उपलब्धि में, एनडीएमसी के सभी अटल आदर्श विद्यालयों ने पहली बार 100 प्रतिशत परिणाम दर्ज किया। यह ऐतिहासिक सफलता मजबूत शैक्षणिक आधार, अनुशासित वातावरण और शिक्षा में उत्कृष्टता के प्रति स्कूलों की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उतना ही सराहनीय प्रदर्शन एनडीएमसी के डे टाइम स्कूल का भी रहा, जिसे ड्रॉपआउट विद्यार्थियों के कल्याण और शिक्षा के लिए स्थापित किया गया है, जिसने भी 100 प्रतिशत परिणाम प्राप्त किया। यह उपलब्धि एनडीएमसी के समावेशी शैक्षणिक दृष्टिकोण और हर बच्चे को मुख्यधारा की शिक्षा से जोड़ने के उसके मिशन को प्रदर्शित करती है।

# पाकिस्तानी गैंगस्टर शाहजाद भट्टी से जुड़े दो गुर्गे गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



स्पेशल सेल ने आईएसआई के लिए काम करने वाले पाकिस्तानी गैंगस्टर शाहजाद भट्टी से जुड़े एक आपराधिक मॉड्यूल का भंड़ाफोड़ किया है। इस सिलसिले में दो गुर्गों को गिरफ्तार किया गया। इस गिरफ्तारी से दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में गोलीबारी/ग्रेनेड हमले और लक्षित हत्याओं की साजिश का खुलासा हुआ है। गिरफ्तार लोगों के नाम ग्वालियर निवासी राजवीर (21 ) और विवेक बंजारा (19) पता चलें।


स्पेशल सेल के डीसीपी प्रवीण कुमार त्रिपाठी ने बताया कि खुफिया जानकारी मिली थी कि पाकिस्तान स्थित गैंगस्टर शाहजाद भट्टी और आईएसआई के अन्य एजेंट भारत के अपने कुछ सहयोगियों के साथ मिलकर, दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र और आसपास के इलाकों में ग्रेनेड हमले और लक्षित हत्याओं को अंजाम देने की आपराधिक साजिश रच रहे हैं। इस संबंध में 31 मार्च को भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। अधिकारी ने बताया कि इसके बाद पता चला कि एक आरोपी बंजारा ग्वालियर जिले के डबरा में है जिसके बाद 16 अप्रैल को उसे गिरफ्तार कर लिया गया। अदालत में पेश करने पर उसकी पांच दिन की पुलिस रिमांड मिली थी। बंजारा से पूछताछ के आधार पर राजवीर को 18 अप्रैल को सराय काले खां इलाके से गिरफ्तार किया गया। राजवीर शाहजाद भट्टी के निर्देशानुसार दिल्ली/एनसीआर क्षेत्र के किसी प्रमुख होटल पर गोलीबारी करने की फिराक में था। उसके पास से एक पिस्तौल और छह कारतूस तथा दो मोबाइल फोन बरामद हुये। इसके साथ ही कुछ आपत्तिजनक वीडियो और वॉइस नोट भी मिले। जांच में पता चला कि राजवीर को सोशल मीडिया पर शाहजाद भट्टी के सहयोगी 'राणा भाई' ने भर्ती किया था और बाद में राजवीर ने बंजारा को 'राणा भाई' और भट्टी से मिलवाया। गत माह भट्टी ने राजवीर को अहमदाबाद से हथियार लाने के लिए किसी को भेजने का निर्देश दिया था। राजवीर ने विवेक को अहमदाबाद भेजा। हालांकि, हथियार पहुंचाने का काम पूरा नहीं हो सका और भट्टी ने विवेक के अहमदाबाद में रहने के लिये खर्चे का इंतजाम किया था। नौ अप्रैल को भट्टी के निर्देश पर ही राजवीर और बंजारा अमृतसर गए और एक पिस्तौल, 15-20 कारतूस और 20 हजार रुपये प्राप्त किए। यह हथियार राजवीर को पंजाब में एसएएस नगर के जीरकपुर स्थित एक क्लब पर गोलीबारी करने के लिए दिया गया था। पुलिस ने बताया कि इस क्लब को भट्टी से रंगदारी की धमकियां मिली थीं और 11 अप्रैल को राजवीर ने क्लब पर गोलीबारी की कोशिश की लेकिन पिस्तौल में कुछ तकनीकी खराबी के कारण वह इसे पूरा नहीं कर सका।

डीसीपी ने बताया कि इसी बीच विवेक ने घटना का वीडियो बनाकर शाहजाद भट्टी को भेजा था। उन्होंने बताया कि राजवीर ने दिल्ली जाते समय रास्ते में कहीं हथियार छिपा दिया और उस जगह की जानकारी भट्टी को भेजी। अधिकारी ने बताया कि दिल्ली/एनसीआर में तीन-चार दिन रहने के बाद राजवीर फरीदकोट गया और भट्टी द्वारा भेजे गए एक व्यक्ति से एक पिस्तौल और छह कारतूस प्राप्त किए। वह दिल्ली एनसीआर क्षेत्र के किसी प्रमुख होटल को निशाना बनाने के इरादे से वापस दिल्ली लौटा था। हालांकि अपने इस काम को अंजाम देने से पहले ही उसे गिरफ्तार कर लिया गया।


### कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 92 दिनांक 15.04.2026 धारा 127(6) BNS 2023 थाना अर्बन एस्टेट रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान बारे**



नाम-अशोक कुमार
पिता/पति - S/O औमप्रकाश
पता - निवासी म:न0 248/35 जनता कालोनी जिला रोहतक।
उम्र- 46 वर्ष ।
कद - 5 फुट 8 ईंच ।
हुलिया - रंग गोरा, गोल चेहरा, हष्ट-पुष्ट शरीर।
पहनावा - सफेद कुता पाजामा पहने रखा है, पैरों में हवाई चप्पल पहन हुए है।

दिनांक 15.04.2026 को अशोक कुमार पुत्र औमप्रकाश निवासी म.न. 248/35 जनता कालोनी रोहतक बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।

1. प्रबन्धक थाना अर्बन एस्टेट रोहतक- 7082999122
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना अर्बन एस्टेट रोहतक- 7082999143

### कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 269 दिनांक 10.07.2026 धारा 302 IPC थाना कलानौर रोहतक ।**

**माननीय अदालत द्वारा PO घोषित करने बारे**



नाम - तेजबीर उर्फ सोनू
पिता/पति- महा सिंह
पता - निवासी निगांणा कलानोर जिला रोहतक
उम्र-39 वर्ष
कद- 5 फुट 8 ईंच ।
हुलिया - रंग सावंला, लम्बुतरा चेहरा व पतला-फुर्तीला शरीर, हाथ की बाजू पर B निशान गुदा हुआ

दिनांक 20.03.2026 को तेजबीर उर्फ सोनू पुत्र महासिंह निवासी गांव निंगाणा कलानौर जिला रोहतक को मुकदमा न0 269 दिनांक 10-07-2026 धारा 302 IPC में माननीय अदालत श्री अजय तेवतिया सैशन जज रोहतक की अदालत में गैर-हाजिर होने उपरांत P.O घोषित किया गया है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।

1. प्रबन्धक थाना कलानौर रोहतक- 7082999126
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना कलानौर रोहतक 9812089152

पीआरडीएच-1084/11/4700/2027/44729/88/7 दि. 21.04.2026

## प्रधानमंत्री के किसान कल्याण विजन को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है दिल्ली सरकार

# ‘किसानों को फसल का उचित मूल्य दिलाना केंद्र सरकार की प्राथमिकता’

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के किसान कल्याण और आय सुरक्षा के विजन का उल्लेख करते हुए कहा कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाना केंद्र सरकार की प्राथमिकता रही है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने किसानों को उनकी फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) दिलाने की पहल करते हुए मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार भी इसी दृष्टिकोण के अनुरूप किसानों के हितों की रक्षा और उनकी आय सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

यह पहल उसी दिशा में एक ठोस और प्रभावी कदम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस निर्णय से दिल्ली के किसानों को सीधा लाभ मिलेगा और उन्हें अपनी उपज का उचित एवं सुनिश्चित मूल्य प्राप्त हो सकेगा, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और कृषि क्षेत्र को नई गति मिलेगी। रेखा गुप्ता ने बताया कि उनके अनुरोध को स्वीकार करते हुए केंद्र सरकार ने दिल्ली में भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के जरिए गेहूं की सरकारी खरीद फिर से शुरू करने का फैसला लिया है। इस फैसले से किसानों को उनकी फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) मिल सकेगा और स्थानीय कृषि व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्र सरकार का धन्यवाद किया।

### 24 से नरेला के एफसीआई डिपो और नजफगढ़ मंडी में होगी खरीद

मुख्यमंत्री के इस आग्रह पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए केंद्र सरकार ने एफसीआई को निर्देश जारी किए हैं कि रबी विपणन सत्र 2026-27 में दिल्ली में गेहूं खरीद की प्रक्रिया शुरू की जाए। इसके तहत 24 अप्रैल 2026 से दिल्ली में दो प्रमुख स्थानों, नरेला स्थित एफसीआई डिपो और नजफगढ़ मंडी में खरीद केंद्र संचालित किए जाएंगे, जिससे किसानों को उनके निकट ही अपनी उपज बेचने की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

### आधार कार्ड, भूमि अभिलेख की प्रति और बैंक पासबुक लेकर आए

मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार, किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए आधार कार्ड, भूमि अभिलेख की प्रति और बैंक पासबुक साथ लानी होगी। सरकार द्वारा गांव-वार खरीद कार्यक्रम शीघ्र जारी किया जाएगा। सरकार ने किसानों से अपील की है कि वे निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार ही खरीद केंद्रों पर पहुंचें ताकि किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके। इस पहल से दिल्ली के लगभग 21 हजार किसानों को सीधा लाभ मिलने का अनुमान है।

### 29 हजार हेक्टेयर भूमि पर होती है कृषि

मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार, वर्ष 2021-22 के बाद दिल्ली में एफसीआई की ओर से एमएसपी पर गेहूं की खरीद फिर से शुरू की जा रही है। राजधानी में लगभग 29 हजार हेक्टेयर भूमि पर कृषि होती है। प्रतिवर्ष लगभग 80 हजार मीट्रिक टन गेहूं का उत्पादन होता है, जो स्थानीय खपत से अधिक है और बाजार में बेचने के लिए उपलब्ध रहता है।

### किसानों को उनकी उपज का मिलेगा सही मूल्य मिलेगा

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भरोसा जताया कि केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से दिल्ली के किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य मिलेगा और वे अधिक सशक्त बनेंगे। उन्होंने कहा कि यह कदम किसानों के कल्याण और उनकी आय को सुरक्षित करने के प्रति केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता को दिखाता है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में किसानों के हितों को प्राथमिकता दी जा रही है और यह फैसला उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## दवाओं की अवैध बिक्री पर की जाएगी सख्त कार्रवाई: पंकज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ छापेमारी में 104 प्रकार की दवाइयाँ जांच के लिए की गई जब्त

किसी भी प्रकार का उल्लंघन, विशेषकर दवाओं की अवैध बिक्री या वितरण, पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने मंगलवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार जनस्वास्थ्य की सुरक्षा तथा दवाओं की बिक्री को पूर्णतः कानून के अनुरूप सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। स्वास्थ्य मंत्री कार्यालय के अनुसार, दिल्ली सरकार के ड्रग कंट्रोल विभाग ने शाहदरा, दिल्ली में दवाओं की अवैध बिक्री के विरुद्ध सफल प्रवर्तन कार्रवाई की। बिना वैध लाइसेंस दवाओं की अवैध बिक्री किए जाने संबंधी गुप्त सूचना के आधार पर ड्रग निरीक्षकों की एक टीम ने शाहदरा स्थित गांव खुरेजी की राशिद मार्केट के एक परिसर पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान बिक्री हेतु रखी गई 104 प्रकार की दवाइयाँ जांच के लिए जब्त की गईं। इसके अतिरिक्त, परिसर से 23 एक्सपायर्ड दवा सामग्री भी बरामद की गई। मंत्री ने कहा कि हम सभी हितधारकों से तय मानकों का पालन करने तथा नागरिकों से सतर्क रहकर ऐसी किसी भी अनियमितता की सूचना देने की अपील करते हैं। चयनित दवाओं के नमूने गुणवत्ता परीक्षण हेतु लिए गए तथा डिकॉय ऑपरेशन में उपयोग की गई चिन्हित मुद्रा भी आरोपी से बरामद की गई। उक्त व्यक्ति बिक्री, भंडारण अथवा वितरण हेतु कोई वैध ड्रग लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका, जिससे ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट के प्रावधानों का उल्लंघन सिद्ध हुआ।

कार्रवाई के दौरान एक डिकॉय ग्राहक भेजा गया, जिसने बिना चिकित्सकीय पर्चे और बिना कैश मेमो के कई दवाइयाँ खरीदकर अवैध बिक्री की पुष्टि की। निरीक्षण के दौरान परिसर में अवैध रूप से दवाइयाँ बेचने और संचालित करते हुए पाया गया। आगे की जांच में यह सामने आया कि उक्त परिसर पूर्व में वैध ड्रग लाइसेंस के अंतर्गत संचालित हो रहा था, जिसे सक्षम प्राधिकारी द्वारा सितंबर 2024 में निरस्त कर दिया गया था।

## दिल्ली में आवारा कुत्तों की बढ़ती समस्या पर मुख्य सचिव से मिले विजय गोयल

नई दिल्ली। दिल्ली में आवारा कुत्तों के काटने की बढ़ती घटनाओं को लेकर मंगलवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल ने दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव राजीव वर्मा से दिल्ली सचिवालय में मुलाकात की। गोयल ने मुख्य सचिव को दिए ज्ञापन में स्पष्ट कहा कि आवारा कुत्तों के संबंध में सुप्रीम कोर्ट की हिदायतों की लगातार अवमानना हो रही है। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने इस विषय पर तीन स्पष्ट निर्देश दिए हैं - सार्वजनिक स्थानों से आवारा कुत्तों को हटाकर सीधे शेल्टर होम भेजा जाए और उन्हें वापस न छोड़ा जाए। आक्रामक एवं काटने वाले कुत्तों को भी स्थायी रूप से शेल्टर होम में रखा जाए। सड़कों, सोसाइटी एवं अपार्टमेंट्स में कुत्तों को खाना खिलाना प्रतिबंधित है; यह केवल दिल्ली नगर निगम द्वारा निर्धारित फीडिंग सेंटरों पर ही किया जा सकता है। गोयल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया है कि इन निर्देशों का पालन न करने वालों के खिलाफ प्रशासन एवं पुलिस द्वारा कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल ने मुख्य सचिव को अवगत कराया कि इन सभी निर्देशों का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है। कुछ व्यक्ति एवं संस्थाएं सोशल मीडिया पर गलत जानकारी फैला रहे हैं कि सोसाइटी और अपार्टमेंट्स में आवारा कुत्तों को खिलाया जा सकता है और आरडब्ल्यूए उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं कर सकती, जबकि वास्तविकता यह है कि आरडब्ल्यूए को ऐसे मामलों में कार्रवाई करने और एफआईआर दर्ज कराने का पूरा अधिकार है।

# दिल्ली में ‘चीफ मिनिस्टर्स अवॉर्ड्स’ से सम्मानित हुए 35 अधिकारी

## उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री ने बेहतरीन कार्य करने वाले सरकारी कर्मचारियों को सौंपे मेडल एवं प्रशस्ति पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




सिविल सेवा दिवस के अवसर पर मंगलवार को दिल्ली में एक अहम और नई पहल की शुरुआत हुई। इस दौरान दिल्ली के उपराज्यपाल सरदार तरनजीत सिंह संधू और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने प्रशासनिक क्षेत्र में बेहतरीन और नवाचारी काम करने वाले सरकारी कर्मचारियों को सम्मानित किया।

पहली बार ‘चीफ मिनिस्टर्स अवॉर्ड्स फॉर एक्सीलेंस ऐंड इनोवेशन इन गवर्नेंस ऐंड पब्लिक सर्विस डिलीवरी 2026’ दिए गए। ये पुरस्कार उन लोक सेवकों को दिए गए हैं, जिन्होंने शासन और सार्वजनिक सेवाओं में सुधार लाने के लिए खास और प्रभावी काम किया। उपराज्यपाल संधू ने कहा कि जनता का विश्वास ही सिविल सेवा की सबसे बड़ी ताकत है। वहीं, मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाना ही दिल्ली सरकार का लक्ष्य है और अधिकारी शासन की रीढ़ है। उन्होंने उल्लेख किया कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ‘प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार’ की शुरुआत की गई थी और उसी भावना से प्रेरित होकर दिल्ली सरकार ने इन पुरस्कारों को देने का निर्णय लिया है। कार्यक्रम का आयोजन प्रशासनिक सुधार विभाग ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में किया।

कार्यक्रम के दौरान शासन व्यवस्था में सुधार और पब्लिक सर्विस डिलीवरी को सुगम बनाने वाले अधिकारियों को उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। दिल्ली सरकार ने घोषणा की है कि प्रशासनिक दक्षता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ये पुरस्कार अब हर साल ‘सिविल सेवा दिवस’ के अवसर पर दिए जाएंगे, जिनकी घोषणा प्रतिवर्ष अप्रैल माह में की जाएगी।

### तीन श्रेणियों में दिए गए पुरस्कार

इस वर्ष ये पुरस्कार तीन प्रमुख श्रेणियों में दिए गए। पहली श्रेणी में दिल्ली सरकार के अंतर्गत कार्यरत सभी ग्रुप ए, बी और सी के अधिकारी और कर्मचारी शामिल रहे। दूसरी श्रेणी में स्वास्थ्य, इंजीनियरिंग, आईटी और पर्यावरण से जुड़े अधिकारी और कर्मचारी रखे गए। वहीं, तीसरी श्रेणी में स्वायत्त निकायों, स्थानीय निकायों, सार्वजनिक उपक्रमों (पीएसयू) और विश्वविद्यालयों के अधिकारी और कर्मचारी शामिल किए गए। प्रत्येक श्रेणी में अधिकतम 10 पुरस्कार प्रदान किए गए है।

इस अवसर पर उपराज्यपाल सरदार तरनजीत सिंह संधू ने कहा कि सिविल सेवा केवल प्रशासनिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि जनता के विश्वास को निभाने का दायित्व है।

आज के समय में सुशासन की वास्तविक कसौटी यह है कि सेवाएं कितनी पारदर्शिता, संवेदनशीलता और समयबद्धता के साथ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचती हैं। बदलते हुए प्रशासनिक परिदृश्य में सिविल सेवकों की भूमिका पारंपरिक सीमाओं से आगे बढ़कर अधिक उत्तरदायी, परिणामोन्मुख और नागरिक केंद्रित हो गई है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि सिविल सेवा केवल एक करियर नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का संकल्प है। दिल्ली सरकार का लक्ष्य ‘अंतिम व्यक्ति’ तक सेवा पहुंचाना है और इसमें हमारे अधिकारियों की भूमिका रीढ़ की हड्डी के समान है। इनोवेशन और जन-केंद्रित नीतियों के माध्यम से हम दिल्ली को विश्वस्तरीय मानकों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## खबर संक्षेप

### ‘एमसीडी के अब विकसित दिल्ली की ओर तेज़ कदम’

**नई दिल्ली**। दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कहा कि एमसीडी में पिछले एक वर्ष के दौरान जो बदलाव देखने को मिला है, वह केवल प्रशासनिक सुधार नहीं बल्कि एक व्यापक परिवर्तन की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेतृत्व में निगम ने वर्षों से चली आ रही समस्याओं पर निर्णायक प्रहार करते हुए न केवल व्यवस्था को पटरी पर लाया, बल्कि उसे विकास की नई दिशा भी दी है। यह परिवर्तन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ‘विकसित भारत’ विजन, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व का परिणाम है, जिसने एमसीडी को नई ऊर्जा और स्पष्ट लक्ष्य प्रदान किया है। सत्या शर्मा ने कहा कि सरकार बनते ही आम जनता को राहत देना प्राथमिकता रही और घर-घर कूड़ा उठाने पर लगाए गए यूजर चार्ज को समाप्त कर करोड़ों दिल्लीवासियों को सीधे लाभ पहुंचाया गया।

### आप प्रदेश अध्यक्ष ने साधा भाजपा पर निशाना

**नई दिल्ली**। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने ‘आप’ मुख्यालय पर प्रेसवार्ता कर कहा कि आबकारी मामले से खुद को अलग नहीं करने के जज स्वर्ण कांता शर्मा के फैसले को सही बता रही भाजपा पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि जज स्वर्ण कांता शर्मा को केस से हटने के लिए अरविंद केजरीवाल के बताए 10 वाजिब कारण ही पर्याप्त हैं। कोर्ट में पक्षपात साबित करना जरूरी नहीं है। जज का आरएसएस के अधिवक्ता परिषद के प्रोग्राम में कई बार जाना और उनके दोनों बच्चों का केंद्र सरकार के पैनल में होना प्रमुख कारण है।

## एबीवीपी ने मांगों को लेकर निकाला ‘छात्र अधिकार मार्च’

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी), दिल्ली ने मंगलवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों की मूलभूत समस्याओं और अधिकारों को लेकर विश्वविद्यालय परिसर में विशाल 'छात्र अधिकार मार्च' का आयोजन किया। इस विरोध प्रदर्शन में विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों से आए हजारों छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

एबीवीपी दिल्ली प्रांत मंत्री सार्थक शर्मा ने कहा कि यह 'छात्र अधिकार मार्च' दिल्ली विश्वविद्यालय प्रशासन की उदासीनता के विरुद्ध छात्रों का एक निर्णायक शंखनाद है। एबीवीपी ने जिन 12 मांगों को उठाया है, वे छात्रों के भविष्य और उनकी सुरक्षा से जुड़ी हुई हैं। हमारे आंदोलन के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर यह मांग की कि यदि प्रशासन इन 12 मांगों पर तत्काल सकारात्मक कदम नहीं उठाता है, तो एबीवीपी छात्र हितों की रक्षा के लिए और भी उग्र आंदोलन करेगी। हम विश्वविद्यालय को पूरी तरह सुरक्षित, समावेशी और छात्र-केंद्रित बनाने के संकल्प से पीछे नहीं हटेंगे।

# कानूनों की स्पष्टता और सटीकता में होती है लोकतंत्र की ताकत : विजेंद्र गुप्ता

## ‘प्राइड’ कार्यक्रम के तहत 18 देशों के 43 प्रतिनिधियों का विधानसभा दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



विधायी मसौदा-निर्माण लोकतांत्रिक शासन का मूल है, किसी कानून की सटीकता ही तय करती है कि वह अधिकारों की रक्षा कितनी प्रभावी ढंग से करता है, जवाबदेही सुनिश्चित करता है और आम नागरिकों के जीवन को कैसे प्रभावित करता है।

लोकतंत्र की ताकत उसके कानूनों की स्पष्टता और सटीकता में होती है। दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने मंगलवार को दिल्ली विधान सभा के दौरे पर आए 18 देशों के 43 प्रतिनिधियों के दल को संबोधित करते हुए यह बात कही। ये प्रतिनिधि बांग्लादेश, भूटान, ओमान, केन्या, श्रीलंका, फिलीपींस और तंजानिया सहित विभिन्न देशों से आए थे और लोकसभा सचिवालय के संसदीय अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड) द्वारा आयोजित 37वें अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि विधानसभा पुस्तकालय का डिजिटाइजेशन कार्य प्रगति पर है, जिससे शोध कार्य में मदद मिलेगी और अभिलेख सुरक्षित रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने विधायी मसौदा-निर्माण की भूमिका पर जोर दिया। गुप्ता ने सौर ऊर्जा संचालित, पेपरलेस विधानसभा पर प्रकाश डाला। पुस्तकालय डिजिटाइजेशन और संग्रहालय परियोजना जारी करते हुए विजेन्द्र गुप्ता ने विठ्ठलभाई पटेल और गांधी को याद किया।

उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा का इतिहास आज भी सीख देता है। गुप्ता ने बताया कि विधानसभा परिसर को एक विरासत स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां एक संग्रहालय बनाया जा रहा है जो विधानसभा की यात्रा को दर्शाएगा। इसके अलावा, इसके इतिहास को जनता तक पहुंचाने के लिए लाइट एंड साउंड शो की भी योजना बनाई जा रही है।

## ‘टैप-एंड-गो’ से दिल्ली की महिलाओं का सफर हुआ हाईटेक

# ‘पिंक सहेली स्मार्ट कार्ड’ योजना के तहत पांच लाख से अधिक कार्ड जारी : मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली सरकार की महत्वाकांक्षी ‘पिंक सहेली स्मार्ट कार्ड’ योजना के तहत अब तक 5 लाख से अधिक महिलाओं को कार्ड जारी किए जा चुके हैं। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार कुल 5 लाख 30 हजार महिलाओं ने इस सुविधा को अपनाया है, जिनमें से सभी कार्ड वर्तमान में सक्रिय रूप से उपयोग किए जा रहे हैं।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस उपलब्धि पर कहा कि यह न केवल इस योजना की सफलता को प्रमाणित करती है, बल्कि दिल्ली की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था पर महिलाओं के बढ़ते भरोसे और सक्रिय भागीदारी को भी दर्शाती है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार दिल्ली की हर बेटी और महिला की सुरक्षा, सुविधा और आत्मनिर्भरता के लिए प्रतिबद्ध है। ‘पिंक सहेली स्मार्ट कार्ड’ केवल मुफ्त यात्रा का पास नहीं है, बल्कि यह महिलाओं को एक डिजिटल पहचान और सम्मानजनक सफर का अनुभव देने वाला सशक्त माध्यम है। जब परिवहन सुलभ और सुरक्षित होता है तो महिलाओं के लिए शिक्षा, रोजगार और प्रगति के अवसर अपने आप ही बढ़ जाते हैं।

इस पहल से महिलाएं आज अधिक आत्मनिर्भर महसूस कर रही हैं, जो ‘विकसित दिल्ली’ की पहचान है।

### योजना की मुख्य विशेषताएं और प्रभाव

यह ‘टैप-एंड-गो’ तकनीक पर आधारित एनसीएमसी कार्ड है। अब महिलाओं को कागजी टिकट लेने की जरूरत नहीं है। केवल ईटीएम मशीन पर कार्ड टैप करें और अपनी सीट लें। इस कार्ड की मदद से महिलाओं और ट्रांसजेंडर लोगों को बस में मुफ्त यात्रा करने की सुविधा मिल रही है। साथ ही यही स्मार्ट कार्ड भुगतान देकर मेट्रो और अन्य पब्लिक ट्रांसपोर्ट में भी इस्तेमाल किया जा सकेगा। यह योजना 5 वर्ष से अधिक उम्र की दिल्ली की सभी महिलाओं और ट्रांसजेंडर निवासियों के लिए है।

## ‘मानसून से पहले निकाली जाए नालों व नालियों से गाद’

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ संजीव खिरवार ने दक्षिणी ज़ोन में निरीक्षण कर की कार्यों और नागरिक सुविधाओं की समीक्षा

दिल्ली के सभी नालों व नालियों की गाद निकालने और सड़क कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर बिना गुणवत्ता से समझौता किए पूरे किए जाएं। दिल्ली में मानसून संबंधी तैयारियों को लेकर दिल्ली नगर निगम के आयुक्त संजीव खिरवार ने मंगलवार को दक्षिणी ज़ोन में व्यापक निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश देते हुए यह बात कही। उन्होंने यहां चल रहे कार्यों और नागरिक सुविधाओं की भी समीक्षा की। निगम प्रशासन ने प्राप्त जानकारी के अनुसार निरीक्षण अभियान का मुख्य उद्देश्य मुख्यमंत्री विकास निधि (सीएमडीएफ) के अंतर्गत चल रहे कार्यों की प्रगति, नालों की सफाई व्यवस्था संबंधी कार्यों और स्वच्छता कर्मियों की समीक्षा रहा। निगम आयुक्त संजीव खिरवार ने ग्रीन पार्क और आसपास के क्षेत्रों में सीएमडीएफ के तहत चल रही कई सड़क परियोजनाओं का गहन निरीक्षण किया। इस अवसर पर दक्षिणी ज़ोन उपायुक्त राकेश कुमार एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम भी मौजूद रही। इस दौरान चल रहे कार्यों की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त करते हुए निगम आयुक्त खिरवार ने इंजीनियरिंग विभाग को शेष परियोजनाओं में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए, ताकि आम जनता को आवाजाही की सुविधा हो सके। निगम आयुक्त ने इन कार्यों को शीघ्र पूरा करने की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि शहर की जल निकासी व्यवस्था पूरी तरह सुचारु रह सके।

सभा में पटौदी हरिमंदिर आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव महाराज जी विशेष रूप से पहुंचे और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए गहलोत जी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर अपने आशीर्वचन कहे। गुरुद्वारा कमेटी द्वारा गुरुवाणी शबद कीर्तन एवं दिल्ली से आए सागर बंधुओ के पाठ स्वर से सभा आलोकित रही।

श्रद्धांजलि सभा में बोले स्वामी धर्मदेव महाराज जी

# दक्षिण हरियाणा की आवाज थे स्व. चौ. गोपीचंद गहलोत जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

हरियाणा के पूर्व डिप्टी स्पीकर एवं भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य स्व. चौ. गोपीचंद गहलोत एडवोकेट जी की श्रद्धांजलि सभा एवं रस्म-पगड़ी का आयोजन सेक्टर 34 में स्थित डीपीजी आईटीएम इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रांगण में किया गया। इस सभा में पटौदी हरिमंदिर आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव महाराज जी विशेष रूप से पहुंचे और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए गहलोत जी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर अपने आशीर्वचन कहे।




## पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए

इस अवसर पर हरियाणा सहित अन्य राज्यों के मंत्री, नेता व पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभा स्थल पर सभी ने दिवंगत गहलोत जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की। हरियाणा के अतिरिक्त दिल्ली, यूपी और राजस्थान के कई दिग्गज नेता शामिल हुए। इसमें भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुरेश जैन, प्रांतीय स्वयं संघ चालक प्रताप यादव, भारत विकास परिषद दक्षिण प्रांत के अध्ययक्ष ऋषि अग्रवाल, हरियाणा में मंत्री रणवीर गंगवा, हरियाणा सरकार में मंत्री कृष्ण लाल पँवार, राजस्थान से पूर्व सांसद सुखबीर जौनापुरिया, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु, पूर्व मंत्री जेपी दलाल, पटौदी से विधायक विमला चौधरी, पूर्व मंत्री एवं विधायक अशोक अरोड़ा, पूर्व मंत्री जाकिर हुसैन, मेयर प्रवीण जोशी, भाजपा के वरिष्ठ नेता महेश चौहान, पूर्व मेयर मधु आजाद, पूर्व डिप्टी स्पीकर संतोश यादव एवं आजाद मोहम्मदा सुरेश आदि ने पहुंचकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए श्रद्धा के सुमन अर्पित किए।

## दलित, व्यापारियों व आम लोगों की आवाज उनकी रगों में था

*अशोक दिवाकर ने कहा कि गहलोत जी के चले जाने की खबर हमारे लिए बहुत दुखदायी है। गहलोत जी का जाना परिवार के लिए ही नहीं, पूरे समाज और प्रदेश के लिए बड़े दुःख का विषय है। इनका निधन एक तरीके से राजनीतिक क्षेत्र में एक युग का अंत है। कहा कि मुझे उनके साथ एक नेता तौर पर काम करने का अवसर मिला। वह बहुत जिंदादिल इंसान थे। वह हरियाणा के वरिष्ठतम नेताओं में से एक थे। गरीब, दलित, व्यापारियों और आम लोगों की आवाज उठाना उनकी रगों में बसा हुआ था।*



## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय जल संरक्षण आंदोलन को मिला बल

**गुरुग्राम।** जैगुआर आईपीए नीराथॉन-रन फॉर वाटर के तीसरे संस्करण में 2,500 से अधिक धावकों ने भाग लिया। जो सतत जल उपयोग और संरक्षण के उद्देश्य से एकजुट थे। इंडियन प्लंबिंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित और जैगुआर ग्रुप के शीर्षक प्रायोजक के रूप में, नीराथॉन ने सेव वाटर अभियान की बढ़ती गति को और मजबूत किया। यह पहल जैगुआर ग्रुप के संस्थापक एनएल मेहरा की स्मृति में की जा रही है।



### जीवन से जुड़े रहने के लिए आवश्यक है सुनना

**गुरुग्राम।** भारतीय टीम के क्रिकेट लीजेंड सैयद किरमानी ने कहा कि अच्छी तरह सुनना जीवन से जुड़े रहने के लिए जरूरी है। उन्हें गर्व है कि वे ऐसे विजन से जुड़े हैं जो लोगों को सुनने की क्षमता को प्राथमिकता देने और उन्नत देखभाल का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करता है। किरमानी ने यह बात सेंटर फॉर हियरिंग के नोएडा के नए सेंटर के उद्घाटन करते हुए कही।



### 3 माह में 14 मोस्टवांटेड अपराधी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त फरीदाबाद सतेंद्र कुमार गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में फरीदाबाद पुलिस द्वारा सक्रिय आरोपियों पर लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। 1 जनवरी से 31 मार्च 2026 के बीच पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 25000 का एक व 5000 के 13 मोस्ट वांटेड अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है, इसी प्रकार 12 गैंग पर प्रहार कर 26 को गिरफ्तार किया है।



### फोन व स्कूटी लूटने के मामले में 3 गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** बीते 7 अप्रैल को एनएचपीसी चौक के पास डिलीवरी बॉय से फोन व स्कूटी लूट ली गई थी। घटनाक्रम के संबंध में क्राईम ब्रांच सेक्टर-48 की टीम ने 3 आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान रोहित, श्रवण व प्रिंस के रुप में हुई है। पूछताछ में सामने आया कि तीनों आरोपी दोस्त है। जिन्होंने 7 अप्रैल की रात को शिकायतकर्ता के साथ मारपीट कर उसका फोन व स्कूटी छीना था।



### नकदी व आभूषण चोरी के मामले 3 गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** बीते 16 फरवरी को पल्ला थाना के अंतर्गत सूर्य विहार पार्ट 2 स्थित एक घर से नकदी व आभूषण चोरी करने के मामले में क्राईम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने कुलदीप, विनोद व ताबिर निवासी पल्ला फरीदाबाद को जिला जेल फरीदाबाद से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया।

जलभराव और सीवरेज प्रबंधन को लेकर डीसी ने किया निरीक्षण

# जीपीआर तकनीक का उपयोग कर पुरानी सीवर लाइनों को सफाई करने के आदेश

डीसी आयुष सिन्हा ने निरीक्षण की शुरुआत सराय मेट्रो स्टेशन से की, जिसके बाद उन्होंने सेक्टर-16 नेशनल हाईवे, गुड ईयर चौक आदि का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद जिले में आगामी मानसून के दौरान जलभराव की समस्या के स्थाई समाधान और सीवरेज नेटवर्क को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से उपायुक्त आयुष सिन्हा ने आज फरीदाबाद के विभिन्न क्षेत्रों एनएचएआई और सर्विस रोड के साथ लगने वाले क्रिटिकल पॉइंट्स का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नेशनल हाईवे अथॉरिटी, फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, पंचायती राज विभाग तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

**ड्रेनों की स्थिति बारीकी से देखी:** डीसी आयुष सिन्हा ने निरीक्षण की शुरुआत सराय मेट्रो स्टेशन से की, जिसके बाद उन्होंने सेक्टर-16 नेशनल हाईवे, गुड ईयर चौक, बल्लभगढ़ सेक्टर-4 सर्विस रोड और इंडस्ट्रियल एरिया सेक्टर-59 का जायजा लिया। इसके उपरांत डीसी हाइवे रोड सीकरी, सीकरी ड्रेन और सीकरी गांव के जोहड़ पर पहुंचे। निरीक्षण के अंतिम चरण में बाटा चौक, राम नगर, सरपंच कॉलोनी तथा एनएच-19 संत नगर स्थित नालों एवं ड्रेनों की स्थिति को बारीकी से निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान डीसी आयुष सिन्हा ने स्पष्ट किया कि जल निकासी के लिए पिछली बार की तुलना में इस बार अतिरिक्त क्षमता वाले पंपों को लगाया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में स्थापित पंपों के अलावा 15000 लीटर प्रति मिनट, क्षमता के नए पंप के साथ अतिरिक्त मशीनरी लगाई जाएगी।



### सीवर लाइनों को मुख्य ट्रंक लाइन से जोड़ा जाए

आयुष सिन्हा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जीपीआर तकनीक का तुरंत उपयोग करें। उन्होंने कहा कि 6-7 मीटर नीचे दबी लाइनों को लोकेट करना अब मुश्किल नहीं है। उन्होंने कहा कि मैनुअल तरीके से पाइप या मैनहोल नहीं मिल रहे हैं, तो जीपीआर तकनीक से उनकी लोकेशन का पता लगाकर तत्काल सफाई और प्लगिंग का काम पूरा करें। निरीक्षण के दौरान एनएचएआई द्वारा डाली गई स्टॉर्म वॉटर और सीवर लाइनों पर भी चर्चा हुई। डीसी आयुष सिन्ह ने संज्ञान लिया कि एनएचएआई ने पहले से ही कुछ स्थानों पर लाइनें डाली हुई हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि इंटरनल गलियों की सीवर लाइनों को मुख्य ट्रंक लाइन से इस तरह जोड़ा जाए कि बारिश का पानी और सीवेज आपस में मिक्स न हो और ड्रेनेज सिस्टम पर अतिरिक्त बोझ न पड़े।

### संवेदनशील इलाकों में आसानी से समस्या को हल करें

डीसी आयुष सिन्हा ने निर्देश दिए कि संवेदनशील इलाकों जहां आसानी से समस्या को हल किया जा सकता है और विभाग की वजह से देरी होती है तो संबंधित विभाग पर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि लोवेस्ट हेड कैलकुलेशन के आधार पर पंपिंग क्षमता को बढ़ाना होगा। वर्तमान की क्षमता का आंकलन करते हुए इसमें और अधिक क्षमता वाले पंपों से जोडक़र क्षमता बढ़ाना सुनिश्चित करें, ताकि भारी बारिश के दौरान भी शहर में पानी जमा न हो।निरीक्षण के दौरान यह बात सामने आई कि कुछ स्थानों पर ग्रैविटी के माध्यम से पानी की निकासी संभव नहीं है। डीसी आयुष सिन्हा ने तकनीकी टीम को निर्देश दिए कि केवल एक पंप के भरोसे रहने के बजाय, जहां जगह उपलब्ध है, वहां अलग-अलग निकासी प्वाइंट बनाए जाएं।

परशुराम जयंती पर सामाजिक एकता का संदेश

# धार्मिक आयोजनों से होता है सकारात्मक ऊर्जा का संचार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

ब्राह्मण सभा के सानिध्य में आयोजित भगवान विष्णु के छठें अवतार परशुराम प्राकट्योत्सव के उपलक्ष्य में कार्यक्रम चला। ब्राह्मण के सभी राजनैतिक दलों के नेता, अधिकारी वर्ग, शिक्षाविद्, अधिवक्ता, कलम नवीस, उद्योगपति, व्यापारी, विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों के अलावा अन्य समाज के वरिष्ठ लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में सुबह गायत्री पीठ की टीम व ब्राह्मण समाज ने पांच कुंडलियां हवन-यज्ञ का आयोजन किया। वहीं शाम को बंचारी की ब्रज मंडली ने भगवान परशुराम के जीवन आधारित भजन प्रस्तुत किए।

## श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया

*समाज के लोगों ने भगवान परशुराम की प्रतिमा के समक्ष पुष्पमाला अर्पित कर नतमस्तक होकर आशीर्वाद लिया। इस दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक पं मूलचंद शर्मा ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और आपसी सौहार्द को मजबूती मिलती है। वहीं पूर्व विधायक पं. टेकचंद शर्मा ने भगवान परशुराम के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन सत्य, साहस और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष का प्रतीक है। गिरीश भारद्वाज ने कहा कि आज के समय में हमें इन आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने की आवश्यकता है।*



मांगों का सौंपा ज्ञापन

# सरकार से नाराज रिटायर कर्मचारियों ने डीसी आफिस पर दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

अखिल भारतीय राज्य सरकारी पेंशनर्स फेडरेशन के आह्वान पर मंगलवार को रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा के बेनर तले सैकड़ों पेंशनरों ने डीसी ऑफिस पर सांकेतिक धरना दिया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

जिला प्रधान नवल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस धरने के समापन से पूर्व प्रधानमंत्री के नाम 12 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन उपायुक्त की गैरमौजूदगी में तहसीलदार सुमेर सिंह को सौंपा गया।प्रदर्शन में राज्य उप प्रधान आशा शर्मा, यूएम खान, सचिव सतपाल सिंह नरवत, ब्लॉक प्रधान शाबीर खान एवं रत्तीराम आदि मौजूद थे। जिला सचिव लज्जा राम द्वारा संचालित इस धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा के मुख्य सलाहकार सुभाष लांबा ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार रिटायर कर्मचारियों की जायज़ एवं प्रमुख मांगों की अनदेखी कर पेंशनर्स को भी बांटने का काम कर रही है।

अब इसमें कटौती कर घूमने जाना अनिवार्य कर दिया है और जनवरी 2028 से इस सुविधा को बन्द करने की योजना है। उन्होंने कहा कि सरकार बेसिक पेंशन में 65 वर्ष की आयु में 10 व 75 वर्ष की आयु में 20 प्रतिशत की वृद्धि की करने और पेंशन कम्युटेशन राशि को 15 की बजाय 11 साल में रिकवरी करने जैसी मांगों की भी अनदेखी कर रही है।



गौरव भाटिया का कांग्रेस व सपा पर प्रहार

# महिलाओं के सम्मान पर दोहरी राजनीति अब देश नहीं सहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं प्रखर वक्ता गौरव भाटिया ने मंगलवार को यहां कहा कि "कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का इतिहास महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के प्रति केवल दिखावटी संवेदनशीलता का रहा है। जब भी महिलाओं को वास्तविक अधिकार देने की बात आती है, ये दल एकजुट होकर उसका विरोध करते हैं।"

भाटिया नवयुग मार्किट।में।प्रेस वार्ता को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि "नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश की महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने का ऐतिहासिक और क्रांतिकारी कदम है, लेकिन कांग्रेस और समाजवादी पार्टी इसे कमजोर करने और भ्रम फैलाने में लगी हुई हैं। यह उनके वास्तविक इरादों को उजागर करता है। राहुल व अखिलेश ने मिलकर एक जैसी नकारात्मक सोच बना ली है भाटिया ने राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर सीधा प्रहार करते हुए कहा कि आज राहुल और अखिलेश ने मिलकर एक जैसी नकारात्मक सोच बना ली है, जो महिलाओं को अधिकार मिलने से रोकने की कोशिश कर रही है। यह गठजोड़ महिलाओं के सशक्तिकरण के खिलाफ खड़ा दिखाई देता है।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को देश की महिलाओं से माफी मांगनी चाहिए। जिस तरह से उनकी पार्टी इस ऐतिहासिक विधेयक का विरोध कर रही है, वह महिलाओं के सम्मान के साथ सीधा अन्याय है। नारी शक्ति इस प्रकार के व्यवहार को कभी माफ़ नहीं करेगी। भाटिया ने कहा कि जो दल वर्षों तक सत्ता में रहे।

भाजपा युवा जिला महामंत्री बनने के बाद चंदीला ने मंत्री से लिया आशीर्वाद

# भारतीय जनता पार्टी के जरिए राष्ट्र की सेवा से जुड़ें युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भाजपा युवा मोर्चा जिला फरीदाबाद का महामंत्री नियुक्त होने के बाद अवतार चंदीला ने हरियाणा सरकार के मंत्री राजेश नागर से मिलकर अपनी खुशी सांझा की और उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। चंदीला पिछले संगठन कार्यकाल में जिला उपाध्यक्ष थे। इस अवसर पर मंत्री राजेश नागर ने चंदीला से कहा कि संगठन को सर्वोच्च मानने वालों के लिए भाजपा में निरन्तर अवसर प्राप्त होते हैं। बस हमें राष्ट्र प्रथम की भावना को दिल में रखना है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है और हमारा देश भारत आज दुनिया का सबसे युवा जनसंख्या वाला देश है।



## भाजपा में परिवारवाद नहीं विचार को मिलता है सम्मान

भारतीय जनता पार्टी ही अपने कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री के पद तक पहुंचा सकती है। ऐसा कार्य करने वाली कोई और पार्टी देश में मौजूद नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा में परिवारवाद नहीं विचार को सम्मान मिलता है। भारतीय जनता पार्टी के पंच प्राण को अपने जीवन में लागू करने वाले कार्यकर्ता के लिए संगठन अथवा सत्ता का कोई अवसर दूर नहीं रहता है। उन्होंने अवतार चंदीला को मन लगाकर सेवा करने का मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने कहा कि युवाओं के करने के लिए अनेक कार्य हैं जिनमें शासन और जनता के बीच सेवाओं का सेतु बनना भी प्रमुख कार्य है।

### जीडीए में लागू हुई ओटीएस स्कीम लागू

**गाजियाबाद।** जीडीए में ओटीएस स्कीम" लागू हो गई। कनिका कौशिक के नेतृत्व में जीडीए ने संचार माध्यमों द्वारा व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार कराते हुए हैल्प डेस्क स्थापित की गई। जिसमें संबंधित डिफाल्टर आवंटियों को सभी नियम व शर्तों का ज्ञान कराते हुए आवेदन फार्मो का वितरण किया जाना प्रारम्भ किया है। लगभग 100 लोगों द्वारा आवेदन फार्म प्राप्त किया गया।

खाता ऑपरेटरस गिरफ्तार, साइबर थाना एनआईटी की कार्रवाई

# महिला को इंग्लैंड ले जाने का झांसा देकर ढाई लाख से अधिक की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

महिला को इंग्लैंड ले जाने का झांसा देकर ढाई लाख रुपये से अधिक की ठगी के एक मामले में साइबर थाना एनआईटी की टीम ने 3 खातों को ऑपरेट करने वाले 4 ठगों को 19 अप्रैल को पटना बिहार से गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान अंकित व रविकांत निवासी जिला मुंगेर बिहार, बिट्टू व आखिर आलम के रुप में हुई हैं।

पुलिस प्रवक्ता अनुसार फरीदाबाद निवासी एक महिला ने साइबर थाना एनआईटी में दी अपनी शिकायत में बताया कि जनवरी 2026 में उसके व्हॉट्सएप पर अंजान नंबर से कॉल आई व जानकार बन बातें करने लगा। जिसने शिकायतकर्ता को कहा कि वह उसके पास भारत आएगा और अपने साथ इंग्लैंड लेकर जाएगा।



### तीनों दोस्त खाता को ऑपरेट करते थे

पूछताछ में सामने आया कि बिट्टू, रविकांत व अंकित तीनों दोस्त हैं। तीनों खाता को ऑपरेट करते थे, उनके पास मामले से संबंधित ठगी के पैसे आने वाले एक खाते का एक्सेस था। खाता में ठगी के पैसा आने उपरांत नकद निकालकर ठगो द्वारा बताये गये खाता में पैसो को जमा देते थे। बिट्टू व रविकांत ग्रेजुएट तथा अंकित 12वीं पास है।

उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर कर्षण चल स्टॉक, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, गाजियाबाद द्वारा निविदा संख्या 230-TRS-GZB-2025-26-36 के आधार पर ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है :–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | 'Dismantling, Cleaning, Overhauling, Assembling, Testing and Fitting of different make Air Dryers during MOH/IOH schedule of Electric locomotives' at Electric Loco Shed-Ghaziabad. |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत | ₹ 25,33,085.20 |
| 3 | धरोहर राशि | ₹ 50,700.00 |
| 4 | निविदा बोली प्रस्तुत करने की समापन तिथि और समय | 18.05.2026 (15:00 hrs.) |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि और समय | 18.05.2026 (After 15:00 Hrs.) |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहाँ निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in |

नोट : (i) निविदाकर्ता को ई–निविदा प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट प्रणाली (IREPS) साइट अर्थात www.ireps.gov.in पर पंजीकृत होना चाहिए। (ii) सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। (iii) कोई मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं हैं।

संख्या 230-TRS-GZB-2025-26-36, दिनांक 18.04.2026 1321/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **उस्मान उर्फ छोटू पुत्रः** सागीर **पताः** टीएच–49, लकड़ी मार्केट, वेलकम, दिल्ली, ने **FIR No 233/2018 U/s 25/27/54/59 A Act थानाः वेलकम दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **उस्मान उर्फ छोटू** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **उस्मान उर्फ छोटू** फरार हो गया है(या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No 233/2018 U/s 25/27/54/59 A Act थानाः वेलकम दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **उस्मान उर्फ छोटू** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.05.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री दीपाक्षी राणा
जेएमएफसी–03, कमरा नंबर 19
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/5227/NE/2026
(Court Matter)

उत्तर रेलवे

अधिसूचना

दिल्ली मंडल, उत्तर रेलवे में सेवाओं की अतिआवश्यकता के कारण मासिक पारिश्रमिक के आधार पर सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों की पुनर्नियुक्ति

दिनांक 12.04.2026 को या उससे पहले Model Maker (Level-4) (कुल 01 रिक्ति) के लिए National Rail Museum, New Delhi में मासिक पारिश्रमिक के आधार पर पुनर्नियुक्ति के लिए सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। दिनांक **27.04.2026** को पुनर्नियुक्ति के लिए अधिकतम ऊपरी आयु की सीमा **65 वर्ष (65 years)** है। कर्मचारी को हटाया गया/बर्खास्त किया गया/अनिवार्य सेवानिवृत्ति अनुशासनात्मक कार्रवाई या लंबित सतर्कता मामलो के परिणाम स्वरुप या समीक्षाधीन सेवानिवृत कर्मचारियों को फिर से नियुक्त किया जा रहा है, सुरक्षा के तहत कवर किया गया संबंधित सेवानिवृत्ति योजना/सुरक्षा कर्मचारियों के लिए गारंटीकृत रोजगार के लिए उदार सक्रिय सेवानिवृत्ति योजना (LARSGESS) पुनर्नियुक्ति के लिए पात्र नहीं है।

अधिक जानकारी के लिए और आवेदन डाउनलोड करने के लिए हमारी वेबसाइट **www.nr.indianrailways.gov.in**> हमारे बारे में > डिवीजन > दिल्ली > कार्मिक दिल्ली > डिवीजन पर सेवानिवृत रेलवे कर्मचारियों की फिर से नियुक्ति (कुल 01 रिक्ति) और **www.nr.indianrailways.gov.in**>News & Recruitment> Recruitment>Notification पर जाएं।

1319/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**खबर संक्षेप**

### भारतीय के हत्यारे को आजीवन कारावास




**लखनऊ।** टोरंटो की अदालत ने भारतीय छात्र कार्तिक वासुदेव की हत्या के मामले में दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी की मानसिक बीमारी के आधार पर आपराधिक जिम्मेदारी से मुक्त किए जाने की मांग खारिज कर दी। टोरंटो की उच्च न्यायालय की न्यायाधीश न्यायमूर्ति जेन केली ने आरोपी रिचर्ड एडविन को दो अलग-अलग हत्याओं में प्रथम श्रेणी हत्या का दोषी करार दिया।

### सीएम स्तर से होगी सभी योजनाओं की निगरानी



**रांची।** झारखंड में चल रही विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों के क्रियान्वयन और निगरानी अब मुख्यमंत्री स्तर से की जाएगी। इसे धरातल पर उतारने की दिशा में इंटीग्रेटेड-सीएम डेटा इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म (सीएम डैशबोर्ड 2.0) परियोजना को क्रियान्वित किया जाएगा। राज्य सरकार की योजना है कि इस डैशबोर्ड के माध्यम से सभी विभागों की परियोजनाओं की रियल-टाइम मॉनिटरिंग की जा सके।

### 7 साल से बच्ची ढूंढ नहीं पाए : झारखंड हाईकोर्ट



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने गुमला से वर्ष 2018 में लापता छह वर्षीय बच्ची के मामले में सख्त रुख अपनाया। राज्य सरकार को दो सप्ताह का समय दिया है। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस संजय प्रसाद की अदालत ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि यह कैसी जांच है? सात साल हो गए.. यदि इस दो हफ्ते में सार्थक परिणाम सामने नहीं आया, तो मामले की जांच सीबीआई को सौंपी जा सकती है।

## कैबिनेट विस्तार की सुगबुगाहट

# पीएम मोदी से मिले सम्राट चौधरी, कहा- समृद्ध बिहार के विजन पर मार्गदर्शन मिला

बिहार के मुख्यमंत्री का पदभार संभालने के बाद सम्राट चौधरी अपने पहले दिल्ली दौरे पर हैं। मंगलवार शाम उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की।

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मंगलवार को दिल्ली के दौरे पर रहे। दिल्ली दौरे पर सम्राट चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। शाम 4 बजे सम्राट चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की। मुख्यमंत्री बनने के बाद यह सम्राट चौधरी की पहली दिल्ली यात्रा है। पीएमओ की ओर से इस मुलाकात की जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री मोदी ने मुलाकात के बाद बिहार के सीएम सम्राट चौधरी ने भी इसकी तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि राज्य के समग्र विकास और जनकल्याण के विषय पर पीएम नरेंद्र मोदी का मार्गदर्शन मिला। प्रधानमंत्री का स्नेह और सहयोग बिहार की प्रगति को नई गति प्रदान करेगा।



### नितिन नवीन से भी मिले सम्राट चौधरी

*पीएम मोदी से मुलाकात से पहले सम्राट चौधरी ने बीजेपी मुख्यालय में पार्टी अध्यक्ष नितिन नवीन से भी मुलाकात की थी। दोनों नेताओं के बीच करीब 5 मिनट तक चर्चा हुई। हालांकि बातचीत छोटी रही, लेकिन इसके राजनीतिक मायने काफी बड़े माने जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, सम्राट चौधरी की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नितिन नवीन से साथ हुई मुलाकात को भले ही शिष्टाचार मुलाकात बताया जा रहा है, लेकिन इसके राजनीतिक मायने भी काफी अहम माने जा रहे हैं।*

### सम्राट चौधरी संभाल रहे 29 विभाग

वर्तमान में बिहार में केवल मुख्यमंत्री और दो उपमुख्यमंत्री ही शपथ ले चुके हैं। जेडीयू की ओर से बिजेंद्र प्रसाद यादव और विजय चौधरी को डिप्टी सीएम बनाया गया है, जबकि भाजपा कोटे से अभी तक किसी भी विधायक को मंत्री नहीं बनाया गया है। ऐसे में पूरी कैबिनेट लगभग खाली पड़ी है। विभागों के काम भी सीएम और दोनों डिप्टी सीएम संभाल रहे हैं। सम्राट चौधरी खुद 29 विभागों को संभाल रहे हैं।

### बिहार में होना है मंत्रिमंडल विस्तार

सूत्रों के मुताबिक, बिहार में अभी मंत्रिमंडल विस्तार होना है। ऐसे में दोनों बैठकों को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं कि इसमें भाजपा कोटे से मंत्रियों के नामों पर चर्चा हुई होगी। वर्तमान में बिहार सरकार का मंत्रिमंडल अधूरा है। इसे जल्द से जल्द विस्तार देने की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

## विधानसभा में विपक्ष को घेरने की तैयारी

# यूपी विधानमंडल का विशेष सत्र 30 अप्रैल को राज्यपाल ने दी मंजूरी, महिला आरक्षण पर चर्चा

**खास बातें**

कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के जरिए स्वीकृति दे दी थी

"राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने यूपी विधानमंडल का विशेष सत्र बुलाने के लिए मंजूरी दे दी है। इस सत्र में भाजपा सरकार विपक्ष को राजनीति में महिला आरक्षण के मुद्दे पर घेरेगी।"

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक पर चर्चा के लिए यूपी विधानमंडल का सत्र 30 अप्रैल को आहूत किए जाने के लिए मंजूरी दे दी। विशेष सत्र के आहूत किए जाने को लेकर प्रदेश सरकार ने कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के जरिए स्वीकृति दे दी थी जिसके बाद यह प्रस्ताव राज्यपाल को भेजा गया और राज्यपाल ने इसे मंजूरी दे दी।

दरअसल, नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक पारित न हो पाने पर भाजपा आक्रामक रूप से विपक्ष पर हमलावर हो गई है।



रविवार को भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रेस कान्फ्रेंस कर विपक्ष को घेरते हुए कहा था कि संसद में संशोधन विधेयक पेश होने के दौरान विरोधी दलों का चरित्र भरी सभा में द्रौपदी के चीरहरण जैसा था। यह महिला सम्मान एवं लोकतंत्र दोनों के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। अब सरकार विधानसभा में भी इस मुद्दे पर विपक्ष को घेरने की तैयारी कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, 30 अप्रैल को आयोजित विधानमंडल के सत्र में सरकार महिला आरक्षण के मुद्दे पर अपनी स्थिति स्पष्ट करने के साथ-साथ विपक्ष पर हमलावर होगी। चर्चा है कि सत्र के दौरान विपक्ष के रवैये को लेकर निंदा प्रस्ताव भी पेश किया जा सकता है।

**विधानसभा चुनाव से पहले योगी सरकार का बड़ा दांव**

## यूपी के हर विधायक को मिले 2.50 करोड़ रुपए

वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले सरकार विकास कार्यों की गति बढ़ाने में जुटी हैं। वहीं अब विधायकों और विधान परिषद सदस्यों द्वारा अपने निधि के माध्यम से विकास को रफ्तार दी जाएगी। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए विधान मंडल क्षेत्र विकास निधि (विधायक निधि) के तहत प्रथम किस्त की धनराशि के रूप में 1247.50 करोड़ रुपये अवमुक्त कर दिए हैं। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में विधान मंडल के दोनों सदनों (विधान सभा एवं विधान परिषद) के सदस्यों के निर्वाचन क्षेत्रों में विकास के लिए प्रति सदस्य पांच करोड़ रुपए का वार्षिक प्रविधान किया गया है। प्रथम किस्त के रूप में इसकी कुल धनराशि के 50 प्रतिशत की स्वीकृति दी गई है। इसमें विधान सभा के कुल 403 सदस्यों के सापेक्ष वर्तमान में कार्यरत 400 सदस्यों (तीन स्थान रिक्त) के लिए 2.50 करोड़ रुपये प्रति सदस्य की दर से 10 अरब रुपए और विधान परिषद के 100 सदस्यों के सापेक्ष वर्तमान में कार्यरत 99 सदस्यों (एक स्थान रिक्त) के लिए भी 2.50 करोड़ रुपये प्रति सदस्य की दर 247.50 करोड़ रुपये की प्रथम किस्त दी गई है। उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वीकृत धनराशि का उपयोग प्राथमिकता के आधार पर सड़क, पेयजल, नाली, सामुदायिक भवन, शिक्षा एवं स्वास्थ्य से संबंधित जनोपयोगी कार्यों में किया जाए।



## लखनऊ में भाजपा की जन आक्रोश रैली

# 5 हजार से ज्यादा महिलाओं के साथ सड़क पर उतरे सीएम योगी

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पास न होने पर मंगलवार को राजधानी में भाजपा ने जन आक्रोश रैली निकाली। रैली का नेतृत्व सीएम योगी ने किया। पदयात्रा में उनके साथ हजारों महिलाएं चल रही थीं। सीएम योगी तेज धूप में सड़कों पर उतरे। धूप से बचने के लिए भगवा रंग का गमछा पहना। रैली में उनके साथ डिप्टी सीएम बृजेश पाठक, केशव प्रसाद मौर्य मौजूद रहे।

### सीतापुर से 5 हजार से ज्यादा महिला कार्यकर्ता पहुंचीं

*भाजपा की ओर से लखनऊ में हो रही नारी शक्ति वंदन की जन आक्रोश रैली में शामिल होने के लिए सीतापुर जिले की पांच हजार महिला कार्यकर्ता पहुंचीं।संसद में महिला आरक्षण बिल गिर जाने के विरोध में भाजपा की ओर से जन आक्रोश रैली लखनऊ में हो रही है। मंगलवार की सुबह चार बजे भाजपा कार्यालय पर सभी महिला कार्यकर्ता एकत्र हुईं, जिनको भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल ने जिले से 150 बसों व 50 निजी वाहनों से पांच हजार महिला कार्यकर्ताओं को रवाना किया।*

### पदयात्रा को लेकर वाहनों की रफ्तार पड़ी धीमी

पदयात्रा को लेकर हजरतगंज की तरफ जाने वाली कई सड़कों पर डायवर्जन लागू किया गया था। पदयात्रा विधानभवन के सामने पहुंची। इस बीच लोहिया पथ, कैंट रोड, लालबत्ती चौराहा, परिवर्तन चौक समेत कई रास्तों पर वाहनों की कतार लग गई।

## पेज एक का शेष

### ऑपरेशन सिंदूर की पहली ...

सम्मेलन (ट्रिपल 'सी') आयोजित करने का निर्णय लिया है। रक्षा प्रतिष्ठान के सूत्रों ने बताया कि सीसीसी का आयोजन इस बार पाकिस्तान की सीमा से सटे उसी राजस्थान के जोधपुर शहर में किया जा सकता है। जहां से भारतीय सेनाओं ने दुश्मन के हर वार को नाकाम कर दिया था। इस वर्ष सीसीसी का यह 17 वां संस्करण होगा। जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संबोधित कर सकते हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की भी इस अहम आयोजन में मौजूदगी रहेगी। सीसीसी का पिछला 16 वां संस्करण 2025 में कोलकाता के पूर्वी कमांड मुख्यालय (विजय दुर्ग) में आयोजित किया गया था।

**इनकी रहेगी सम्मेलन में भागीदारी :** सम्मेलन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के अलावा रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह, सीडीएस जनरल अनिल चौहान, सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वायुसेनाप्रमुख एयरचीफ मार्शल ए.के. सिंह, नौसेनाप्रमुख एडमिरल डी.के. त्रिपाठी और मंत्रालय व केंद्र सरकार की कई अन्य सुरक्षा एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हो सकते हैं। इसके अलावा क्योंकि यह सम्मेलन संयुक्त रूप से होगा। इसलिए इसमें राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर तथा विदेश सचिव विक्रम मिस्री भी शिरकत कर सकते हैं।

**सीडीएस ने सौंपा थिएटर कमांड का प्रस्ताव:** सूत्रों ने कहा कि सीडीएस जनरल चौहान ने सशस्त्र सेनाओं की एकीकृत यानी थिएटर कमांड के गठन का प्रस्ताव रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मंजूरी के लिए रक्षा मंत्रालय को सौंप दिया है। जिसके बाद मंत्रालय इसे केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति (सीसीएस) की स्वीकृति के लिए भेजेगा। जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। सीसीएस की हरी झंडी मिलने के लिए भारत के अब तक के सबसे बड़े रक्षा सुधारों में से एक थिएटर कमांड के गठन की इस महत्वपूर्ण कवायद का धरातल पर औपचारिक क्रियान्वयन शुरू हो जाएगा।

### 2047 के विजन दस्तावेज ...

जा सकता है। क्योंकि इसी के माध्यम से एकीकृत कमांड का यह विचार हकीकत बनेगा। इसके अलावा सम्मेलन में शामिल किए जाने वाले अन्य मुद्दों में बीते दिनों रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा घोषित किए गए 2047 के विजन दस्तावेज पर भी चर्चा की जा सकती है। जिसके केंद्र में किसी भी तरह से तीनों सशस्त्र सेनाओं की युद्धक, प्रशासनिक क्षमता, कमांड के ढांचे में बढ़ोतरी करने के मामले पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

### ऑपरेशन सिंदूर में मारे ...

100 से ज्यादा आतंकवादी को कुछ ही मिनटों में मार गिराया था। जवाब में बौखलाए पाकिस्तान ने देश की पश्चिमी-सीमा पर ड्रोन और मिसाइलों से बड़ा करने की कोशिश की थी। जिसे भारतीय सेनाओं के हर अचूक वार ने पूरी तरह से नाकाम कर दिया था। भारत के हमले से घबराए पाकिस्तान की सारी हेकड़ी निकल गई और उसने भारत के सामने संघर्षविराम करने की गुहार लगाई। जिसके परिणामस्वरूप 10 मई 2025 की शाम 5 बजे दोनों देशों के बीच संघर्षविराम हुआ। जो अभी भी जस का तस लागू है। भारत ने पाकिFस्तान को यह भी स्पष्ट कर दिया है कि आतंकवाद को लेकर उसकी शून्य सहिष्णुता की नीति बरकरार है। अगर दुश्मन देश ने भारत के खिलाफ फिर से कोई गुस्ताखी करने की कोशिश की तो उसे उसका तुरंत करारा जवाब दिया जाएगा।

### ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ...

वाले लश्कर के करीब तीन पाकिस्तानी आतंकियों (सुलेमान शाह, हमजा अफगानी, जिब्रान) के खात्मे के लिए चलाए गए ऑपरेशन महादेव के बारे में विस्तार से इसी क्रम में जानकारी दी थी। बुधवार 22 अप्रैल को पहलगाम हमले को भी एक वर्ष पूरा हो जाएगा।

### दुनियाभर के देशों ...

निंदा की थी। दिखाई लाल सिंदूर की गिरी हुई डिबियाः वहीं, सेना की अपनी इस सोशल मीडिया पोस्ट में 'crOssed' शब्द में 'ओ' को सिंदूर की गिरी हुई डिबिया के रूप में दिखाया है और बॉटम में इसकी टैगलाइन में लाल रंग से भारत कभी नहीं भूलता यानी इंडिया डज नॉट फॉरगेट वाक्य लिखा है। यह पूरी प्रस्तुतीकरण देश की उन तमाम बहादुर माताओं और बहनों को समर्पित है। जिन्होंने इस आतंकी हमले में अपनी मांग का सिंदूर या अपने किसी प्रियजन को खो दिया था। बताते चलें कि इस अभियान की शुरुआत वाले दिन 7 मई को रात में करीब 1 बजकर 51 मिनट पर सेना ने एक्स पर एक पोस्ट करते हुए हैशटैग के साथ लिखा था कि पहलगाम टेरर अटैक, जस्टिस इज सर्वड.जय हिंद। साथ में इस सैन्य अभियान को दिए गए ऑपरेशन सिंदूर का नाम बताने वाला एक डिजिटल पोस्टर भी इस पोस्ट में शामिल किया गया था। जिसमें भी सिंदूर की डिबिया गिरी हुई दिखाई गई थी।

### शांति वार्ता पर दोनों ...

जिम्मेदार ठहराया।

अमेरिका और ईरान के बीच सीजफायर खत्म होने की अवधि जैसे-जैसे नजदीक आ रही है। दोनों मुल्कों के बीच युद्ध की आशंका फिर बढ़ने लगी है। ऐसे में मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे पाकिस्तान ने दोनों देशों से सीजफायर बढ़ाने पर विचार करने को कहा है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने अमेरिका और ईरान से अनुरोध किया है कि सीजफायर को 14 दिनों के लिए और बढ़ाने पर विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि डिप्लोमेसी और बातचीत को एक और मौका दिया जाना चाहिए।

### ईरान की घरेलू ...

भी संचालित की जाएगी। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब हालात धीरे-धीरे सामान्य करने की कोशिश की जा रही है और देश में हवाई सेवाओं को चरणबद्ध तरीके से बहाल किया जा रहा है।

### सिविल सेवाओं में ...

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग और ब्लॉकचेन जैसी उभरती तकनीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया, ताकि शासन अधिक प्रभावी और पारदर्शी बन सके। उपराष्ट्रपति ने तमिल संत कवि तिरुवल्लुवर का उल्लेख करते हुए कहा कि 'अरम' (धर्म/नीति) सर्वोच्च संपत्ति है, जो भौतिक समृद्धि के साथ नैतिक शक्ति भी प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि सच्चा नेतृत्व कठिन परिस्थितियों में नैतिक आचरण से ही सिद्ध होता है। अधिकारियों को वैध मार्गदर्शन और अनुचित दबाव के बीच अंतर समझते हुए हर स्थिति में ईमानदारी और निष्पक्षता बनाए रखनी चाहिए। महिलाओं की बढ़ती भागीदारी पर संतोष जताते हुए उन्होंने कहा कि सिविल सेवा में महिलाओं का प्रतिशत 2016 के करीब 21 फीसदी से बढ़कर 2025 परीक्षा में लगभग 31 फीसदी हो गया है। इसे उन्होंने 'नारी शक्ति' का सशक्त उदाहरण बताया और उम्मीद जताई कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से विधायिकाओं में भी ऐसी ही प्रगति देखने को मिलेगी। उन्होंने सिविल सेवा परीक्षा की कड़ी प्रतिस्पर्धा का जिक्र करते हुए कहा कि हर वर्ष 12 से 15 लाख अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होते हैं, जिनमें से लगभग 1,000 का ही चयन हो पाता है। ऐसे में चयनित अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहना चाहिए और जमीनी स्तर पर बेहतर संवाद बनाए रखना चाहिए। हाल ही में समर्पित 'सेवा तीर्थ' और 'कर्तव्य भवन' का उल्लेख करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि ये सेवा, कर्तव्य और राष्ट्र के प्रति समर्पण के प्रतीक हैं। उन्होंने अधिकारियों से अपील की कि उनका कार्य दूर-दराज के क्षेत्रों तक पहुंचे, लोगों के जीवन में बदलाव लाए और समानता, गरिमा तथा न्याय के मूल्यों को सशक्त करे। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्रा, प्रधान सचिव-2 शक्तिकांता दास, कैबिनेट सचिव टीवी सोमनाथन, सचिव, डीएआरपीजी निवेदिता शुक्ला वर्मा सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### भाजपा अध्यक्ष ...

अभियानों के बारे में भी बताया। बड़ौली ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर किए गए कायक्रमों के बारे में भी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को विस्तार से बताया।

मोहन लाल बड़ौली ने राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से हरियाणा में होने वाले निकाय चुनावों की रणनीति पर भी चर्चा की। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिले मार्गदर्शन पर बड़ौली ने आभार व्यक्त किया। इस मुलाकात के बाद मोहन लाल बडौली ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से मिलकर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि प्रदेश में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा संगठन मजबूती के लिए किए जा रहे कार्यों की भी राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सराहना की।

### किसान को कर्ज...

अब जरूरत इस बात की है कि तकनीक का विवेकपूर्ण उपयोग हो, बैंकिंग व्यवस्था ग्रामीण जरूरतों के अनुरूप मजबूत बने, योजनाएं जमीन पर व्यावहारिक रूप से लागू हों और छोटे किसानों की आय बढ़ाने के लिए एकीकृत खेती जैसे मॉडल को आगे बढ़ाया जाए।

सिविल सेवा दिवस के अवसर पर विज्ञान भवन, नई दिल्ली में कृषि पर आयोजित पैनल चर्चा में केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि उनका बचपन गांव में बीता है और उन्होंने बहुत करीब से देखा है कि पहले गांवों में किस तरह ब्याज पर पैसा देने का धंधा चलता था। जरूरतमंद लोग बर्तन, जेवर, जमीन या घर का सामान गिरवी रखकर पैसा लेते थे और फिर ब्याज का कोई ठिकाना नहीं होता था; इसलिए आज की जरूरत किसानों को इस शोषणकारी चक्र से बाहर निकालने की है। उन्होंने कहा कि केसीसी और बैंकिंग ऋण सुविधाओं ने किसानों को राहत पहुंचाई है, ट्रैक्टर, सिंचाई, बीज और दूसरी जरूरतों के लिए ऋण मिलने से उत्पादन बढ़ाने में मदद मिली है लेकिन उन्होंने यह भी साफ कहा कि बैंक से ऋण लेना आज भी गांवों में आसान नहीं है क्योंकि किसान को कागजों, अभिलेखों, तहसील, पटवारी और कई स्तरों की प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है इसलिए ऋण प्रक्रिया का सरलीकरण बहुत जरूरी है।

उन्होंने कहा कि व्यवस्था में संवेदना और संतुलन दोनों होने चाहिए, क्योंकि संवेदना तभी आती है जब हम दूसरे को अपना मानते हैं। उन्होंने कहा कि कई बार कुर्सी पर बैठा व्यक्ति सामने वाले किसान को तुच्छ समझने लगता है, जबकि किसान कोई याचक नहीं है; वह अपने हक, जरूरत और सम्मान के साथ व्यवस्था के पास आता है।

चौहान ने ग्रामीण बैंकों और शाखाओं में कर्मचारियों की कमी की बात कहते हुए कहा कि ग्रामीण इलाकों में योजनाओं का दबाव बहुत अधिक है, खातों में सीधे भुगतान की संख्या बढ़ी है, मनरेगा की मजदूरी, किसान सम्मान निधि और अन्य रकम सीधे खाते में आती है, लेकिन सीमित बैंक कर्मियों पर इतना काम रहता है कि वे कई बार ढंग से सेवा नहीं दे पाते; इसलिए वर्तमान जरूरतों के अनुसार बैंक स्टाफ की पर्याप्त उपलब्धता पर गंभीर विश्लेषण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसान कई बार 8 से 10 किलोमीटर चलकर बैंक पहुंचता है, लेकिन लंबी लाइन और सीमित स्टाफ के कारण उसका काम नहीं हो पाता। ऐसे में उसका समय, श्रम और रोजी- तीनों प्रभावित होते हैं; इसलिए काम के दबाव और जरूरत के हिसाब से मानव संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए।

### 10 क्विंटल फूलों ...

की डोली सुबह 10 बजे चोपता से तुंगनाथ धाम पहुंचेगी। उधर, बदरीनाथ धाम के कपाट खोलने की प्रक्रिया के तहत तेल कलश यात्रा के साथ आदि शंकराचार्य की गद्दी मंगलवार को योग-ध्यान बद्री मंदिर पांडुकेश्वर पहुंच गई।

### कांग्रेस अध्यक्ष खरगे बोले- ...

न्याय नहीं मिल पाएगा। उन्होंने पीएम मोदी और अमित शाह पर धनबल और बाहुबल के जरिए चुनी हुई सरकारों को गिराने का भी आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि पहले हमने मतदाता सूची में हेरफेर देखा; फिर मोदी सरकार ने एसआईआर की कोशिश की, और अब वे परिसीमन आयोग को नियंत्रित करना चाहते हैं।

संविधान संशोधन विधेयक का जिक्र करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि सरकार जानती थी कि बिल पास कराने के लिए उसके पास पर्याप्त संख्या बल नहीं है, फिर भी उसने विपक्ष को बांटने के इरादे से कोशिश की। उन्होंने कहा कि मोदी झूठा नैरेटिव बना रहे हैं कि विपक्ष ने महिला आरक्षण बिल का विरोध किया। सच्चाई यह है कि यह बिल तो 2023 में ही पास हो गया था और सभी दलों ने इसका समर्थन किया था। उन्होंने सवाल किया कि सरकार ने पिछले 30 महीनों से इस कानून को लागू क्यों नहीं किया? उन्होंने मांग दोहराई कि महिला आरक्षण को मौजूदा 543 लोकसभा सीटों के आधार पर तुरंत लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि यह महिला आरक्षण बिल नहीं, बल्कि परिसीमन का खेल था, इसीलिए विपक्ष इसका विरोध कर रहा था।

केंद्र पर संघवाद को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि परिसीमन बिल संसद में दक्षिणी, पूर्वोत्तर और छोटे राज्यों के प्रतिनिधित्व को कम करने का प्रयास था। उन्होंने कहा कि भाजपा-आरएसएस महिलाओं के हितैषी होने का पाखंड कर रहे हैं, जबकि अपनी विचारधारा के अनुसार वे कभी उनके पक्ष में नहीं थे।

खरगे ने कहा कि भाजपा का छिपा हुआ एजेंडा अपनी विचारधारा और केंद्रीकृत नियंत्रण थोपना है। भाजपा का मकसद तमिलनाडु के मामलों में दखल देना और राज्य के लोगों की भावनाओं को नजरअंदाज करना है। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को गुमराह करने के लिए उसने एआईएडीएमके के साथ गठबंधन किया है। उन्होंने डीएमके-कांग्रेस गठबंधन सरकार की उपलब्धियों को बताने के साथ प्रदेश के लिए गठबंधन की गारंटियों को भी गिनाया। उन्होंने कहा कि गठबंधन की सरकार बनने पर ये सभी वादे पूरे किए जाएंगे। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

### एनएसए ने की सऊदी-अरब ...

पक्षों के साझा हितों और चिंताओं से जुड़े मुद्दे शामिल हैं। भारत के संदर्भ में ऊर्जा सुरक्षा और प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा का मुद्दा मुख्य है।

**11 लाख 61 हजार लोग भारत लौटेः** मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव (खाड़ी क्षेत्र) असीम. आर. महाजन ने बताया कि 28 फरवरी के बाद से लेकर अब तक कुल करीब 11 लाख 61 हजार भारतीय सुरक्षित वापस लौटे हैं। विभिन्न हवाई उड़ान सेवाओं से जुड़ी हुई कंपनियां इलाके के सुरक्षा हालात और रणनीतिक परिस्थितियों का आकलन कर अपनी सेवाएं प्रदान कर रही हैं। वहीं, मंत्रालय की सर्वोच्च प्राथमिकता क्षेत्र में रह रहे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और कल्याण को लेकर बनी हुई है। यूएई से आज 110 उड़ान स्वदेश पहुंचने की संभावना है। जबकि खाड़ी के कुछ देश सऊदी अरब या ओमान के रास्ते अपनी हवाई उड़ान सेवाएं संचालित कर रहे हैं। कतर का एयरस्पेस खुला है और वहां से सीधी उड़ानें आ रही हैं। लेकिन कुवैत का एयरस्पेस बंद है। इसलिए वह अपनी उड़ानों की संचालन सऊदी अरब के रास्ते कर रहा है। बहरीन का एयरस्पेस खुला है, वहां से उड़ान लगातार आ रही हैं।

**इराक से भारत पहुंचे 12 नाविक :** उन्होंने कहा कि युद्ध की वजह से इराक में फंसे हुए 12 नाविक सोमवार को मुंबई पहुंचे हैं। जिसमें इराक द्वारा अपना एयरस्पेस खोलने का अहम योगदान है। इसके अलावा बगदाद में भारतीय दूतावास ने भी इन लोगों को सुरक्षित स्वदेश पहुंचाने में काफी सहायता प्रदान की है। मंत्रालय का एक समर्पित कंट्रोल रूम चौबीसों घंटे अपना काम कर रहा है। हमारे मिशन, दूतावास हेल्पलाइन नंबरों, अपडेट के साथ एडवाइजरी जारी कर लोगों को परामर्श दे रहे हैं। इराक का एयरस्पेस खुला है। वहां से देश के अलग-अलग भागों के लिए सीमित उड़ान आ रही हैं। ईरान का एयरस्पेस कार्गो और चार्टर्ड उड़ानों के लिए आंशिक रूप से खुला हुआ है। तेहरान में हमारा दूतावास लगातार भारतीयों को ईरान के जरिए आर्मेनिया, अजरबैजान पहुंचाने में लगा हुआ है। महाजन ने कहा, इजरायल का एयरस्पेस फिलहाल खुला हुआ है। वहां से भारत के लिए सीमित उड़ान आ रही हैं। इजरायल से हम अपने लोगों को जॉर्डन और मिस्र के रास्ते भी स्वदेश ला रहे हैं।

### जहाजों के बीमा में अड़ंगा ...

न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी और कई अन्य कंपनियां जहाजों को देती हैं। लेकिन इसमें समस्या इनकी सीमित क्षमता है। री-इंश्योरेंस कंपनियां ज्यादातर यूरोप तथा रूस में हैं। एक कंपनी अमेरिका और 1 जापान में भी है। वो समस्या खड़ी करती हैं, कीमतें बढ़ा देती हैं। इसलिए सरकार ने इस पूल के गठन को मंजूरी दी है।

बंदरगाहों पर कम हुई कंटेनरों की भीड़ः उन्होंने कहा कि युद्ध के बाद शिपिंग लाइन ऑपरेशन बाधित हुए थे। कई कंटेनर एक साथ बंदरगाहों पर एकत्रित हो गए थे। देश के पश्चिमी भाग में दो मुख्य बंदरगाह हैं। जिनमें 8 मार्च को 3 हजार 338 कंटेनर थे। 19 मार्च को इनकी संख्या 97 फीसदी घटकर 99 रह गई है। बंदरगाहों के सहयोग की वजह से निर्यातकों को राहत मिली है। क्षेत्र में मौजूद सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं। 18 अप्रैल के बाद इनके संबंध में कोई घटना दर्ज नहीं की गई है। मंत्रालय के कंट्रोल रूम में 7 हजार 86 फोन कॉल, 14 हजार 975 ईमेल मिली हैं। बीते 24 घंटे में 168 फोन कॉल और 370 ईमेल मिले हैं। देश में बंदरगाहों पर संचालन गतिविधि सामान्य है, कहीं कोई भीड़-भाड़ नहीं है।

## गोपालगंज में भू-माफियाओं पर बड़ा

# 60 पर शिकंजा, अवैध संपत्ति ईडी करेगी जब्त



एजेंसी ▶▶ गोपालगंज

यहां भू-माफियाओं के अच्छे दिन अब खत्म होने वाले हैं। जिले में लंबे समय से जमीनों पर अवैध कब्जा करने और खून-खराबा फैलाने वाले सफेदपोश अपराधियों के खिलाफ एसपी विनय तिवारी ने बड़ा ऐक्शन लिया है। पुलिस ने जिले के 60 बड़े भू-माफियाओं की एक विशेष सूची तैयार की है, जिसकी एक प्रति जल्द ही प्रवर्तन निदेशालय को सौंपी जाएगी ताकि इनकी अवैध संपत्तियों को 'मनी लॉनड्रिंग एक्ट' के तहत जब्त की जा सके।

### आर्थिक कमर तोड़ रही पुलिस

एसपी विनय तिवारी के निर्देश पर जिला प्रशासन अब अपराधियों को सिर्फ सलाखों के पीछे भेजने तक सीमित नहीं रहेगा। पुलिस अब उनके उस आर्थिक तंत्र पर प्रहार कर रही है, जिसके दम पर वे अपना साम्राज्य चलाते हैं। एसपी ने साफ कर दिया है कि जिन अपराधियों ने हत्या, रंगदारी और जमीन विवाद के जरिए करोड़ों की चल-अचल संपत्ति बनाई है, उनकी लिस्ट ईडी को भेजी जा रही है। जांच पूरी होने के बाद इन माफियाओं के आलीशान मकान, कीमती जमीनें और व्यवसाय कुर्क किए जाएंगे।

### लिस्ट में शामिल 'बड़े नाम' और गैंग्स

पुलिस की स्पेशल लिस्ट में कई कुख्यात नाम शामिल हैं। गंग दयाल यादव, मुर्गा बाबा और डब्लू तिवारी जैसे रसूखदार लोगों पर भी शिकंजा कसा जा रहा है। इसके अलावा नगर थाना में संगठित अपराध की धाराओं के तहत योगेंद्र पंडित आदि एफआईआर दर्ज की गई है।

## नेताओं के कमरे में गए बगैर 90% महिलाएं...


# पप्पू यादव के बयान पर बवाल महिला आयोग से मिला नोटिस

- आयोग ने पप्पू यादव के बयान पर स्वत: संज्ञान लिया

एजेंसी ▶▶ पूर्णिया

बिहार के पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव के एक बयान पर सियासी बवाल मच गया है। सांसद ने कहा कि नेताओं के कमरे में गए बिना 90 प्रतिशत महिलाएं राजनीति नहीं कर सकती हैं। बिहार राज्य महिला आयोग ने इस बयान पर स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने सांसद को नोटिस भेजकर 3 दिनों के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है।

सांसद पप्पू यादव ने घर से लेकर दफ्तर और सदन तक महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार



का मामला उठाया। उन्होंने हाल ही में मीडिया से बातचीत में दावा किया कि महिलाओं के साथ शोषण करने में राजनेता सबसे आगे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका से लेकर भारत तक के नेताओं की महिलाओं पर गिद्ध दृष्टि है। उनके यह बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



# हॉन्टेड 3डी का मोशन पोस्टर आउट फिर साथ आए विक्रम और आनंद...

**मुंबई।** 2008 में रिलीज हुई फिल्म 1920 के 18 साल बाद विक्रम भट्ट और आनंद पंडित फिर से एक हॉरर फिल्म लेकर आ रहे हैं। फिल्म का नाम है 'हॉन्टेड 3डी'। मंगलवार को फिल्म 'हॉन्टेड 3डी' का मोशन पोस्टर रिलीज किया गया, जो काफी डरावना है। पोस्टर में डरावनी गुड़िया, एक सफेद कपड़ों में भटकती आत्मा, डरावने चेहरे और घने कोहरे के बीच भयानक चीख, किसी के भी रोंगटे खड़े कर देगी। विक्रम भट्ट अपनी हॉरर फिल्मों के लिए काफी मशहूर हैं, अपनी नई फिल्म 'हॉन्टेड 3डी' 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज करने जा रहे हैं। यह फिल्म उनके पुराने स्टाइल की वापसी है। यह भारत की पहली स्टीरियोस्कोपिक 3डी हॉरर फिल्म है।

लाइफ Style



# दिशा
## आवारापन के सीक्वल में आएंगी नजर

एजेंसी ⏭ मुंबई

29 जून 2007 में रिलीज हुई इमरान हाशमी की फिल्म आवारापन के सीक्वल आवारापन 2 की रिलीज डेट सामने आ गई है। इसी के साथ मेकर्स ने इस फिल्म की मुख्य अभिनेत्री के नाम से भी पर्दा उठा दिया है।

इमरान हाशमी इस फिल्म में फिर से शिवम का किरदार निभाएंगे। प्रमोशनल पोस्टर में एक हाथ का क्लोज-अप दिखाया गया है, जिसमें चिड़िया का टैटू बना है। यह टैटू आजादी और मुक्ति की भावना को दिखाता है। इस सीक्वल में दिशा पाटनी भी मुख्य भूमिका में इमरान हाशमी के साथ काम करेंगी। यह दिशा पटानी का विशेष फिल्म्स के साथ पहला प्रोजेक्ट है। विशेष फिल्म्स ने आज 21 अप्रैल को आधिकारिक तौर पर आवारापन 2 की घोषणा कर दी है। यह 2007 की हिट फिल्म आवारापन का सीक्वल है। मेकर्स ने बताया कि फिल्म का प्रोडक्शन का में आखिरी चरण में है।

'आवारापन 2' 14 अगस्त को देश-विदेश के सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जो स्वतंत्रता दिवस के वीकेंड पर पड़ रहा है। फिल्म 'आवारापन 2' का निर्देशन नितिन कक्कड़ कर रहे हैं। फिल्म को लेकर निर्माता विशेष भट्ट ने कहा, 'आवारापन एक गहरा एहसास है, जो बड़े पर्दे के लिए ही बना है। इसमें शानदार जगहों पर शूटिंग, बड़े सीन, मजबूत किरदार और अच्छा संगीत होगा। इमरान हाशमी शिवम के किरदार में पूरी तरह फिट हो गए हैं। अब दिशा पाटनी के जुड़ने से फिल्म में नई जान आ गई है।'

हॉलीवुड मसाला



# सैंड्रा-निकोल साथ करेंगी काम

**लॉस एंजिल्स।** प्रैक्टिकल मैजिक 2 का ट्रेलर सामने आ चुका है। इस फिल्म में सैंड्रा बुलक और निकोल किडमैन साथ नजर आएंगी। दोनों लगभग 28 साल बाद बड़े पर्दे पर दर्शकों को नजर रही हैं। यह फिल्म 11 सितंबर को रिलीज होगी। लेकिन, कुछ जगहों पर इसका प्रीमियर 18 सितंबर को होगा। साल 1998 में हॉलीवुड फिल्म प्रैक्टिकल मैजिक रिलीज हुई थी। अब इस फिल्म का दूसरा पार्ट 28 साल बाद रिलीज हो रहा है। प्रैक्टिकल मैजिक 2 के ट्रेलर में विक्टोरियन दौर का एक घर दिखाया जाता है।



# नाबालिग की हत्या मामले में हुई सिंगर डी-4वीडी की पेशी

**लॉस एंजिल्स।** डेविड बर्क 21 साल के एक म्यूजिशियन हैं, जो डी4वीडी के नाम से जाने जाते हैं। सिंगर पर पर 14 साल की नाबालिग की हत्या का आरोप लगे हैं। मंगलवार को इसी मामले में लॉस एंजेलिस में कोर्ट में उनकी पेशी हुई, जहां उनके वकील ने उनकी ओर से सभी आरोपों से इनकार किया। हालांकि, जज ने इसके बावजूद कड़ा फैसला सुनाया है। रिपोर्ट के मुताबिक, डेविड बर्क पर फर्स्ट-डिग्री मर्डर, 14 साल से कम उम्र की लड़की के साथ यौन शोषण और शव के टुकड़े करने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। जज ने आदेश दिया है कि उन्हें बिना जमानत के हिरासत में रखा जाएगा। डी4वीडी को 2022 में पहचान मिली, जब उन्होंने अपने फोन पर गाने रिकॉर्ड करके फॉर्नाइट गेमिंग वीडियो में इस्तेमाल किए, जो टिकटॉक पर वायरल हो गए।



# सूरज की फिल्म में पहली बार करेंगे काम

**मुंबई।** सूरज बड़जात्या ने आखिरी फिल्म ऊंचाई डायरेक्ट की थी। अब इन दिनों वे अपनी अगली फिल्म बनाने में व्यस्त हैं। सूरज बड़जात्या की अगली फिल्म का नाम आधिकारिक तौर पर 'ये प्रेम मोल लिया' रखा गया है। फिल्म के प्रोडक्शन हाउस राजश्री फिल्म्स ने सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा की और इसे एक फैमिली एंटरटेनर बताया है। इस फिल्म में आयुष्मान खुराना और शरवरी लीड रोल में नजर आएंगे। यह फिल्म 27 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का म्यूजिक हिमेश रेशमिया तैयार कर रहे हैं। राजश्री फिल्म्स इस फिल्म को महावीर जैन फिल्म्स के साथ मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं। सूरज की फिल्म में पहली बार आयुष्मान खुराना काम करेंगे। यह पहली बार होगा जब आयुष्मान खुराना और शरवरी एक साथ स्क्रीन शेयर करेंगे।



# है जवानी तो... होगी आखिरी फिल्म

**मुंबई।** डेविड धवन की आने वाली फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है, लेकिन इससे पहले डायरेक्टर ने बड़ा बयान दिया जो चर्चा का विषय बन गया है। एक इंटरव्यू में डेविड धवन ने कहा कि 'है जवानी तो इश्क होना है' फिल्म उनकी आखिरी फिल्म हो सकती है। अपने स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि अब मुझे और फिल्में करना चाहिए। ये मेरी आखिरी फिल्म हो सकती है। इसके बाद मैं बस वरुण का पिता रहूंगा।' तीन दशकों से भी ज्यादा लंबे करियर और 45 से ज्यादा फिल्मों के साथ, डेविड धवन ने अपने सफर को लेकर संतुष्टि जताई। उन्होंने संजय दत्त, अनिल कपूर, गोविंदा और सलमान खान जैसे बड़े सितारों के साथ काम किया है।

टीवी मसाला



# कराची से आया था मटका किंग रतन, मुंबई में बनाया सामाज्य

**नई दिल्ली।** हाल ही ओटीटी पर विजय वर्मा की नई सीरीज 'मटका किंग' रिलीज हुई, जो चर्चा में है और काफी पसंद भी की गई। सीरीज की कहानी असली मटका किंग पर आधारित है। इसमें सट्टेबाजी की खतरनाक दुनिया को दिखाया गया। रतन खत्री की कहानी उस दौर की है, जब नंबरों में किस्मत सिमटी होती थी और एक सही चाल भी आदमी को बादशाह बना देती थी। रतन खत्री एक ऐसे शख्स था, जिसने भारत में सट्टेबाजी की शुरुआत की और फिर उसे नई ऊंचाइयों पर ले गया। उसे सट्टेबाजी का 'किंग पिन' और 'मटका किंग' कहा जाता था। रतन खत्री ने मटका को देश की सबसे मुनाफे वाली अंडरग्राउंड इंडस्ट्री में से एक बना दिया था। रमन खत्री शुरुआत में कोई बड़ी शख्सियत नहीं था। वह तो बल्कि प्रवासी था, जो सिंधु से ताल्लुक रखता था और विभाजन के बाद भारत आया था। लेकिन, देखते ही देखते वह कब सट्टेबाजी के खेल का बादशाह बन गया, पता ही नहीं चला और फिर 'मटका किंग' कहलाया। रतन खत्री कराची से सिंधी हिंदू परिवार में पैदा हुए और विभाजन के बाद परिवार के साथ भारत आ गए। यहां उन्होंने मुंबई (तब बंबई) में अपना डेरा जमाया। रतन जब किशोरावस्था में पहुंचे तो कपड़ा बाजारों और मिलों में काम करना शुरू कर दिया। वहीं उनका राब्ता सट्टेबाजी से बुआ। वह कपास के एक्सचेंज नंबर्स पर सट्टा लगाया जाता था। उसी दौरान मुंबई में सट्टेबाजी का एक नया रूप शुरू हुआ था, जिसे 'मटका' कहा जाता था। इससे रतन खत्री जुड़ गए और इसे सट्टे के एक बड़े नेटवर्क में बदल दिया।

## घर से निकलने में भी लगता है डर

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन सुनील पाल इन दिनों लगातार सुर्खियों में हैं। बीते दिनों समय रैना ने जहां उन्हें अपने नए स्पेशल में रोस्ट किया, वहीं उससे पहले वह एक इवेंट में हुई बेइज्जती को लेकर चर्चाओं में रहे। अब साल 2024 की किडनैपिंग मामले में मेरठ कोर्ट पहुंचे कॉमेडियन का दर्द उस समय छलक पड़ा, जब वह आरोपियों की शिनाख्त करने पहुंचे थे। यह केस दिसंबर 2024 का है, जब नेशनल हाईवे से उन्हें कथित तौर पर किडनैप कर लिया गया था। करीब 24 घंटे बंधक बनाए जाने के बाद उन्हें छोड़ा गया था। कॉमेडियन तब हरिद्वार के इवेंट में परफॉर्म करने के लिए बुलाए गए थे, जो असल में एक झांसा था। सुनील पाल ने मेरठ कोर्ट में जहां 2 आरोपियों की पहचान की, वहीं इस वारदात के 16 महीने बाद भी अपने डर और घबराहट का जिक्र करते हुए भावुक आपबीती बताई। सुनील पाल ने कहा कि वह अपहरण की वारदात के बाद से ही डरे हुए हैं। यहां तक कि अब वह घर से बाहर निकलने में भी खौफ खाते हैं।



# कपिल शर्मा का शो कॉमेडी फिल्मों के लिए बन रहा खतरा : परेश रावल

*परेश रावल जिन्होंने अपने करियर में कई कॉमेडी फिल्मों में काम किया है और सबको खूब हंसाया है। उनका कहना है कि कपिल शर्मा का शो आज के समय में कई कॉमेडी मूवीज को टक्कर दे रहा है। परेश रावल हाल ही में फिल्म भूत बंगला में नजर आए हैं। इस फिल्म को प्रियदर्शन ने डायरेक्ट किया है और इसमें अक्षय कुमार, वामिका गब्बी, तब्बू और राजपाल यादव हैं। फिल्म को ठीक-ठाक रिस्पॉन्स मिला है।*

**नई दिल्ली।** अब परेश ने हाल ही में बताया कि कैसे आज कल कॉमेडी फिल्मों को टीवी और डिजिटल शोज से टफ कॉम्पटीशन झेलना पड़ रहा है। इतना ही नहीं, परेश ने सुनील ग्रोवर की भी तारीफ की और उन्हों टैलेंट का ज्वालामुखी बताया है। परेश ने मनीकंट्रोल से बात करते हुए कहा, 'ये कॉमेडी के लिए काफी मुश्किल समय है। हर सीन कॉम्पटीशन है। कपिल शर्मा शो तो हर कॉमेडी फिल्म के लिए कॉम्पटीशन है। कभी-कभी वो भी ओवर टॉप जाते हैं, लेकिन यह बात मायने नहीं रखती।' एक्टर ने आगे कहा, 'अगर आप कपिल शर्मा शो देखते हैं और सुनील ग्रोवर को देखें कि क्या टैलेंट हैं उनमें। ये सब बहुत बड़े टैलेंटेड हैं। वो तो ज्वालामुखी हैं यार कॉमेडी के।



आपको उस कॉमेडी के साथ कॉम्पीट करना है तो आपको सोच बदलनी पड़ेगी नहीं तो नहीं होता है। कॉमेडी लिखना और उसे मेन्टेन करना काफी मुश्किल है। वहां भी जो कॉमेडी लिखी जाती है, उनकी 10-15 लोगों की टीम होती है। हमारे यहां तो एक राइटर को रखने का माल नहीं होता है प्रोड्यूसर के पास तो 15 लोगों को कहां से देगा।' बता दें कि सुनील ग्रोवर तो पिछले कुछ दिनों से अपने मिमिक्री स्टाइल के लिए छाए हुए हैं। उनके कई किरदार हिट रहे हैं जैसे एस एस राजामौली, आमिर खान, सलमान खान और कादर खान। कादर खान के तो उनके मिमिक्री वीडियो को बहुत ज्यादा प्यार मिला। कई ने तो उनके इस एक्ट को शेयर कर उनकी तारीफ की थी सोशल मीडिया पर। भूत बंगला के बाद परेश अब हेरा फेरी 3 और वेलकम टू द जंगल में नजर आने वाले हैं। वेलकम टू द जंगल में परेश के साथ अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, अनिल कपूर, संजय दत्त, रवीना टंडन, जैकलीन फर्नांडिस, दिशा पाटनी हैं। वहीं हेरा फेरी 3 में अक्षय कुमार, परेश रावल और सुनील शेट्टी लीड रोल में हैं।

# मोहित की मूवी में फिर रोमांस करते नजर आएंगे अहान-अनीत



**मुंबई।** सैयारा फिल्म की बड़ी सफलता के बाद, अहान पांडे और अनीत पड्डा एक बार फिर यश राज फिल्म्स के लिए काम कर रहे हैं। वे निर्देशक मोहित सूरी के साथ नई रोमांटिक ड्रामा फिल्म बना रहे हैं। इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा पिछले हफ्ते हुई थी। एक खबर के अनुसार, फिल्म का अस्थायी नाम 'सतरंगा' रखा गया है। यह नाम अभी पक्का नहीं है, क्योंकि यह टी-सीरीज के पास पहले से रजिस्टर्ड है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह नाम फिल्म की कहानी से अच्छी तरह मेल खाता है। यह फिल्म भी 'सैयारा' की तरह ही एक म्यूजिकल रोमांटिक ड्रामा फिल्म हो सकती है। सैयारा में अहान और अनीत को जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद किया। इस नई फिल्म में अहान और अनीत रोमांस के और गहरे और अलग तरह के पहलुओं को दिखाएंगे। मोहित सूरी अभी स्क्रिप्ट को अंतिम रूप दे रहे हैं। फिल्म की शूटिंग इस साल के आखिर में शुरू होने की उम्मीद है और इसे 2027 के अंत तक रिलीज करने का प्लान है। मोहित सूरी ने इस प्रोजेक्ट पर खुशी जताते हुए कहा, 'मेरे लिए प्रेम कहानियां हमेशा सबसे महत्वपूर्ण रही हैं। जब भावनाएं बहुत गहरी और बेकाबू हो जाती हैं, तब प्यार को सचमुच महसूस किया जा सकता है।' सैयारा फिल्म में भी यही बात बेबाकी से दिखाई गई है। सैयारा की टीम के साथ वापस आना मेरे लिए बहुत खास है। लगता है यह किस्मत में लिखा था। आगामी फिल्म को लेकर मोहित ने कहा, 'इस बार मैं खुद को एक नए कलाकार की तरह महसूस कर रहा हूं। कहानी को लेकर बहुत उत्साहित और थोड़ा घबराया हुआ भी। उम्मीद है कि इस फिल्म का संगीत भी लोगों के दिल को छू सकेगा।'

## बाबुल की दुआएं लेती जा... इस गीत को गाते-गाते रो पड़े थे सिंगर

# एक मुस्लिम गीतकार, जिसने बेटी की विदाई का दर्द गीत में उतार दिया

*__नई दिल्ली।__ 'बाबुल की दुआएं लेती जा' लिखने वाले इस मुस्लिम गीतकार ने कभी नहीं की थी शादी। गाने में उतार दिया बेटी की विदाई करने वाले पिता का दर्द। इस गीत को गाते-गाते रो पड़े थे सिंगर। आज भी उतना ही दर्दभरा है ये गाना। 1968 में एक फिल्म आई थी नील कमल। इस फिल्म में वहीदा रहमान, राज कुमार और मनोज कुमार ने लीड किरदार निभाया था। फिल्म राम महेश्वरी ने डायरेक्ट की थी और किदार शर्मा ने लिखी। वैसे तो फिल्म की कहानी एक ऐसी लड़की की थी जो नींद में चलती है और अपनी पुरानी जिंदगी में चली जाती है। इस कहानी ने उस समय के लोगों को प्रभावित किया था। लेकिन गाने अलग ही माहौल बनाते थे। इसी फिल्म का वो गाना था 'बाबुल की दुआएं लेती जा'। एक ऐसा गाना जिसे सुनने वाले लोग और गाने वाला सिंगर रो पड़ा था। इस गाने को लिखने वाले ने ऐसे भावों को अपनी राइटिंग में दिखाया जो उसने खुद कभी महसूस नहीं किया।*



### इस गाने को सुन रो पड़ते हैं लोग

फिल्म नील कमल ये गाना तब बजता है जब बलराज साहनी का किरदार अपनी बेटी सीता की विदाई करता है। स्क्रीन पर नजर आने वाला वो विदाई का सीन आंखें गीली कर देता है। एक पिता अपनी बेटी को घर से डोली तक छोड़ने आता है। बैकग्राउंड में रवि का म्यूजिक और वो खास मन को कटोचने वाली धुन बजती है। ये सीन जितनी बार देखा जाता है उतनी बार आंखें गीली हो जाती हैं। इस गाने को उस दौर के मशहूर गीतकार साहिर लुधियानवी ने लिखा था। साहिर ने खुद कभी शादी नहीं की, उनकी कोई संतान नहीं थी। लेकिन, जब ये गीत उन्होंने एक पिता के दर्द को अपनी लेखनी में उतारते हुए लिखा तो गाने वाले मोहम्मद रफी रो पड़े।

### लोग मन में उमड़े जज्बातों की रोक नहीं पाए

फिल्म में जब ये गाना दिखाया गया तो इसे सुनने और देखने वाले लोग मन में उमड़े जज्बातों की रोक नहीं पाए। ऐसा ही किस्सा फिल्म धड़कन के गाने 'दूल्हे का सेहरा' गाने वाले नुसरत फतेह अली खान के साथ हुआ था। वो भी गाने की एक लाइन को गाते समय खूब रोए थे।

### रफी की आवाज हो गई थी रुआंसी

इस गाने को रवि ने कंपोज़ किया था। गाने के अंतरे में सिंगर मोहम्मद रफी की आवाज रुआंसी हो जाती है। अंत में उन्होंने म्यूजिक कंपोजर रवि से कहा कि उन्हें एक बार फिर से रिकॉर्ड करना चाहिए क्योंकि वो गाना गाते समय रो गए हैं। ये सुनते ही म्यूजिक बनाने वाले रवि ने कहा कि वो ये गाना ऐसे ही रखेंगे। इस गाने को रिकॉर्ड करते समय मोहम्मद रफी इसलिए भी रो पड़े थे क्योंकि कुछ समय पहले ही उन्होंने अपनी बड़ी बेटी की शादी की थी। बेटी को याद कर उनकी आवाज रुआंसी हो गई।

# ये भाषण का विषय नहीं, आक्रोश को देश के सामने लाने का समय

## विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर करेंगे निंदा प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल के एमवीएम कॉलेज ग्राउंड से निकली भाजपा की जन आक्रोश महिला पद यात्रा रोशनपुरा चौराहे पर समाप्त हुई। यहां मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल व अन्य नेताओं ने काले गुब्बारे उड़ाकर रैली का समापन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिना माताओं के आशीर्वाद कैसे मिल सकता है? ये भाषण का विषय नहीं, हमारे अंदर के आक्रोश को देश के सामने लाने का समय है। अक्षय तृतीया जैसे त्योहार के बावजूद बहनें आक्रोश व्यक्त करने के लिए बड़ी संख्या में यहां आई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी अपने जिले, नगर पालिका, नगर परिषद में भी विरोध वयक्त करेंगे।

बहनों के अधिकार को कुचलने के खिलाफ विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर निंदा प्रस्ताव पारित करेंगे। भाजपा नेताओं ने कहा कि बहनों के हक पर डाका डालने के खिलाफ वे भोपाल की सड़कों पर लड़ने आई हैं। हमारा इतिहास है कि बहनों के लिए भाइयों ने हमेशा लड़ाई लड़ी।

राजा राममोहन राय ने सती प्रथा के खिलाफ लड़ाई लड़ी, डॉ. आंबेडकर ने बहनों के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी। महात्मा गांधी के बाद अटल बिहारी वाजपेयी ने उनको सम्मान-अधिकार के लिए जीवन दे दिया। नारी सब भूल सकती है लेकिन अपना अपमान कभी नहीं भूलती। उन्होंने कहा कि संसद में हमारे पास दो तिहाई आंकड़ा भले न हो लेकिन हमारे पास इच्छाशक्ति की कमी नहीं है।



जन आक्रोश महिला पद यात्रा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन के साथ मंत्री, विधायक, सांसद व भाजपा महिला पदाधिकारी।

### ◆ जन आक्रोश महिला पदयात्रा में बड़ी संख्या में शामिल हुईं 'महिलाएं', जताया विरोध



जन आक्रोश महिला पद यात्रा के दौरान नारे बुलंद करतीं बड़ी संख्या में महिलाएं।

### महिलाओं के हक पर विपक्ष ने डाला डाका

*भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि माता, बहनों के हक पर जो डाका डाला है, उसकी नजीर विपक्ष ने पेश की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाहते थे कि देश की बहनों को उनका हक मिले। लेकिन जब फैसला लागू करने का समय आया तो विपक्ष ने इसमें रोड़ा अटकाने का काम किया। प्रधानमंत्री ने महिलाओं को ग्राम पंचायत, नगरीय निकायों में 50% आरक्षण दिया। वे चाहते थे कि संसद और विधानसभा में भी हमारी 33% बहनें बैठें। इसके लिए हमारी तरफ से सारी तैयारी थी लेकिन हमारी पार्टी और सरकार की सोच पर विपक्ष ने कुठाराघात किया।*






पदयात्रा में शामिल भाजपा के वरिष्ठ नेता-नेत्रियों सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता।

### प्रदेश सरकार महिला हितैषी

भाजपा नेत्री व सांसद लता वानखेड़े ने कहा- मोहन सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। मैं आज एक महिला के रूप में करोड़ों बहनों की आवाज बनकर खड़ी हूं। आज का दिन महिला अधिकार और सम्मान की लड़ाई का दिन है। ये केवल बिल नहीं बल्कि महिलाओं को पंचायत से पार्लियामेंट तक पहुंचने का दरवाजा था, जिसे कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने बंद कर दिया।

### एमवीएम कॉलेज मैदान को आधे घंटे में बनाया जीरो वेस्ट



लोकसभा में महिला आरक्षण संशोधन बिल पास नहीं हो पाने के विरोध में बीजेपी द्वारा जन आक्रोश महिला पद यात्रा के लिए कार्यक्रम स्थल एमवीएम मैदान को आधे घंटे में निगम के स्वास्थ्य अमले ने जीरो वेस्ट कार्यक्रम स्थल बना दिया। कार्यक्रम के समाप्त होते ही झाडू लगवाई गई और पीने के पानी के लिए रखे गए डिस्पोजल ग्लास हटाए गए। उक्त स्थल पर अधिक वेस्ट मटेरियल नहीं निकला।

### भाजपा प्रदेश कार्यालय के सामने लगे होर्डिंग को फाड़ा



राजधानी भोपाल में प्रदेश भाजपा कार्यालय के सामने भाजपा की ओर से एक होर्डिंग लगाया गया था। इस होर्डिंग में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ विपक्षी गठबंधन के अन्य प्रमुख चेहरों की तस्वीरें लगाई गई थीं। होर्डिंग पर लिखा गया था कि 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम को रोक दिया, इन परजीवियों ने मिलकर महिलाओं का हक छीन लिया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने होर्डिंग को फाड़कर फेक दिया।

### अधिनियम पारित नहीं होने पर है यह आक्रोश

मप्र महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी परांजपे ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पारित नहीं होने देने का जो कुत्सित प्रयास कांग्रेस और विरोधी दलों ने किया है, उसके खिलाफ ये जन आक्रोश यात्रा है। कांग्रेस के नेताओं ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम गिराकर जश्न मनाया। यह महिलाओं के अपमान का प्रतीक था। मातृ शक्ति इस अपमान का जवाब देगी। उन्होंने कहा कि इस रैली के माध्यम से उन लोगों को हम यह बताना चाहते हैं कि अब याचना नहीं, रण होगा। जीवन या कि मरण होगा। जन आक्रोश महिला पद यात्रा के मंच पर कवियत्री अनामिका जैन अम्बर भी शामिल हुईं। उन्होंने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस मौके पर कार्यक्रम को प्रदेश प्रवक्ता पूर्व मंत्री व विधायक अर्चना चिटनीस, सांसद कविता पाटीदार व अन्य नेत्रियां बड़ी संख्या में मौजूद थीं। जबकि प्रदेश शासन के मंत्री करण सिंह वर्मा, संपतिया उइके, निर्मला भूरिया, मंत्री विश्वास सारंग, चेतन्य काश्यप, कृष्णा गौर, नारायण सिंह पंवार, प्रतिमा बागरी, राधा सिंह, सुमित्रा वाल्मिक, माया नारोलिया, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बरूआ, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, प्रदेश मंत्री राजो मालवीय, महापौर मालती राय, विधायक भगवानदास सबनानी, प्रदेश प्रवक्ता डॉ. वाणी आहलुवालिया सहित पार्टी पदाधिकारी एवं प्रदेशभर से बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाजपा की जन आक्रोश पदयात्रा में शामिल होकर नाराजगी जताई।

# पहली बार राजधानी से बाहर आज कैबिनेट की बैठक, कई एजेंडों पर लग सकती है मुहर

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा मंत्री समूह की अहम बैठक इस बार गुरुग्राम में होने जा रही है। राजधानी चंडीगढ़ से बाहर पहली बार रखी गई यह बैठक कई मायनों में खास होने वाली है। बुधवार को साइबर सिटी में सारा मंत्रिमंडल जुटेगा। वहीं मंत्रिमंडल की बैठक में एक दिन का विशेष सत्र बुलाए जाने के संकेत मिल रहे हैं। मंगलवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अचानक ही हरियाणा राज्यपाल से मिलने के लिए लोक भवन पहुंचे। बताया जा रहा है कई अहम विषयों के साथ एक दिन के सत्र



आदि को लेकर भी चर्चा की गई है।भरोसेमंद सूत्र बताते हैं कि गुरुग्राम बैठक में जहां मंत्रीमंडल प्रदेश के विकास को गति देने के लिए कई फैसले लेगा। वहीं विधानसभा का एक दिवसीय खास सत्र बुलाने को लेकर भी विचार विमर्श के बाद तारीख का एलान कर दिया जाएगा। माना जा रहा है कि भारतीय जनता पार्टी महिलाओं के हितों को लेकर लाए जा रहे आरक्षण बिल का विरोध करने वाली कांग्रेस की घेरेबंदी की तैयारी में हैं। मान जा रहा है कि इस सत्र के बहाने भाजपा एक तीर से कई निशाने साधने का काम करेगी, अगर कांग्रेसी विधायक इसमें शामिल होकर बात रखते हैं, तो भाजपा सत्तापक्ष की बेचों से जमकर हमले की तैयारी है।

### समग्र उपचार की ओर बढ़ते वैश्विक कदम

## योग और आयुर्वेद से मधुमेह नियंत्रण पर लगी विज्ञान की भी मुहर

**हरिद्वार।** डायबिटीज़ के इलाज को लेकर पतंजलि के वैज्ञानिकों की ओर से किए गए शोध ने एक क्रांति को जन्म दिया है। जो वैश्विक स्तर पर लंबे समय से टाइप-1 डायबिटीज़ के मुख्य उपचार इंसुलिन थेरेपी को लेकर नजरिया बदलने को मजबूर कर देगा। अंतर्राष्ट्रीय शोध संस्थान फ्रंटियर्स इन क्लिनिकल डायबिटीज़ एंड हेल्थकेयर शोध ने यह प्रमाणित किया है कि केवल इंसुलिन से नहीं बल्कि समग्र इलाज से ही मधुमेह को मात दी जा सकती है। जिसके लिए योग, प्राणायाम, ध्यान, संतुलित आहार, जीवनशैली में सुधार तथा पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को अपनाना होगा। इसी अप्रैल माह में शोध को प्रकाशित किया गया है। शोध में यह भी साबित किया है कि योग-प्राणायाम आदि को अपनाने से मरीजों के शुगर नियंत्रण, तनाव स्तर और जीवन की गुणवत्ता में भी सुधार देखा गया। रिसर्च में इनका विशेष योगदान- इस शोध में पतंजलि हर्बल रिसर्च डिवीजन, पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन, हरिद्वार, उत्तराखंड, डिपार्टमेंट ऑफ एलाइड एंड एप्लाइड साइंसेज़, यूनिवर्सिटी ऑफ पतंजलि, पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार के वैज्ञानिक जया उप्रेती, मुस्कान चौहान, मयूर चौहान, प्रशांत कटियार, अनुराग डाबस और वेद प्रिया आर्य का विशेष योगदान रहा। इस शोध को पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण के नेतृत्व में किया गया। उनकी भूमिका इसमें सबसे अहम रही। टाइप वन मधुमेह पर आई नई रिसर्च ने यह साबित कर दिया है कि योग, आयुर्वेद और नेचरोपैथी जैसी इंट्रीग्रेटेड थरेपी मरीजों के लिए बेहद मददगार है।



## छत्तीसगढ़ में हुए बॉयलर विस्फोट हादसे की निष्पक्ष जांच हो: जिंदल

**नई दिल्ली।** सांसद नवीन जिंदल ने छत्तीसगढ़ के सिंहितराई में हुए बॉयलर विस्फोट हादसे के बाद दर्ज प्राथमिकी को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने अनिल अग्रवाल के खिलाफ बिना जांच के नाम शामिल किए जाने पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि यह घटना बेहद दुःखद है और इसमें 20 परिवारों ने अपना सब कुछ खो दिया। जिंदल ने प्रभावित परिवारों के लिए मुआवजा, आजीविका सहायता और निष्पक्ष जांच को जरूरी बताया। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में अपनाए जा रहे अलग-अलग मानकों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जब सार्वजनिक उपक्रमों या रेलवे में हादसे होते हैं, तो चेयरमैन का नाम प्राथमिकी में नहीं जोड़ा जाता। उन्होंने मांग की कि निजी क्षेत्र के मामलों में भी वही मानक अपनाए जाएं।

### फायरब्रिगेड की तीन गाड़ियों ने पाया आग पर काबू, किसी प्रकार की जनहानि की खबर नहीं

## राइस मिल में शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग, मिल पूरी तरह खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम कुलगांव में मंगलवार को एक राइस मिल में भीषण आग लग गई। यह आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी, जिससे मिल पूरी तरह जलकर खाक हो गया। घटना में लाखों रुपये का भारी नुकसान होने का अनुमान है, हालांकि कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई। सुबह अचानक राइस मिल से धुआं निकलता देख आसपास के लोगों में डर का माहौल बन गया।

स्थानीय लोगों ने जब राइस मिल को खोला, तो देखा कि आग अंदर रखे बोरों में लग चुकी थी। धीरे-धीरे आग तेजी से फैलने लगी और उसने देखते ही देखते भयानक रूप ले लिया। तत्काल दमकल विभाग और पुलिस टीम को इस घटना की सूचना दी गई।



### धान और अन्य बोरियों का नुकसान

सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां तत्काल मौके के लिए रवाना की गईं। आग पर काबू पाने में दमकल कर्मियों को करीब एक घंटे से अधिक का समय लगा। फायर टीम के सदस्यों ने निरंतर पानी की बौछार कर आग को पूरी तरह से बुझाने में सफलता प्राप्त की। लेकिन तब तक राइस मिल में रखा धान और अन्य बोरियां पूरी तरह से जलकर राख हो चुके थे। कोतवाली थाना प्रभारी ने इस मामले की जानकारी देते हुए बताया कि कुलगांव स्थित राइस मिल में मंगलवार की सुबह अचानक धुआं देखा गया था। लोगों ने जब मिल खोला तो आग अंदर रखे बोरों में लगी हुई थी, जो तेजी से फैल रही थी।

### नुकसान का सटीक आंकलन जारी

आसपास के लोगों ने तुरंत इसकी जानकारी फायर ब्रिगेड और कोतवाली थाना प्रभारी को दी। पुलिस टीम भी सूचना मिलते ही तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। आग लगने का प्राथमिक कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। राहत की बात यह रही कि इस भीषण अग्निकांड में कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई है। राइस मिल के कर्मचारियों से भी घटना के संबंध में पूछताछ की जा रही है। अभी तक आग से हुए नुकसान का सटीक आंकलन नहीं किया जा सका है। हालांकि, प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, करीब लाख रुपये के लगभग का भारी नुकसान हुआ है। पुलिस इस पूरे मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

### शिक्षक की मौके पर ही मौत, अन्य साइकिल सवार भी घायल

## जनगणना प्रशिक्षण से लौट रहे शिक्षक को तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

जिले में जनगणना प्रशिक्षण से बीती शाम घर लौट रहे एक शिक्षक की तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से मौत हो गई। वहीं एक सायकल सवार भी इस घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामला खरसिया थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार हेमसागर कमलवंशी मिडिल स्कूल कन्या आश्रम तेन्दुमुड़ी में शिक्षक के पद पर पदस्थ थे। करम सिंह ने बताया कि



उसका भाई जनगणना प्रशिक्षण के लिए मदनपुर हायर सेकेण्ड्री स्कूल अपनी स्कूटी क्रमांक सीजी 13 एएस 4778 से गया था।

### भाजपा नेताओं में कानून का भय पूरी तरह समाप्त हो चुका: कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष

## क्या भाजपा विधायक और उनके परिजन कानून से ऊपर हैं?: पटवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र (जीतू) पटवारी ने भाजपा सरकार पर तीखा और सीधा हमला बोलते हुए कहा है कि प्रदेश में अब कानून का राज नहीं, बल्कि मोहन राज के नाम पर सत्ता का खुला दुरुपयोग और अराजकता चल रही है।

पटवारी ने कहा कि हाल ही में हुए सड़क हादसे में विधायक प्रीतम लोधी के पुत्र द्वारा निर्दोष लोगों को थार वाहन से कुचलने की घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया है। लेकिन उससे भी अधिक चिंताजनक और शर्मनाक तथ्य यह है कि जब कानून ने अपना काम करना शुरू किया, तो स्वयं विधायक पुलिस अधीक्षक और एसडीओपी जैसे वरिष्ठ अधिकारियों को खुलेआम धमकाने और उनकी औकात बताने पर उतर आए। उन्होंने कहा कि विधायक का यह बयान कि मेरा बेटा करेरा आएगा, चुनाव भी लड़ेगा, तेरे डैडी में दम हो तो रोक



लेना, अपना इतिहास देख लेना, अपनी औकात में रहो यह दर्शाता है कि भाजपा नेताओं में कानून का भय पूरी तरह समाप्त हो चुका है। यह केवल एक व्यक्ति का अहंकार नहीं, बल्कि पूरे शासन तंत्र की विफलता और संरक्षण का परिणाम है।

### जनता आज अपने ही राज्य में असुरक्षित

पटवारी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सीधा सवाल करते हुए कहा कि क्या भाजपा विधायक और उनके परिजन कानून से ऊपर हैं? यदि अधिकारी भ्रष्ट हैं, जैसा कि विधायक दावा कर रहे हैं, तो फिर आपकी सरकार ने अब तक क्या कार्रवाई की? उन्होंने कहा कि जब तक मामला शांत रहता है, तब तक सत्ता पक्ष चुप रहता है, लेकिन जैसे ही कानून का शिकंजा कसता है, भाजपा के नेता अपनी सत्ता का दुरुपयोग कर प्रशासन पर दबाव बनाने लगते हैं। यह लोकतंत्र और संविधान दोनों का खुला अपमान है ये कोई पहली बार नहीं भाजपा के नेता लगातार सत्ता के नशे में इस प्रकार के कृत्य करते आ रहे हैं। पटवारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नए भारत के दावों पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि यह वही नया भारत है, जहां सत्ता के नशे में चूर नेता आम जनता को कुचलते भी हैं और फिर कानून को धमकाते भी हैं। उन्होंने कहा कि 20 वर्षों से भाजपा को सत्ता सौंपने वाली प्रदेश की जनता आज अपने ही राज्य में असुरक्षित महसूस कर रही है। यह केवल एक घटना नहीं, बल्कि भाजपा के चाल, चरित्र और चेहरा का जीवंत उदाहरण है, जहां सत्ता का घमंड जनता की सुरक्षा पर भारी पड़ रहा है।

### कांग्रेस की प्रमुख मांगें

विधायक प्रीतम लोधी के खिलाफ पुलिस अधिकारियों को धमकाने और अभद्र भाषा के प्रयोग पर तत्काल एफआईआर दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। उनके पुत्र द्वारा किए गए सड़क हादसे की समयबद्ध और न्यायिक जांच कर कठोर सजा दी जाए। मुख्यमंत्री स्वयं इस मामले पर सार्वजनिक रूप से जवाब दें और स्पष्ट करें कि क्या भाजपा नेताओं को कानून से ऊपर संरक्षण दिया जा रहा है। संबंधित क्षेत्र के पुलिस अधिकारियों पर किसी भी प्रकार का राजनीतिक दबाव न डाला जाए और उन्हें निष्पक्ष कार्रवाई करने की स्वतंत्रता सुनिश्चित की जाए। पटवारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी प्रदेश की जनता के सम्मान, सुरक्षा और न्याय के लिए प्रतिबद्ध है और इस मुद्दे पर सड़क से सदन तक निर्णायक संघर्ष करेगी।

### कोरबा के नक्तिखार के पास की घटना

## भारी वाहन की टक्कर से पति-पत्नी की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

नक्तिखार के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। इस दुर्घटना में बालको नगर निवासी बहरुराम रात्रे और उनकी पत्नी की मौत हो गई। दंपति एक परिचित के दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। बहरुराम रात्रे बालको नगर के अल्युमिनियम सिटी क्षेत्र में रहते थे। वे अपनी पत्नी के साथ कोरबा जिले के गोढ़ी गांव जा रहे थे। वहां एक रिश्तेदार के निधन के बाद दशगात्र कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कचंदा नाला के पास पीछे से आ रहे एक भारी वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बहरुराम की मौके पर ही मौत हो गई। उनकी पत्नी को गंभीर चोटें आईं। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत 108 संजीवनी एंबुलेंस को सूचना दी। लेकिन एंबुलेंस के पहुंचने से पहले ही घायल महिला ने भी दम तोड़ दिया। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल बन गया। पुलिस को सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। दुर्घटना करने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।

प्रारंभिक जांच में तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाना हादसे का कारण माना जा रहा है।

## चिंतन

# सुरक्षा के लिए संतुलित रणनीति बेहद जरूरी

पहलगाम हमले की पहली बरसी केवल एक दर्दनाक स्मृति नहीं, बल्कि सुरक्षा नीति की गंभीर परीक्षा भी है। 22 अप्रैल 2025 को बैसरन घाटी में हुई आतंकी वारदात ने देश को झकझोर दिया था। एक साल बाद हालात अपेक्षाकृत शांत हैं, लेकिन असली चुनौती इस शांति को स्थायी सुरक्षा और सामान्य जीवन में बदलने की है। इस हमले को एक साल बीत चुका है। इस अवधि में एक-दो वारदात को छोड़ दें तो घाटी शांत ही रही है। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि उन इलाकों को भी खोल दिया जाए जो पहलगाम हमले के बाद बंद किए गए थे। चूंकि ये लोगों की आजीविका का जरिया हैं। बदलते कश्मीर में अब लोगों में मुख्यधारा से जुड़ने की ललक है। ऐसे में सरकार और खुफिया एजेंसियों को भी चाहिए कि वे लोगों को सुरक्षित महसूस करवाएं। बलों की तैनाती इस तरह से हो कि गलत मंसूबे लेकर आने वाले हमले जैसी वारदातों की हिमाकत न करें। अब जरूरी है कि सरकार सुरक्षा और शांति के लिए एक संतुलित रणनीति बनाए। केवल जम्मू-कश्मीर ही नहीं, देश के अन्य भागों में भी व्यापक सतर्कता जरूरी है। सुरक्षा किसी भी संवेदनशील क्षेत्र की पहली जरूरत होती है, खासकर जम्मू-कश्मीर जैसे इलाके में। बीते एक साल में सुरक्षा एजेंसियों और सेना ने सतर्कता बनाए रखते हुए बड़े हमलों को रोकने में सफलता पाई है। यह दिखाता है कि मजबूत सुरक्षा तंत्र ही शांति की बुनियाद बन सकता है। यह भी उतना ही जरूरी है कि सुरक्षा के नाम पर आम नागरिकों के जीवन और रोजगार पर अनावश्यक प्रतिबंध न लगे। बैसरन घाटी जैसे इलाकों का लंबे समय तक बंद रहना स्थानीय अर्थव्यवस्था पर सीधा असर डाल रहा है। पर्यटकों की संख्या पहले ही 30-40% तक घट चुकी है, जिससे लोगों में नाराजगी स्वाभाविक है। ऐसे में जरूरी है कि सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए चरणबद्ध तरीके से इन क्षेत्रों को फिर से खोला जाए। संतुलित रणनीति का मतलब यही है कि सुरक्षा "दिखे भी" और "भरोसा भी दे"। इसके लिए आधुनिक तकनीक, खुफिया तंत्र की मजबूती, स्थानीय लोगों की भागीदारी और सीमित, लेकिन प्रभावी बल तैनाती जरूरी है। ऐसा माहौल बनाना होगा, जिसमें पर्यटक बिना डर के आएं और स्थानीय लोग खुद को सुरक्षित महसूस करें। देश के अन्य हिस्सों में भी सुरक्षा को लेकर लापरवाही की गुंजाइश नहीं है। हाल ही में राजस्थान की एक रिफाइनरी में लगी आग की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) कर रही है। यदि इसमें किसी साजिश के संकेत मिलते हैं, तो यह साफ है कि खतरे का दायरा व्यापक है। और यदि यह हादसा है, तब भी सुरक्षा मानकों की समीक्षा जरूरी हो जाती है। किसी भी रूप में देश को नुकसान पहुंचाने वाली घटनाएं सुरक्षा तंत्र के लिए चेतावनी हैं। आतंकवाद के खिलाफ सख्ती जरूरी है, लेकिन इसका उद्देश्य केवल खतरे को खत्म करना नहीं, बल्कि सामान्य जीवन को बहाल करना भी होना चाहिए। जिस तरह नक्सलवाद के खिलाफ रणनीतिक और बहुआयामी प्रयास किए गए, उसी तरह आतंक के खिलाफ भी सुरक्षा, विकास और विश्वास तीनों को साथ लेकर चलना होगा। भारतीय सेना का संदेश "भारत कुछ नहीं भूला" यह स्पष्ट करता है कि सुरक्षा के मामले में कोई समझौता नहीं होगा। पहलगाम की यह बरसी याद दिलाती है कि मजबूत सुरक्षा और सामान्य जीवन एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हैं। सही रणनीति वही होगी, जो दोनों को साथ लेकर चले, तभी देश सुरक्षित भी होगा और सच में सामान्य भी।



मुद्दा
मनीष कुमार चौधरी

# भारत में क्यों जरूरी है परिसीमन

भले ही संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा से पारित नहीं हो पाया, परंतु परिसीमन से जुड़े मुद्दों की प्रासंगिकता अब भी बरकरार है। भारत का लोकतंत्र विशाल आकार और विविधता के लिए जाना जाता रहा है। फिर भी प्रतिनिधित्व की मूल संरचना दशकों से काफी हद तक स्थिर बनी हुई है। लोकसभा का आगामी परिसीमन, उस संतुलन को गहरे स्तर पर बदलने की क्षमता रखता है। परिसीमन तकनीकी या प्रशासनिक प्रक्रिया ही है और अपने मूल रूप में परिसीमन का उद्देश्य राजनीतिक प्रतिनिधित्व को जनसांख्यिकीय वास्तविकताओं के अनुरूप बनाना है। दशकों से भारत सीटों की एक निर्धारित संख्या के साथ ही काम करता रहा है, जबकि इस दौरान उसकी जनसंख्या में भारी वृद्धि हुई है।

महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण व लोकसभा की सीटें 543 से बढ़ाकर अधिकतम 850 करने और 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन के लिए केंद्र सरकार की ओर से लाया गया संविधान (131वां) संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा से पारित नहीं हो पाया। भले ही विधेयक पारित न हो पाया हो, परंतु परिसीमन से जुड़े मुद्दों की प्रासंगिकता अब भी बरकरार है। भारत का लोकतंत्र विशाल आकार और विविधता के लिए जाना जाता रहा है। फिर भी प्रतिनिधित्व की मूल संरचना दशकों से काफी हद तक स्थिर बनी हुई है। लोकसभा का आगामी परिसीमन, जिसके 2029 के आम चुनावों को आकार देने की उम्मीद है, उस संतुलन को गहरे स्तर पर बदलने की क्षमता रखता है। यूं देखा जाए तो परिसीमन एक तकनीकी या प्रशासनिक प्रक्रिया ही है और अपने मूल रूप में परिसीमन का उद्देश्य राजनीतिक प्रतिनिधित्व को जनसांख्यिकीय वास्तविकताओं के अनुरूप बनाना है। दशकों से भारत सीटों की एक निर्धारित संख्या के साथ ही काम करता रहा है, जबकि इस दौरान उसकी जनसंख्या में भारी वृद्धि हुई है।

संवैधानिक रूप से प्रत्येक दशक के बाद जनसंख्या जनगणना के आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों का पुनर्वितरण अनिवार्य था। पुनर्वितरण अंतिम बार 1971 की जनगणना के बाद ही किया गया था। देश में जनसंख्या नियंत्रण उपायों को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार सरकारों ने सीटों के पुनर्वितरण को रोक दिया। वर्ष 2000 के दशक की शुरुआत में प्रत्येक राज्य के भीतर जनसंख्या को सामान्य करने के लिए निर्वाचन क्षेत्रों को फिर से तैयार किया गया था, लेकिन इस अभ्यास ने प्रत्येक राज्य को आवंटित निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या में कोई बदलाव नहीं किया। 1971 के बाद से भारत की जनसंख्या में 150 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। लेकिन यह वृद्धि पूरे देश में समान रूप से नहीं हुई है। असमान वृद्धि इसलिए हुई, क्योंकि दक्षिणी राज्य अपनी प्रजनन दर को तेजी से नीचे लाने में सक्षम रहे। उत्तरी राज्यों का जनसंख्या हिस्सा 43 प्रतिशत से बढ़कर 50 प्रतिशत तक पहुंच गया, जबकि दक्षिणी राज्यों का हिस्सा 1971 और 2026 के बीच 25 प्रतिशत से घटकर 20 प्रतिशत हो गया है। इससे यह आशंका उठ खड़ी हुई है कि पूरी तरह से जनसंख्या के आधार पर संसद की सीटों का पुनर्वितरण करने से दक्षिणी राज्य संसद में अपनी सीटों का हिस्सा खो देंगे, जबकि यह तकनीकी रूप से देशभर में प्रतिनिधित्व को निष्पक्ष बना देगा, खासकर कम प्रतिनिधित्व वाले उत्तरी राज्यों के लिए। उदाहरण के लिए, केरल का एक सांसद लगभग 18 लाख लोगों का प्रतिनिधित्व करता है, वहीं राजस्थान का सांसद करीब 33 लाख लोगों का प्रतिनिधित्व करता है। दक्षिणी राजनीतिक दलों की चिंता इसी को लेकर है। उन्हें डर है कि इससे उत्तरी राज्यों को अधिक शक्ति मिलेगी, जो न केवल भारतीय जनता पार्टी के गढ़ हैं, बल्कि हिंदी-बेल्ट या हिंदी भाषी क्षेत्र के रूप में भी लोकप्रिय हैं। उनका मानना है कि पुनः आवंटन योजना से उन्हें अच्छी नीतियों और शासन के लिए दंडित किया जाएगा, जबकि उत्तरी राज्यों को पुरस्कृत किया जाएगा, जहां जनसंख्या वृद्धि काफी हद तक अनियंत्रित रही है। वर्ष 1952 में जब देश में पहली बार लोकसभा चुनाव हुए, तब संसद में 489



सीटें थीं और आबादी थी करीब 36 करोड़। आज आबादी 140 करोड़ पार कर चुकी है, लेकिन पिछले 50 साल से सीटें 543 पर जमी हैं। इसका एक स्वाभाविक परिणाम सामने आया है- सीमित सीटों के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा। इसका लाभ उन लोगों को मिलता है जिनके पास पहले से ही राजनीतिक पूंजी मौजूद है, जैसे नाम की पहचान, सांगठनिक समर्थन या वंशानुगत पृष्ठभूमि। सीटों की संख्या में विस्तार केवल सीटों की संख्या नहीं बढ़ाता, बल्कि यह चुनावी क्षेत्र में प्रवेश की बाधाओं को भी कम करता है। एक विशाल संसद उन नए चेहरों के लिए जगह बनाती है, जो अन्यथा हाशिए पर ही रह जाते। भारतीय राजनीति में समय के साथ स्थिरता के कुछ क्षेत्र बन गए हैं, ऐसे निर्वाचन क्षेत्र कुछ खास व्यक्तियों, परिवारों या पार्टियों के लिए 'सुरक्षित सीटों' के तौर पर काम करते हैं। परिसीमन इस जड़ व्यवस्था पर चोट करता है। जब सीमाएं बदलती हैं, तो मतदाताओं की बनावट भी बदल जाती है।

कोई ऐसा निर्वाचन क्षेत्र, जो कभी किसी खास जातिगत समीकरण, सामुदायिक जुड़ाव या राजनीतिक नैरेटिव के पक्ष में रहा हो, हो सकता है कि अब वैसा न रहे। देश तेजी से शहरीकरण की ओर बढ़ रहा है। वर्ष 2029 तक भारत के मतदाताओं की बनावट आज या कुछ बरस पहले से काफी अलग होगी। जैसे-जैसे शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में नए निर्वाचन क्षेत्र उभरेंगे, उनके भीतर चुनावी प्रतिस्पर्धा का स्वरूप भी बदलेगा। जब मुकाबले का ढांचा बदलता है, तो पार्टियों को भी उसके हिसाब से ढलना पड़ता है, वरना उनके अप्रासंगिक हो जाने का खतरा रहता है।

इस तरह का बदलाव सिर्फ ऊपरी तौर पर नहीं होता। प्रतिनिधित्व में आया पीढ़ीगत बदलाव स्वाभाविक रूप से राजनीतिक विमर्श में भी बदलाव लाता है। जैसे-जैसे संसद में उनकी मौजूदगी बढ़ती जाएगी, राजनीतिक बहसों का समग्र स्वरूप भी बदल सकता है। इस तरह परिसीमन के आधार पर गठित 2029 की संसद भारत के भविष्य को लेकर एक ज्यादा जटिल और प्रगतिशील संवाद को दर्शा सकती है। हमें यह समझना भी बेहद जरूरी है कि परिसीमन कोई आसान सुधार नहीं है। इसके साथ कई किंतु-परंतु और राजनीतिक डर व आशंकाएं जुड़ी हैं। जो राज्य जनसंख्या वृद्धि को स्थिर करने में सफल रहे हैं, उन्हें अब राजनीतिक रूप से हाशिए पर जाने का डर है, जबकि तेजी से जनसंख्या बढ़ने वाले राज्य यह तर्क देते हैं कि प्रतिनिधित्व को वर्तमान वास्तविकताओं को दर्शाना चाहिए। राज्यों के बीच एक नैतिक मुकाबला मानने से एक संरचनात्मक संवैधानिक मुद्दे को राजनीतिक शिकायत में बदलने का जोखिम है। संसदीय सीटों का पूरी तरह से जनसंख्या-आधारित पुनर्वितरण संख्यात्मक समानता को संतुष्ट कर सकता है, लेकिन यह संघीय संतुलन को भी बिगाड़ सकता है। चुनौती यह नहीं है कि परिसीमन होना चाहिए या नहीं, बल्कि इसके गुणावगुण प्रभावों का संतुलन कैसे साधा जाए, इस बात का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। भारत के इतिहास में परिसीमन को इसकी राजनीतिक संवेदनशीलता के कारण बार-बार टाला गया है। इस तरह के सुधार को आगे बढ़ाने के लिए ऐसी राजनीतिक इच्छाशक्ति की जरूरत होती है जो तात्कालिक चुनावी हितों से कहीं आगे की सोच रखती हो। परिसीमन को केवल नक्शों को फिर से बनाने की प्रक्रिया के रूप में देखना इसके व्यापक महत्व को नजरअंदाज करना होगा। असल में यह लोकतांत्रिक चुनावी मैदान का एक पुनर्समायोजन है। लोकतंत्र सिर्फ गणित नहीं होता। जब मतदाता वर्ग स्वयं बदल रहा हो, तो उसके साथ कदम मिलाकर चलने के लिए प्रतिनिधित्व को भी विकसित होना पड़ता है।

(लेखक स्वतंत्रत पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## विश्व पृथ्वी दिवस

रोहित कौशिक



# हमारी समझदारी से ही बच सकेगी पृथ्वी

एक नए अध्ययन में बताया गया है कि महासागरों के तेजी से गर्म होने के कारण मौसम के चक्र में बदलाव का अनुमान है। वर्तमान में हिंद महासागर और इसके आसपास के देश वैश्विक स्तर पर प्राकृतिक आपदाओं के सबसे अधिक खतरे वाले क्षेत्र के रूप में उभरे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि आज पृथ्वी को बचाने के लिए भाषणबाजी तो बहुत होती है, लेकिन धरातल पर काम नहीं हो पाता है। यही कारण है कि पर्यावरण की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। इस दौर में जिस तरह से मौसम का चक्र बिगड़ रहा है, वह हम सबके साथ-साथ समाज के उस वर्ग के लिए भी चिन्ता का विषय है जो ग्लोबल वार्मिंग पर चर्चा करने को एक फैशन मानने लगा था। दरअसल इन दिनों सम्पूर्ण विश्व में पृथ्वी और पर्यावरण बचाने के नारे जोर-शोर से सुने जा सकते हैं, लेकिन जब नारे लगाने वाले ही इस अभियान की हवा निकालने में लगे हुए हों तो पृथ्वी और पर्यावरण पर संकट के बादल मंडराने तय हैं। आज विभिन्न देशों में अनेक मंचों से जो पर्यावरण बचाओ आन्दोलन चलाया जा रहा है, उसमें एक अजीब विरोधाभास दिखाई दे रहा है। पर्यावरण सभी बचाना चाहते हैं, लेकिन अपने त्याग की कीमत पर नहीं बल्कि दूसरों के त्याग की कीमत पर। स्थायी विकास एग्रीन इकोनॉमी और पर्यावरण सम्बन्धी विभिन्न चुनौतियों पर चर्चा जरूरी है, लेकिन इसका फायदा तभी होगा, जब हम व्यापक दृष्टि से सभी देशों के हितों पर ध्यान देंगे। गौरतलब है कि ग्रीन इकोनॉमी के तहत पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना सभी वर्गों की तरक्की वाली अर्थव्यवस्था का निर्माण करना शामिल है, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि हरित अर्थव्यवस्था के उद्देश्यों के क्रियान्वयन के लिए विकसित देश विकासशील देशों की अपेक्षित सहायता नहीं करते हैं। स्पष्ट है कि विकसित देशों की हठधर्मिता की वजह से पर्यावरण के विभिन्न मुद्दों पर कोई स्पष्ट नीति नहीं बन पाती है। दरअसल इस दौर में पर्यावरण की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। हालात यह है कि मौसम का समस्त चक्र भी अनियमित हो गया है। वैज्ञानिकों का मानना है कि मौसम की यह अनिश्चितता और तापमान का उतार-चढ़ाव जलवायु परिवर्तन के कारण है। जलवायु परिवर्तन के कारण एक ही ऋतु में किसी एक जगह पर ही मौसम में उतार-चढ़ाव या परिवर्तन हो सकता है। वास्तव में हम पिछले अनेक दशकों से भ्रम में ही जी रहे हैं। यही कारण है कि पर्यावरण के अनुकूल तकनीक के बारे में सोचने की फुर्सत किसी को नहीं है। पुराने जमाने में पर्यावरण के हर अवयव को भगवान का दर्जा दिया जाता था। इसीलिए हम पर्यावरण के हर अवयव की इज्जत करना जानते थे। नए जमाने में पर्यावरण के अवयव वस्तु के तौर पर देखे जाने लगे और हम इन्हें मात्र भोग की वस्तु मानने लगे। उदारीकरण की आंधी ने तो हमारे समस्त ताने-बाने को ही नष्ट कर दिया। इस प्रक्रिया ने पर्यावरण के अनुकूल समझ विकसित करने में बाधा पहुंचाई। यह समझ विकसित करने के लिए एक बार फिर हमें नए सिरे से सोचना होगा। हमें यह मानना होगा कि जलवायु परिवर्तन की यह समस्या किसी एक शहर, राज्य या देश के सुधरने से हल होने वाली नहीं है। पर्यावरण की कोई ऐसी परिधि नहीं होती है कि एक जगह प्राकृतिक संसाधनों का दोहन या प्रदूषण होने से उसका प्रभाव दूसरी जगह न पड़े। इसीलिए इस समय सम्पूर्ण विश्व में पर्यावरण के प्रति चिन्ता देखी जा रही है। हालांकि इस चिन्ता में खोखले आदर्शवाद से लिपटे हुए नारे भी शामिल हैं। जलवायु परिवर्तन पर होने वाले सम्मेलनों में हम इस तरह के नारे अक्सर सुनते रहते हैं। सवाल यह है कि क्या खोखले आदर्शवाद से जलवायु परिवर्तन का मुद्दा हल हो सकता है। यह सही है कि ऐसे सम्मेलनों के माध्यम से विभिन्न बिन्दुओं पर सार्थक चर्चा होती है और कई बार कुछ नई बातें भी निकलकर सामने आती हैं। यदि विकसित देश एक ही लीक पर चलते हुए केवल अपने स्वार्थों को तरजीह देने लगें तो जलवायु परिवर्तन पर उनकी बड़ी-बड़ी बातें बेमानी लगने लगती हैं। दरअसल जब हम प्रकृति का सम्मान नहीं करते हैं तो वह प्रत्यक्ष रूप से तो हमें हानि पहुंचाती ही है, परोक्ष रूप से भी हमारे सामने कई समस्याएं खड़ी करती है। ज्यादातर विकासशील देशों में जलवायु परिवर्तन के प्रति सफलतापूर्वक अनुकूलन के लिए आर्थिक एवं प्रोद्योगिकीय स्त्रोतों का अभाव है। दरअसल हरेक परिस्थितिक तंत्र के लिए अनुकूलन विशिष्ट होता है। गौरतलब है कि विभिन्न तौर-तरीकों से जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित किया जा सकता है। इन तौर-तरीकों में ऊर्जा प्रयोग की उन्नत क्षमता एवनों के काटने पर नियंत्रण और जीवाष्म इंधन का कम से कम इस्तेमाल जैसे कारक प्रमुख हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# हमें वैराग लेकर भगवान को नहीं पाना है




संकलित

दर्शन

परिवार में कोई बीमार हो तो दूसरे व्यक्ति के शरीर पर भी असर होता है। अगर बच्चों का विवाह नहीं हुआ है, अच्छा लड़का या लड़की नहीं मिली है, पढ़ाई ठीक से नहीं कर पाए हैं तो इन पर ध्यान दिया जाना जरूरी है। हमें वैराग लेकर भगवान को नहीं पाना है। बल्कि हम जहां हैं, वहां रहकर भगवान को ऊपर से नीचे उतारना है। भगवान उतरते हैं। दशरथ के घर उतरे हैं, वासुदेव की जेल में उतरे हैं। हम वैराग लेकर उन्हें ऊपर खोजने जाएं, यह भी एक गति है, लेकिन क्यों न हम एक एक पारिवारिक दायित्व पूरा करते-करते उन्हें नीचे बुला लें। हम नरसिंह मेहता नही है। हम मीरा और भर्तृहरि नहीं हैं। मनु और शतरूपा ने वैराग का पथ लिया तो भी परिवारिक दायित्व को पूरा किया। भजन का मतलब यह नहीं कि आप सबको नजरअंदाज करें, सबकी उपेक्षा करें। भजन में पारिवारिक स्वास्थ्य आवश्यक है। आत्मा की तंदुरुस्ती के विषय में मैं खुलासा कर दूं कि आत्मा बीमार नहीं है। मन बीमार हो सकता है, आत्मा कहां बीमार होती है। जैसे सूरज तंदुरुस्त है, लेकिन बादल से आवृत्त होने पर सूरज दिखना बंद हो जाता है। वैसे ही स्थिति हमारी आत्मा की है। जैन परंपरा कहती है कि आत्मा पर कई तरह के कशाय के बादल छा जाते हैं। इसी रूप में आत्मा अस्वस्थ नहीं हो सकती। आत्मा बूढ़ी नहीं हो सकती। शरीर जन्म लेता है, आत्मा जन्म नहीं लेती। ये तो सीधी-सी बात है।

# मानव धर्म ही सर्वोपरि



संकलित

प्रेरणा

एक राजा था। उसने एक सपना देखा। सपने में उससे एक परोपकारी साधु कह रहा था कि, बेटा! कल रात को तुम्हें एक विषैला सांप काटेगा और उसके काटने से तुम्हारी मृत्यु हो जाएगी। वह सर्प अमुक पेड़ की जड़ में रहता है। वह तुमसे पूर्व जन्म की शत्रुता का बदला लेना चाहता है। सुबह हुई। राजा सोकर उठा। और सपने की बात को लेकर विचार करने लगा। सोचते- सोचते राजा इस निर्णय पर पहुंचा कि मधुर व्यवहार से बढ़कर शत्रु को जीतने वाला और कोई हथियार इस पृथ्वी पर नहीं है। उसने सर्प के साथ मधुर व्यवहार करके उसका मन बदल देने का निश्चय किया। शाम होते ही राजा ने उस पेड़ की जड़ से लेकर अपनी शय्या तक फूलों का बिछौना बिछवा दिया, सुगन्धित जलों का छिड़काव करवाया, मीठे दूध के कटोरे जगह जगह रखवा दिये और सेवकों से कह दिया कि रात को जब सर्प निकले तो कोई उसे किसी प्रकार कष्ट पहुंचाने की कोशिश न करें। राजा के पलंग तक जाने तक सांप का निश्चय पूरी तरह से बदल दिया। उधर समय से कुछ देर बाद सांप राजा के शयन कक्ष में पहुंचा। सांप ने राजा से कहा, राजन! मैं तुम्हें काटकर अपने पूर्व जन्म का बदला चुकाने आया था, परन्तु तुम्हारे सौजन्य और सद्व्यवहार ने मुझे परास्त कर दिया। अब मैं तुम्हारा शत्रु नहीं मित्र हूं। मित्रता के उपहार स्वरूप अपनी बहुमूल्य मणि मैं तुम्हें दे रहा हूं।

## अंतर्मन




## आज की पाती


### भीषण गर्मी का प्रकोप, तपते शहर

उत्तर भारत से लेकर पश्चिम और मध्य भारत तक इन दिनों गर्मी ने अपना विकराल रूप दिखाना शुरू कर दिया है। तापमान लगातार नए रिकॉर्ड की ओर बढ़ रहा है और आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। सड़कों पर निकलना मुश्किल हो गया है, हवा में तपिश घुली हुई है और दोपहर का समय तो जैसे आग उगलता प्रतीत होता है। हालात ऐसे हैं कि लोग जरूरी कामों के अलावा घर से बाहर निकलने से बच रहे हैं। जो निकल भी रहे हैं, वे छाता, गमछा या कपड़े से खुद को ढककर ही बाहर कदम रख रहे हैं। बच्चे, बुजुर्ग और मजदूर वर्ग इस भीषण गर्मी की सबसे ज्यादा मार झेल रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार यह तापमान सामान्य से कई डिग्री अधिक है, जिससे गर्मी की तीव्रता और भी अधिक महसूस हो रही है। *- कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## करंट अफेयर


# घर के आंगन में उतरा हॉट बलून, 13 लोग थे सवार

दक्षिणी कैलिफोर्निया में एक हॉट एयर बलून को आपात स्थिति में एक घर के परिसर में उतारना पड़ा, जिसमें 13 लोग सवार थे। यह घटना शनिवार को हुई जब एक विशाल हॉट एयर बलून, जिसमें पायलट और यात्री सवार थे, टेमेकुला के एक घर की संकरी घास वाली पट्टी पर बिल्कुल सही तरीके से उतारा गया। घर के मालिक हंटर पेरिन के मुताबिक उन्हें इन मेहमानों के आने की सूचना तब मिली जब एक पड़ोसी ने इसकी जानकारी दी। पेरिन ने 'केएबीसी-टीवी' को बताया, मैंने स्लाइडिंग कांच का दरवाजा खोला और पाया कि मेरे घर के आंगन में 13 लोगों से भरी एक टोकरी है! उसने कहा, पायलट बहुत माहिर था। बलून न तो किसी चीज से टकराया, न ही कोई घायल हुआ। ब्रियाना अवालोस, जो अपने पति के साथ शादी की दसवीं सालगिरह मनाने के लिए बलून पर सवार हुई थीं, ने बताया कि पायलट ने यात्रियों को सूचित किया कि कम ईंधन और कमजोर हवाओं के कारण उसे आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ेगी।



## ऑफ बीट


# रात में पसीना आने के कई कारण हो सकते हैं



पसीना आना शरीर की शीतलन प्रणाली का एक सामान्य हिस्सा है, जो गर्मी छोड़ने और शरीर के इष्टतम तापमान को बनाए रखने में मदद करता है। लेकिन नियमित रूप से रात में जागना, अत्यधिक पसीने से भीगना सही नहीं है। मस्तिष्क में स्थित हाइपोथैलेमस, अंतःस्रावी तंत्र का हिस्सा है और शरीर के लिए तापमान नियंत्रण केंद्र है। इसमें तापमान सेंसर होते हैं जो केंद्रीय रूप से (अंगों में) और परिधीय रूप से त्वचा में स्थित तंत्रिका कोशिकाओं (थर्मोरिसेप्टर्स) से जानकारी प्राप्त करते हैं। थर्मोरिसेप्टर्स शरीर के तापमान में बदलाव का पता लगाते हैं, हाइपोथैलेमस को वापस संकेत भेजते हैं। ये संकेत या तो शरीर को ठंडा करने के लिए पसीने को सक्रिय करेंगे या शरीर को गर्म करने के लिए कंपकंपी को सक्रिय करेंगे। उम्र या लिंग कोई भी हो, किसी को भी रात में पसीना आने का अनुभव हो सकता है। लेकिन पुरुषों की तुलना में महिलाओं को रात में पसीना अधिक आता है, इसका मुख्य कारण रजोनिवृत्ति और संबंधित बदलते हार्मोन स्तर हैं। ऐसा माना जाता है कि एस्ट्रोजन के स्तर में बदलाव से नॉरपेनेफ्रिन और सेरोटोनिन के स्तर पर प्रभाव पड़ता है।

## ट्रेंड

### कांग्रेस का असली चेहरा



जब कांग्रेस पार्टी मुद्दों पर घिर जाती है, तो उसके नेताओं की भाषा उनका असली चेहरा उजागर कर देती है। प्रधानमंत्री के विरुद्ध अपशब्दों का प्रयोग यह दर्शाता है कि विपक्ष के पास न कोई नीति है, न संकल्प।
**- शिवराज सिंह चौहान**, कृषिमंत्री

### मासूम की जागरूकता



एक आठ वर्षीय मासूम बच्ची की जागरूकता ने 1098 पर एक कॉल करके बाल विवाह को रोक दिया और एक बच्ची का बचपन बचा लिया। एक सही कदम बड़ा बदलाव ला सकता है। बाल विवाह एक अपराध है: सतर्क रहें, 1098 का उपयोग करें।
**-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय** महिला विकास मंत्री

### 'मुन्ना' का निधन दुःखद



उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह 'मुन्ना' के निधन की खबर अत्यंत दुःखद है। उन्होंने अपना पूरा जीवन जनसेवा और कांग्रेस पार्टी के मूल्यों के लिए समर्पित कर दिया। दुख की इस घड़ी में, मेरी गहरी संवेदनाएं उनके परिवार और समर्थकों के साथ हैं।
**-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### ममता को भय का सहारा



एनडीए 20 राज्यों में सत्ता में है, लेकिन कहीं भी किसी के बोलने, खाने या पूजा करने पर प्रतिबंध नहीं है। ममता बनर्जी पिछले 15 वर्षों में कोई उपलब्धि हासिल नहीं कर पाई हैं, इसलिए वे भय, भ्रम और अफवाहें फैलाने का सहारा ले रही हैं।
**-अनुराग ठाकुर, सांसद, भाजपा**

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।




# कभी लौह अयस्क का केंद्र रहा कुल्टी आज बदहाली से जूझ रहा, घुसपैठ के चक्कर में विकास ठप, ममता और स्टालिन सरकार ने अर्थव्यवस्था को 'गर्त' में डाल दिया



## भाजपा सत्ता में आई तो घुसपैठियों को बाहर करेंगे

### पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में चुनाव प्रचार चरम पर पहुंचा, कुल्टी में गृहमंत्री शाह ने ललकारा

एजेंसी ▶▶ कुल्टी

पश्चिम बंगाल में चुनावी माहौल तेज हो चुका है और दार्जिलिंग के बाद अब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल की कुल्टी विधानसभा क्षेत्र में एक जनसभा के दौरान राज्य की ममता बेनर्जी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कभी कुल्टी देश में लौह अयस्क उत्पादन का बड़ा केंद्र हुआ करता था, लेकिन मौजूदा सरकार की नीतियों के कारण यह क्षेत्र अब बंद होने की कगार पर पहुंच गया है।राज्य में औद्योगिक विकास की अनदेखी की गई है, जिससे कई पारंपरिक उद्योगों पर संकट गहराता जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि सही नीतियां अपनाई जातीं, तो कुल्टी जैसे क्षेत्र आज भी देश की अर्थव्यवस्था में अहम भूमिका निभा सकते थे। उन्होंने कहा कि यह चुनाव पूरे बंगाल को घुसपैठियों से मुक्त कराना है। शाह ने जनता से अपील करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार बनाएं। भाजपा सरकार में हर घुसपैठिए की पहचान कर उसे हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

शाह ने टीएमसी सरकार पर जुबानी हमला बोला। हम 'आयरन सिटी' का दर्जा एक बार फिर बहाल करने के लिए काम करेंगे। अवैध खनन को रोका जाएगा। उन्होंने कहा कि बंगाल का चुनाव बंगाल को घुसपैठिया मुक्त बनाने का चुनाव है। बंगाल से एक-एक घुसपैठियों को निकालने का काम करेंगे।



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह रैली के दौरान लोगों का अभिवादन करते हुए

### दार्जिलिंग की रैली में बोले — दीदी को हटाने का समय आ गया

दार्जिलिंग में जनसभा के दौरान शाह ने राज्य की राजनीतिक स्थिति पर तीखा बयान दिया। उन्होंने कहा कि राज्य में बदलाव की मांग अब तेज हो रही है और जनता परिवर्तन की दिशा में सोच रही है। शाह ने गोरखा समुदाय से जुड़े मुद्दों पर बड़ा राजनीतिक संदेश दिया। उन्होंने कहा कि अगर राज्य में भाजपा की सरकार बनती है, तो गोरखा बहनों और भाइयों की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

### ममता ने गोरखाओं के नाम काट दिए

शाह ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया में ममता दीदी और उनके प्रशासन ने कुछ गोरखाओं के नाम भी काट दिए हैं। कोई बात नहीं। सीटें तो वैसे भी हमारे पास ही आ रही हैं। जैसे ही चुनाव खत्म होंगे, भाजपा धीरे-धीरे हर एक गोरखा को वापस मतदाता सूची में शामिल कर लेगी।

#### सभी वर्गों के लिए सुविधाएं देंगे

उन्होंने कहा कि चाय बागानों में स्कूल खोलना, चाय बागान श्रमिकों को उनकी ज़मीन का मालिकाना हक देना, आवास पट्टे उपलब्ध कराना, 2 वर्ष के भीतर चाय बागान श्रमिकों की मज़दूरी में 500 रुपए से अधिक की वृद्धि होगी। सभी लाभान्वित होंगे।

#### यह अन्याय अब नहीं चलेगा

### मदरसों के लिए 5800 करोड़, उत्तर बंगाल के लिए सिर्फ 2000 करोड़

शाह ने कहा कि बंगाल के सरकारी खजाने का बड़ा हिस्सा एक खास वर्ग के लिए लुटाया जा रहा है। ममता ने उत्तर बंगाल के विकास, जनजातीय क्षेत्रों और पहाड़ों के लिए कुल मिलाकर केवल 2000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं.वहीं मुस्लिमों और मदरसों के लिए बजट का प्रावधान 5800 करोड़ रुपए रखा गया है।

#### बारानगर में बोले केंद्रीय मंत्री प्रधान

## बंगाल की कानून व्यवस्था ठीक करने बदलनी होगी सरकार



बंगाल चुनाव को लेकर केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बारानगर से भाजपा उम्मीदवार के समर्थन में प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने भरोसा जताया कि बंगाल का माहौल भाजपा के पक्ष में है और बंगाल की कानून व्यवस्था को ठीक करने के लिए सरकार बदलनी होगी। बंगाल में चुनाव निष्पक्ष तरीके से होने चाहिए क्योंकि ममता के पैरों तले से जमीन खिसक गई है।

#### खरगे ने प्रधानमंत्री को बताया आतंकवादी

### फिर दी सफाई और बोले पीएम मोदी डरा रहे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक रैली में पहले पीएम मोदी की तुलना आतंकवादी से की, फिर बचाव किया है। खरगे ने अन्ना द्रमुक पर कहा कि ऐसे लोगों के साथ हाथ मिलाना लोकतंत्र को कमजोर करने जैसा है। खरगे ने कहा कि मेरे कहने का मतलब यह था वेलोगों और राजनीतिक दलों को डराने-धमकाने का काम करते हैं।

### भाजपा का पलटवार: कांग्रेस की हताशा दिखी



खरगे के बयान पर पलटवार करते हुए भाजपा सांसद संबित पात्रा ने कहा कि खरगे ने प्रधानमंत्री के लिए जिन शब्दों का इस्तेमाल किया है, उन्हें आतंकवादी कहकर बुलाया है। यह न केवल निंदनीय है, अपितु कांग्रेस की मानसिकता है। यह जानबूझ कर किया गया कांग्रेस का षडयंत्र है। इसमें कांग्रेस की हार की हताशा दिखाई दे रही है।

#### हल्दिया में गरजीं सीएम ममता

### बंगाल में फिर बनेगी टीएमसी सरकार



सीएम ममता बनर्जी ने हल्दिया में चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने दावा किया कि टीएमसी लगातार चौथी बार सत्ता में वापसी करेगी। कोई भी भाजपा की सरकार नहीं चाहता है। उन्होंने कहा कि केंद्र से एनडीए सरकार को उखाड़ फेंकने का समय आ गया है। 2026 में भाजपा को दिल्ली की सत्ता से भी बाहर कर देंगे।

#### स्टालिन का केंद्र पर हमला

### तमिलनाडु से 'बैर' करने वालों के लिए 'खतरा'...

**चेन्नई।** तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने कहा कि जो



तमिलनाडु के साथ विश्वासघात करेंगे और इसके विकास में बाधा डालना चाहते हैं, उनके लिए वे हमेशा 'खतरा'है।

#### बंगाल में बाइक रैली पर बैन

### चुनाव आयोग बोला पीछे भी बैठे तो खैर नहीं

बंगाल में स्वतंत्र, निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव सुनिश्चित करने



राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी ने बाइक के उपयोग पर कड़े प्रतिबंध लगाए हैं। मतदान से 48 घंटे पहले किसी भी प्रकार की बाइक रैली न करें।

## खबर संक्षेप

### फ्रॉड में बैंक के 3 अफसर समेत 20 गिरफ्तार

**राजकोट।** गुजरात के राजकोट में 2500 करोड़ रके साइबर फ्रॉड का



भंडाफोड़ हुआ है। इसके साथ ही कुल गिरफ्तार आरोपियों की संख्या 20 हो गई है। यस बैंक के पर्सनल मैनेजर मौलिक कामानी, एक्सिस बैंक के मैनेजर कल्पेश डांगरिया और एचडीएफसी बैंक के पर्सनल बैंकर अनुराग बाल्धा अरेस्ट हुए हैं।

### डॉ. भागवत के खिलाफ हाईकोर्ट में अर्जी खारिज

**मुंबई।** उच्च न्यायालय की नागपुर



खंडपीठ ने संघ प्रमुख मोहन भागवत को दी जा रही जेड प्लस वीआईपी सुरक्षा कवच का खर्च सरसंचालक मोहन भागवत के जरिए वसूलने की मांग खारिज कर दी। याचिका मे यह मांग की गई थी कि उनकी सुरक्षा पर खर्च स्वयं सरसंघचालक से वसूला जाए।

### महिलाओं पर पप्पू यादव का बयान, नोटिस जारी

**पूर्णिया।** बिहार के पूर्णिया के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने महिलाओं के संबंध में कहा कि महिलाओं को राजनीति में आने के लिए कंप्रोमाइज करना पड़ता है। बिहार राज्य महिला आयोग ने यादव को नोटिस जारी किया है। आयोग ने महिलाओं के खिलाफ ऐसी टिप्पणी करने को लेकर जवाब मांगें हैं।

#### पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच देश के लिए खुशखबर

## क्रूड में उतार-चढ़ाव के बीच देशभर में पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति सामान्य

### पश्चिम एशिया में तनाव के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी दर्ज की गई। अप्रैल में इसकी कीमतों ने दुनिया को मुश्किल में डाला

क्रूड बास्केट का औसत मूल्य 116 डॉलर प्रति बैरल दर्ज किया गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में तनाव के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी दर्ज की गई है। पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि जनवरी में भारतीय क्रूड बास्केट की कीमत करीब 63 डॉलर प्रति बैरल थी, जो मार्च में 113 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गई। अप्रैल में इसका औसत मूल्य लगभग 116 डॉलर प्रति बैरल दर्ज किया गया है। वैश्विक बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद सरकार ने कहा कि देश में ईंधन की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य बनी हुई है। भारत में पेट्रोल-डीजल की कीमतें पड़ोसी देशों की तुलना में अब भी सबसे कम स्तरों में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि घरेलू रसोई गैस की उपलब्धता सामान्य है और किसी भी वितरक के यहां कमी की शिकायत नहीं मिली है। वर्तमान में गैस सिलेंडर डिलीवरी दक्षता 93 प्रतिशत है। ऑनलाइन बुकिंग में गिरावट है। यह फिलहाल 45 से 46 लाख प्रतिदिन के दायरे में है। कमर्शियल एलपीजी की आपूर्ति पूरी तरह बहाल हो चुकी है।

■ कच्चे तेल के लिए विश्व में हाहाकार

### पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता ने दी जानकारी

#### छोटे सिलेंडरों की उपलब्धता बढ़ाई

सरकार ने प्रवासी आबादी को राहत देने के लिए पांच किलो वाले छोटे सिलेंडरों की उपलब्धता भी बढ़ाई है। 3 अप्रैल से अब तक 7,400 जागरूकता शिविर लगाए गए हैं और 1.07 लाख से अधिक छोटे सिलेंडर बेचे जा चुके हैं।


पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता

#### देश में फिलहाल सबसे कम कीमतें

शर्मा ने एक अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग में कहा कि अगर आप देखें तो जनवरी में हमारा इंडियन क्रूड बास्केट लगभग 63 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल था. जो मार्च में बढ़कर 113 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल हो गया और अप्रैल में औसतन लगभग 116 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल है। वैश्विक कीमतों में तेज बढ़ोतरी और अस्थिरता के बावजूद भारत पड़ोसी देशों की तुलना में अभी भी अपेक्षाकृत कम ईंधन कीमत बनाए हुए है।

### आपूर्ति शृंखला को सुरक्षित बनाने सभी कदम उठा रहे

पशुपालन एवं डेयरी विभाग की निदेशक पूजा रुस्तगी ने अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग में बताया कि डेयरी क्षेत्र को ईंधन, गैस और प्लास्टिक पैकेजिंग सामग्री की आपूर्ति से जुड़ी कोई समस्या नहीं है। उन्होंने कहा कि उत्पादन, परिवहन और वितरण व्यवस्था सामान्य रूप से जारी है। सरकार ने स्पष्ट किया कि पश्चिम एशिया संकट के असर पर लगातार नजर रखी जा रही है और घरेलू ऊर्जा आपूर्ति शृंखला को सुरक्षित बनाए रखने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

#### प्राकृतिक गैस की आपूर्ति आसान

प्राकृतिक गैस आपूर्ति को लेकर भी सरकार ने स्थिति सामान्य बताई है। घरेलू पीएनजी और सीएनजी परिवहन की आपूर्ति 100 प्रतिशत बनाए रखी गई है। अब तक 5.68 लाख नए उपभोक्ताओं को पीएनजी कनेक्शन दिए गए हैं, जबकि 39,400 से अधिक उपभोक्ताओं ने एलपीजी कनेक्शन सरेंडर कर पीएनजी अपनाया है। देशभर के पेट्रोल पंपों पर किसी भी उत्पाद की कमी नहीं है। रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं और कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। अनियमितताओं को रोकने 2,200 से अधिक औचक निरीक्षण और छापेमारी भी की गई।

#### पेट्रोल की टेंशन जल्द होगी खत्म



### 85 प्रतिशत इथेनॉल से चलने वाली गाड़ियां दौड़ेंगी

दुनिया भर में जियोपॉलिटिकल तनाव और कच्चे तेल की लगातार बदलती कीमतों का सीधा असर हमारी जेब पर पड़ता है। अब इस बढ़ती अनिश्चितता को जड़ से खत्म करने और महंगे विदेशी तेल पर देश की भारी निर्भरता को घटाने के लिए सरकार एक दूरगामी दांव चलने जा रही है। भारत में अब 'फ्लेक्स-फ्यूल'से चलने वाले अत्याधुनिक वाहनों को तेजी से सड़कों पर उतारने की बड़ी तैयारी हो रही है। यह वो गाड़ियां होंगी जो ई-85 (ई85) ईंधन पर दौड़ सकेंगी, जिसमें 85 प्रतिशत इथेनॉल और केवल 15 प्रतिशत पेट्रोल का मिला होगा।

#### बाजार में डर कायम


युद्धविराम समझौते के चलते कीमतों में थोड़ी नरमी है, लेकिन सप्लाई चेन के रुकने का डर अभी भी पूरे बाजार में बना हुआ है। 'हर्मुज 'ने इस ऊर्जा चिंता को और ज्यादा गहरा कर दिया है।

#### वेणुगोपाल ने बिरला को लिखा पत्र

## पीएम मोदी के खिलाफ दिया विशेषाधिकार हनन का नोटिस

विपक्ष की आलोचना पर भड़के वेणुगोपाल स्पीकर से की मांग





एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को विशेषाधिकार हनन (प्रिविलेज नोटिस) दिया है। अपने पत्र में वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने 18 अप्रैल 2026 को राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में लोकसभा के सदस्यों पर आपत्तिजनक टिप्पणी की और उनके इरादों पर सवाल उठाए। कांग्रेस का कहना है कि यह संसद की गरिमा और सांसदों के अधिकारों का उल्लंघन है।पीएम मोदी का यह संबोधन उस समय हुआ जब लोकसभा में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक 2026 पारित नहीं हो सका था। कांग्रेस का आरोप है कि इस भाषण में प्रधानमंत्री ने विपक्षी सांसदों के मतदान और उनकी मंशा को लेकर सीधे तौर पर टिप्पणियां कीं।

#### संसद और लोकतंत्र की गरिमा से जुड़ा मामला

पीएम मोदी के खिलाफ लिखे इस पत्र में वेणुगोपाल ने पूरे मामले को बेहद गंभीर बताया। उन्होंने कहा कि यह मामला बेहद गंभीर है क्योंकि यह सिर्फ किसी व्यक्ति पर हमला नहीं, बल्कि संसद और लोकतंत्र की गरिमा से जुड़ा मुद्दा है। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष से तुरंत कार्रवाई की मांग की है।

इसके साथ ही कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि सांसदों के अधिकारों की रक्षा और संसद की गरिमा बनाए रखना जरूरी है, ताकि भविष्य में ऐसे मामलों की पुनरावृत्ति न हो। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने भी इस मुद्दे पर कहा कि प्रधानमंत्री का यह संबोधन पहले से तय परंपराओं के खिलाफ था और इसमें विपक्ष पर कई राजनीतिक हमले किए गए।

#### प्रधानमंत्री ने विपक्ष की आलोचना की थी

केंद्र सरकार ने महिला आरक्षण से जुड़े 3 विधेयकों को पास कराने के लिए 16 से 18 अप्रैल तक संसद का विशेष सत्र बुलाया था, जिस पर लंबी बहस हुई। शुक्रवार को शाम 5 बजे के बाद हुए मतदान में इसे जरूरी 2 तिहाई वोट नहीं मिल सके और यह प्रस्ताव गिर गया। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने 18 अप्रैल को रात साढ़े 8 बजे दूरदर्शन पर 'राष्ट्र के नाम संबोधन' किया, जिसमें विपक्षी सांसदों की आलोचना की थी।

#### केरलम के त्रिशूर में पटाखा गोदाम में आग

## 13 लोगों की मौत, कई की हालत गंभीर, प्रधानमत्री ने दुख जताया

एजेंसी ▶▶ त्रिशूर

केरलम के त्रिशूर जिले में वडक्कनचेरी नगर पालिका के तहत मुंडाथिकोड गांव में पटाखा गोदाम में आग लग गई। इस हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई है। केरल राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार घटनास्थल से कई लोगों को बचाया गया है। घायलों में से 5 लोगों का क्रिटिकल केयर में इलाज चल रहा है। 2 घायलों को वार्ड में



भर्ती किया गया है, जबकि 17 अन्य को मामूली चोटें आई हैं। केरलम में यह घटना मथलप्पिल्ली तालुक के मुंडाथिकोड गांव में हुई है। हादसे के वक्त 40 लोग काम कर रहे थे। इस पर पीएम मोदी ने दुख जताया है।

#### महिला आरक्षण का मुद्दा कभी शांत नहीं होगा, आरक्षण पर महिलाओं का 100 प्रतिशत हक

## भाजपा महिलाओं को 2029 में ही 33% आरक्षण दिलाने का प्रयास करती रहेगी: बड़ौली

### शीघ्र जारी होगी हरियाणा नगर निकाय चुनाव के प्रत्याशियों की लिस्ट

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ोली ने मंगलवार को दिल्ली हरियाणा भवन में प्रेस वार्ता के दौरान विपक्षी दलों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम संशोधन बिल के साथ परिसीमन बिल देश की महिलाओं को राजनीतिक भागीदारी में सशक्त बनाने के लिए बेहद जरूरी था, लेकिन विपक्षी दलों ने इसमें बाधा डालकर महिलाओं को उनके राजनीतिक अधिकारों से वंचित किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा महिलाओं को 2029 में ही 33 प्रतिशत आरक्षण दिलाने का प्रयास करती रहेगी।



बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र ने 16 से 18 अप्रैल तक विशेष सत्र बुलाकर इस अहम विधेयक को पारित कराने की मजबूत इच्छा दिखाई। 3 दिवसीय विशेष सत्र में सरकार ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की दिशा में कदम बढ़ाया, लेकिन विपक्षी दलों ने अड़ंगा लगा दिया। यह विधेयक महिलाओं के लिए 40 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद एक बड़ा अवसर था। विपक्ष के इस रवैये से देश की आधी आबादी में भारी आक्रोश है और महिलाएं इसे कभी नहीं भूलेंगी। भाजपा सरकार ने पहले ही पंचायत, जिला परिषद, ब्लॉक समिति में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देकर उन्हें सशक्त बनाने का काम किया है। आरक्षण मिलने से महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है और वे नेतृत्व की भूमिका में आगे आई हैं। उन्होंने कांग्रेस पर झूठ फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस ने यह भ्रम फैलाया कि इस बिल से दक्षिण भारतीय राज्यों के साथ भेदभाव होगा जबकि संसद में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट कर दिया था कि किसी भी राज्य के साथ कोई भेदभाव नहीं किया जाएगा। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि यह वही कांग्रेस है जिसने शाह बानो केस में महिलाओं के अधिकारों से समझौता किया और ट्रिपल तलाक जैसे मुद्दों पर भी महिलाओं के हितों के खिलाफ खड़ी रही। विपक्ष का रवैया यह साफ दिखाता है कि विपक्ष की मंशा महिलाओं को अधिकार देना नहीं, बल्कि प्रक्रिया को उलझाकर रोकना है। बड़ौली ने कहा कि यह पूरा मामला परिवारवाद बनाम सामान्य महिला की लड़ाई को उजागर करता है। विपक्ष नहीं चाहता कि गांव, गरीब और मध्यम वर्ग की महिलाएं संसद में आएं, क्योंकि इससे उनके राजनीतिक वर्चस्व को खतरा होगा। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा कभी शांत होने वाला नहीं है। आरक्षण पर महिलाओं का 100 प्रतिशत हक है और वो उनको मिलकर रहेगा।

## खबर संक्षेप

### बायोकॉन को दो जैविक दवाओं के लिए नोटिस

**नई दिल्ली।** बायोकॉन लिमिटेड को कनाडा की स्वास्थ्य नियामक संस्था हेल्थ कनाडा से अपनी जैविक दवाओं बोसाया और वेवजुओ के लिए अनुपालन नोटिस मिला है। कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। ये दवाएं ऑस्टियोपोरोसिस (हड्डियों की कमजोरी) और कैंसर से जुड़ी हड्डी संबंधी जटिलताओं के इलाज में उपयोग होती हैं। कंपनी के अनुसार, हेल्थ कनाडा ने तीन अप्रैल 2026 को बोसाया (डेनोसुमैब) और वेवजुओ (डेनोसुमैब) के लिए नोटिस दिया, जो क्रमशः प्रोलेया और एक्सजीवा की जैविक दवाएं (बायोसिमिल) हैं।

### अदाणी पावर की परमाणु ऊर्जा के लिए इकाई गठित

**नई दिल्ली।** अदाणी पावर ने परमाणु स्त्रोतों से प्राप्त बिजली के उत्पादन, पारेषण और वितरण के लिए एक इकाई का गठन किया है। सरकार का लक्ष्य 2047 तक 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा क्षमता हासिल करना है। इस क्षेत्र में निजी भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए कई विधायी बदलाव किए गए हैं। अदाणी पावर ने बताया कि उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी अदाणी एटॉमिक एनर्जी लिमिटेड ने 20 अप्रैल 2026 को रावतभाटा-राज एटॉमिक एनर्जी लिमिटेड नामक एक पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी का गठन किया है।

### एनसीएलएटी ने इंटेल पर लगाया जुर्माना

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) द्वारा अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनी इंटेल कॉरपोरेशन पर लगाए गए 27.38 करोड़ रुपये के जुर्माने पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है। अपीलीय न्यायाधिकरण की दो-सदस्यीय पीठ ने इंटेल को यह राहत देते हुए कहा कि कंपनी पहले ही जुर्माने की 25 प्रतिशत राशि जमा कर चुकी है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# 15 साल बाद बदल रहा एप्पल का सीईओ, कुक की जगह जॉन संभालेंगे कमान


एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया की सबसे वैल्यूएबल कंपनी एप्पल ने आखिरकार अपने नए सीईओ के नाम का खुलासा कर ही दिया। बीते 4-5 साल से यह खबर उड़ती रहती है कि एप्पल टिम कुक की जगह नया सीईओ बना रही है। लेकिन, इन अफवाहों के बीच कुक ने अपने 15 साल बतौर सीईओ पूरे भी कर लिए और अब जाकर कंपनी ने जॉन टर्नस को अपना मुख्य कार्यकारी अधिकारी यानी सीईओ चुन लिया है। टिम कुक लगातार 15 साल तक एप्पल के सीईओ रहे, जो कंपनी के किसी भी अन्य सीईओ के मुकाबले सबसे ज्यादा अवधि है। अब 1 सितंबर, 2026 से उनकी जगह जॉन संभालेंगे। इससे पहले तक जॉन का नाम नहीं सुना हो तो उनके बारे में यह जान लीजिए कि एप्पल को आज सबसे मूल्यवान कंपनी बनाने का श्रेय जॉन को भी उतना ही जाता है, जितना कुक के नाम है। टर्नस ने साल 2001 में एप्पल की प्रोडक्ट डिजाइन टीम को ज्वाइन किया था, जहां शुरुआत में उन्होंने एप्पल सिनेमा डिस्प्ले पर काम किया। उनकी काबिलियत को देखते हुए कंपनी ने साल 2013 में ही हार्डवेयर इंजीनियरिंग विभाग का वाइस प्रेसिडेंट बना दिया। टर्नस सीधे टिम कुक को रिपोर्ट करते थे। साल 2020 में उन्होंने आईफोन हार्डवेयर की कमान संभाली और फिर साल 2021 में सीनियर वाइस प्रेसिडेंट बना दिया गया।

## टर्नस 1 सितंबर 2026 से एप्पल के सीईओ टीम का पदभार संभालेंगे

### डिजाइन और क्वालिटी निर्धारित करने में प्रमुख भूमिका

जॉन टर्नस फिलहाल एप्पल के हार्डवेयर इंजीनियरिंग विभाग के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट हैं। यह वही वभिाग है, जो एप्पल आईफोन से लेकर तमाम प्रोडक्ट की डिजाइन और क्वालिटी निर्धारित करने में प्रमुख भूमिका निभाता है। खुद टिम कुक ने उनकी तारीफ करते हुए कहा है कि जॉन दिमाग से इंजीनियर और आत्मा से इनोवेटर हैं। इसका मतलब है कि उनका स्वभाव ही कुछ नया खोजने और करने का है। उनकी अगुवाई में ही एप्पल की इंजीनियरिंग इतनी शानदार हो गई है, जिसे आज दुनिया की कोई टेक कंपनी टक्कर नहीं दे पाती है।





### डेड स्टार्टअप से शुरू किया था करियर

जॉन टर्नस ने साल 1997 में यूनिवर्सिटी ऑफ पेंसिलवेनिया से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की और लगभग खत्म हो चुके एक स्टार्टअप वर्चुअल रिसर्च सिस्टम में बतौर मैकेनिकल इंजीनियर अपना करियर शुरू किया। इस स्टार्टटप के लिए भी टर्नस ने वर्चुअल रियलिटी हेडसेट डिजाइन किए। इससे पहले पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने सिर के मूवमेंट से चलने वाला मैकेनिकल फीडिंग ऑर्म डिजाइन किया, जो शुरुआत से ही उनके प्रैक्टिकल अप्रोच को दिखाता है।

## संयुक्त राष्ट्र के ईएससीएपी ने जारी की रिपोर्ट

# भारत की अर्थव्यवस्था के इस वर्ष 6.4 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमानः संयुक्त राष्ट्र

एजेंसी ▶▶| संयुक्त राष्ट्र

भारत की अर्थव्यवस्था के इस वर्ष 6.4 प्रतिशत और 2027 में 6.6 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई। संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक आयोग एशिया व प्रशांत (ईएससीएपी) ने सोमवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि दक्षिण एवं दक्षिण-पश्चिम एशिया की अर्थव्यवस्थाएं 2025 में 5.4 प्रतिशत की दर से बढ़ीं जबकि 2024 में वृद्धि दर 5.2 प्रतिशत थी। इसमें भारत की मजबूत वृद्धि का प्रमुख योगदान रहा। 'इकोनॉमिक एंड सोशल सर्वे ऑफ एशिया एंड द पैसिफिक 2026' शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया कि भारत की वृद्धि दर 2025 में बढ़कर 7.4 प्रतिशत हो गई। इस मजबूत खपत, विशेष रूप से ग्रामीण अर्थव्यवस्था से मांग, माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती और अमेरिका के शुल्क लागू होने से पहले निर्यात में तेजी ने समर्थन दिया।

- दक्षिण-पश्चिम की अर्थव्यवस्था 2025 में 5 .4 फीसदी की दर से बढ़ी

**खास बातें**

- एशिया की अर्थव्यवस्था वर्ष 2024 में वृद्धि दर 5 .2 प्रतिशत रही
- ग्रामीण अर्थव्यवस्था से मांग और जीएसटी दरों में कटौती से समर्थन मिला



### अमेरिका को निर्यात में 25 फीसदी की गिरावट

रिपोर्ट में कहा गया कि भारत में 2025 की दूसरी छमाही में आर्थिक गतिविधियां धीमी पड़ीं क्योंकि अगस्त 2025 में 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के बाद अमेरिका को निर्यात में 25 प्रतिशत की गिरावट आई। सेवा क्षेत्र प्रमुख वृद्धि चालक बना रहा। इसमें अनुमान लगाया गया है कि भारत 2026 में 6.4 प्रतिशत और अगले वर्ष 6.6 प्रतिशत की दर से वृद्धि करेगा।

### मुद्रास्फीति 4.4 प्रतिशत रहने के आसार

देश में मुद्रास्फीति के इस वर्ष 4.4 प्रतिशत और 2027 में 4.3 प्रतिशत रहने के आसार हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि व्यापार तनाव एवं भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच विकासशील एशियाई एवं प्रशांत अर्थव्यवस्थाओं में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रवाह घटा है। 2024 में 0.6 प्रतिशत वृद्धि के बाद 2025 में इस क्षेत्र में एफडीआई दो प्रतिशत घटा जबकि वैश्विक प्रवाह में 14 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

### प्रत्यक्ष विदेशी निवेश सबसे अधिक आकर्षित

इसमें कहा गया, '' एशिया-प्रशांत क्षेत्र में पहले तीन तिमाहियों में जिन देशों ने नए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को सबसे अधिक आकर्षित किया... वे भारत, ऑस्ट्रेलिया, कोरिया गणराज्य और कजाखस्तान हैं... जहां क्रमशः 50 अरब डॉलर, 30 अरब डॉलर, 25 अरब डॉलर और 21 अरब डॉलर के निवेश की घोषणाएं हुईं।''

### व्यक्तिगत धन प्रेषण बढ़ा

रिपोर्ट में कहा गया कि अपने देश से बाहर कार्यरत एशिया और प्रशांत के श्रमिकों द्वारा भेजा जाने वाला व्यक्तिगत धन प्रेषण (रेमिटेंस) लगातार बढ़ रहा है जिससे घरेलू रोजगार की कमजोर परिस्थितियों के प्रभाव को कम करने में मदद मिली।

### प्रतिवर्ष आठ लाख नौकरियां सृजित हुई

इसमें अंतरराष्ट्रीय नवीकरणीय ऊर्जा एजेंसी (आईआरईएनए) के अनुमान का भी उल्लेख किया गया जिसके अनुसार वैश्विक स्तर पर लगभग 1.66 करोड़ हरित नौकरियां थीं और 2012 से 2024 के बीच प्रतिवर्ष लगभग आठ लाख नई नौकरियां सृजित हुईं जो सात प्रतिशत वार्षिक वृद्धि को दर्शाती हैं। इन 1.66 करोड़ नौकरियों में से 73 लाख चीन में, 13 लाख भारत में और 25 लाख एशिया के अन्य हिस्सों में सृजित हुईं जो वैश्विक कुल का क्रमशः 44 प्रतिशत, 8 प्रतिशत और 15 प्रतिशत हैं।

# एआई से तैयार सामग्री पर लगातार दिखाना होगा पहचान चिन्ह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कृत्रिम मेधा (एआई) से तैयार सामग्री के लिए सख्त खुलासा मानदंड प्रस्तावित करते हुए ऐसी सामग्रियों पर अनिवार्य, लगातार और स्पष्ट रूप से दिखने वाला पहचान चिन्ह लगाने का मंगलवार को सुझाव दिया।

- सख्त खुलासा मानदंड प्रस्तावित करते हुए सरकार ने रखा प्रस्ताव

मंत्रालय की तरफ से जारी मसौदा संशोधनों के तहत, अब 'प्रमुख रूप से दिखाई देने' की जगह पूरे वीडियो या विजुअल कंटेंट की अवधि के दौरान निर्धारित पहवान चिन्ह को लगातार और स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करना होगा। इन संशोधनों में स्वतंत्र रूप से समाचार सामग्री तैयार करने वाले निर्माताओं को भी नियामकीय दायरे में लाने और उनके लिए सरकारी परामर्शों का पालन अनिवार्य करने का प्रावधान किया गया है। मंत्रालय ने सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) नियमों में संशोधन के मसौदे में इन बदलावों को प्रस्तावित किया है। मंत्रालय ने हितधारकों से सुझाव और टिप्पणियां आमंत्रित करने की समय-सीमा को भी बढ़ाकर सात मई कर दिया है, जो पहले 29 अप्रैल निर्धारित था। मंत्रालय ने मसौदा दस्तावेज जारी करते हुए कहा, नियम 3(3)(ए)(आईआई) में संशोधन कर 'विजुअल प्रदर्शन में प्रमुख रूप से दिखाई देने' वाले शब्दों की जगह यह सुनिश्चित करने का प्रावधान किया गया है कि ऐसे पहचान चिन्ह उस सामग्री की पूरी अवधि के दौरान लगातार और स्पष्ट रूप से प्रदर्शित हों।



### पहचान को अधिक पारदर्शी बनाना


मंत्रालय ने कहा कि इन अतिरिक्त संशोधनों को सार्वजनिक परामर्श के लिए जारी किया गया है ताकि हितधारक पहले से जारी मसौदे के साथ इन नए प्रस्तावों पर भी अपने सुझाव दे सकें। प्रस्तावित बदलावों का उद्देश्य एआई-जनित या कृत्रिम रूप से तैयार सामग्री की पहचान को अधिक पारदर्शी बनाना और उपयोगकर्ताओं को भ्रामक कंटेंट से बचाना है।

# तीसरे दिन बाजार में तेजी, सेंसेक्स 753 अंक उछला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

कच्चे तेल में नरमी और ईरान-अमेरिका के बीच शांति वार्ता में प्रगति की उम्मीदों से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स 753 अंक चढ़कर बंद हुआ जबकि निफ्टी 212 अंक की बढ़त में रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 753.03 अंक की बढ़त के साथ 79,273.33 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 846.78 अंक चढ़कर 79,367.08 के स्तर तक पहुंच गया था। वहीं, निफ्टी 211.75 अंक बढ़कर 24,576.60 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में ट्रेंट, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक और एक्सिस बैंक के शेयर प्रमुख रूप से बढ़त में रहे। दूसरी तरफ, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, टाइटन, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एनटीपीसी के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.75 प्रतिशत गिरकर 94.76 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। विशेषज्ञों के मुताबिक, पश्चिम एशिया में तनाव कम होने की उम्मीदों और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से निवेशकों की धारणा मजबूत हुई।

- शांति वार्ता की प्रगति से बाजार में बढ़ी उम्मीदें



### परसिस्टेंट सिस्टम्स का लाभ 33.7 प्रतिशत बढ़कर 529.26 करोड़ रुपये रहा

**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी परसिस्टेंट सिस्टम्स का वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 33.73 प्रतिशत बढ़कर 529.26 करोड़ रुपये रुपये रहा। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 395.76 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में कंपनी की परिचालन आय करीब 25 प्रतिशत बढ़कर 4,055.93 करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 3,242.11 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने बताया कि नए श्रम संहिताओं के लागू होने के कारण 89 करोड़ रुपये का वैधानिक प्रभाव पड़ा है। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी का शुद्ध लाभ 33.20 प्रतिशत बढ़कर 1,865.12 करोड़ रुपये हो गया।

### चीनी कंपनी चेरी ने प्रीमियम सब-ब्रांड इक्सीड ईएक्स7 पेश की

**नई दिल्ली।** चीनी ऑटोमोबाइल कंपनी चेरी ने अपने प्रीमियम सब-ब्रांड एक्सीड की नई एसयूवी एक्सीड ईएक्स 7 पेश की है। यह कार खास तौर पर इलेक्ट्रिक व्हीकल सेगमेंट में नई टेक्नोलॉजी और लंबी रेंज के साथ लांच की गई है। इस एसयूवी की सबसे बड़ी खासियत इसकी बेहद लंबी ड्राइविंग रेंज है। कंपनी का दावा है कि यह गाड़ी एक बार चार्ज करने पर 1520 किलोमीटर तक चल सकती है। इसमें दो तरह के पावरट्रेन ऑप्शन मिलते हैं, पहला पूरी तरह इलेक्ट्रिक और दूसरा एक्सटेंडेड रेंज इलेक्ट्रिक (ईआरईवी) है। ईआरईवी वर्जन में बैटरी के साथ एक छोटा इंजन भी होता है जो जरूरत पड़ने पर बैटरी को चार्ज करता रहता है, जिससे गाड़ी लंबी दूरी तय कर पाती है और ड्राइवर को बार-बार चार्जिंग की चिंता नहीं रहती। यह बैटरी तकनीक मौजूदा लिथियम-आयन बैटरियों से ज्यादा सुरक्षित, ज्यादा एनर्जी स्टोर करने वाली और लंबी लाइफ वाली मानी जाती है।

### जेएसडब्ल्यू स्टील ने पॉस्को से किया उद्यम समझौता

**नई दिल्ली।** सज्जन जिंदल के नेतृत्व वाली जेएसडब्ल्यू स्टील ने दक्षिण कोरिया की इस्पात कंपनी पॉस्को के साथ संयुक्त उद्यम समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत ओडिशा में 60 लाख टन सालाना क्षमता वाला इस्पात संयंत्र स्थापित किया जाएगा। राष्ट्रीय राजधानी में भारत-कोरिया व्यापार मंच की बैठक में यह घोषणा की गई। बयान में, जेएसडब्ल्यू स्टील ने कहा कि परियोजना के लिए भूमि का अधिग्रहण कर लिया गया है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टी.आर.एस./पूर्वोत्तर रेलवे, लोको शेड गोण्डा द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु खुली ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं :

**निविदा सूचना संख्या एवं कार्य का नाम - 1. निविदा सूचना संख्या : LS-GD-2026-SIV-2x130,** ''गोंडा लोको शेड में स्थित इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव में लगे मेधा कंपनी के एसआईवी यूनिट (2x130 केवीए) का 3 साल के लिए एएमसी'', **अनुमानित लागत :** रु. 31,86,008.50, **निविदा की अवधि :** 36 माह, **अग्रिम धन राशि :** रु. 63,700.00.

• ऑफर अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय 12.05.2026, 12:00 बजे। • इस ई-निविदा से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी, न्यूनतम अर्हतायें तथा नियम एवं शर्तें, रेलवे की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं। • निविदाकार, ई–निविदा प्रपत्र को अपलोड करने पूर्व इस ई–निविदा से सम्बन्धित शुद्धि पत्र (यदि कोई हो) को वेबसाईट पर संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**नोट :-** 1. इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल ऑफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। 2. विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in को देखें।

**समंविइं/टीआरएस, पूर्वोत्तर रेलवे,**
**मुजाधि/विद्युत-20 लोको शेड गोण्डा**

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

## राशिफल

**मेष** — आज का दिन आपके लिए ऊर्जा और प्रगति से भरा रहेगा। करियर में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं, जहां आपका नेतृत्व कौशल चमकेगा।

**वृष** — आज स्थिरता और संतुलन का दिन रहेगा। आर्थिक मामलों में सावधानी बरतें, अनावश्यक खर्च से बचें। बातचीत से समस्याएं हल होंगी।

**मिथुन** — आज अवसरों और रचनात्मकता से भरा दिन है। संचार कौशल बढ़ेगा, नए विचारों से करियर में तरक्की संभव। उत्साह बनाए रखें।

**कर्क** — आज भावनात्मक संतुलन और आत्म–निरीक्षण का दिन रहेगा। परिवार में खुशियां रहेंगी, लेकिन कार्यस्थल पर दबाव हो सकता है।

**सिंह** — आज ऊर्जा और आत्मविश्वास से भरा दिन है। करियर में सफलता के नए अवसर मिल सकते हैं, नेतृत्व क्षमता चमकेगी। परिवार में सुख–शांति रहेगी।

**कन्या** — आज व्यावहारिकता और मेहनत का दिन रहेगा। कार्यस्थल पर पुराने काम पूरे होंगे, लेकिन नई योजनाओं में सावधानी बरतें।

**तुला** — आज संतुलन और रिश्तों पर फोकस रहेगा। प्रेम और वैवाहिक जीवन में गहराई आएगी, लेकिन छोटी बातों पर ध्यान दें। करियर में टीम वर्क फायदेमंद होगा।

**वृश्चिक** — आज गहनता और परिवर्तन का दिन है। करियर में चुनौतियां आएंगी, लेकिन मेहनत से सफलता मिलेगी। परिवार में भावनात्मक मुद्दे हल होंगे।

**धनु** — आज साहस और नई शुरुआत का दिन रहेगा। यात्रा या शिक्षा से जुड़े काम फायदेमंद होंगे। करियर में प्रगति संभव। परिवार में खुशियां रहेंगी।

**मकर** — आज अनुशासन और मेहनत का दिन है। करियर में स्थिरता रहेगी, लेकिन नई योजनाओं में देरी हो सकती है। परिवार में शांति बनी रहेगी।

**कुंभ** — आज नवीन विचारों और सामाजिक गतिविधियों का दिन रहेगा। दोस्तों और नेटवर्क से फायदा हो सकता है। करियर में रचनात्मकता दिखाएं।

**मीन** — आज आध्यात्मिकता और आत्म–चिंतन का दिन है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें, योग–ध्यान लाभकारी रहेगा। करियर में छोटे बदलाव फायदेमंद।

### देश को 100 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण का लक्ष्य रखना चाहिए

**नई दिल्ली (एजेंसी )।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि देश को निकट भविष्य में 100 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण हासिल करने का लक्ष्य रखना चाहिए, क्योंकि पश्चिम एशिया संकट के बीच तेल आपूर्ति की अनिश्चितता ने देश के लिए ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनना जरूरी कर दिया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एक अप्रैल से लागू होने वाले कॉरपोरेट औसत ईंधन दक्षता-तीन मानकों का इलेक्ट्रिक और 'फ्लेक्स-फ्यूल' वाहनों पर ज्यादा असर नहीं पड़ेगा। 'फ्लेक्स फ्यूल' वाहन एक ऐसा वाहन है जिसमें पेट्रोल/डीजल इंजन लगा होता है और इसे एक से अधिक प्रकार के ईंधन पर चलने के लिए डिजाइन किया गया है। आमतौर पर पेट्रोल को एथनॉल या मेथनॉल के साथ मिलाकर 'फ्लेक्स फ्यूल' के रूप में इसका उपयोग किया जाता है। गडकरी ने इंडियन फेडरेशनल ऑफ ग्रीन एनर्जी के हरित परिवहन सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि देश इस समय पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण ऊर्जा संकट का सामना कर रहा है, इसलिए ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनना जरूरी है। वर्ष 2023 में नरेन्द्र मोदी ने 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रित पेट्रोल (ई-20) की शुरुआत की थी और वर्तमान में वाहन मामूली बदलाव के साथ इस पर चल सकते हैं।

### चांदी 700 रुपये मजबूत सोने में 300 रुपये की तेजी


**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को चांदी की कीमत 700 रुपये बढ़कर 2.58 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई, जबकि वैश्विक अनिश्चितता और मिले-जुले वैश्विक संकेतों के बीच सोने की कीमतों में भी मामूली बढ़त देखने को मिली। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 300 रुपये बढ़कर 1,57,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। लेमन मार्केट्स डेस्क के शोध विश्लेषक, गौरव गर्ग ने बताया कि घरेलू बाजारों में सोने की कीमत में मामूली तेजी देखने को मिली, क्योंकि पश्चिम एशिया में तनाव लगातार बढ़ रहा है, जिसके चलते निवेशक 'सुरक्षित निवेश' की ओर रुख कर रहे हैं। हालांकि, वैश्विक रुझान कमजोर बने रहे। हाजिर चांदी 1.29 प्रतिशत घटकर 78.69 डॉलर प्रति औंस रह गई, जबकि सोना लगभग एक प्रतिशत घटकर 4,776.85 डॉलर प्रति औंस रह गया। मडॉलर में मजबूती और अमेरिका-ईरान वार्ता को लेकर बनी अनिश्चितता के कारण हाजिर सोना 4,780 डॉलर प्रति औंस के स्तर के आसपास बना रहा। अमेरिका द्वारा ईरान के साथ बातचीत की संभावना का संकेत दिए जाने के बावजूद तेहरान ने बातचीत में शामिल होने का कोई स्पष्ट संकेत नहीं दिया है।

### उत्तर पशिचम रेलवे ने विद्युतीकरण, ऊर्जा दक्षता एवं परिचालन क्षमता में हासिल की महत्वपूर्ण उपलब्धियां



**नई दिल्ली।** उत्तर पशिचम रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान रेलवे विद्युतीकरण, ऊर्जा संरक्षण, परिचालन दक्षता तथा यात्री सुविधाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। यह उपलब्धियां भारतीय रेलवे के आधुनिकीकरण तथा पर्यावरण अनुकूल परिवहन प्रणाली को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री अमित सुदर्शन के अनुसार उत्तर-पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री अमिताभ के कुशल मार्गदर्शन में उत्तर पश्चिम रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान रेलवे विद्युतीकरण, ऊर्जा संरक्षण, परिचालन दक्षता तथा यात्री सुविधाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। रेलवे विद्युतीकरण में उल्लेखनीय प्रगति-उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा वर्ष 2025-26 में कुल 83 रूट किलोमीटर (आरकेएम) /262.71 ट्रैक किलोमीटर (टीकेएम) का विद्युतीकरण पूर्ण किया गया है। जयपुर मंडल के अंतर्गत दौसा-अरनिया कलां सलेमपुरा एवं लालसोट-गंगापुर सिटी रेलखंडों में 2.25 केवी प्रणाली के तहत कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न दोहरीकरण परियोजनाओं के अंतर्गत भी कई रेलखंडों का विद्युतीकरण किया गया है, जिससे ट्रेनों के संचालन में गति एवं क्षमता में वृद्धि हुई है।

## शब्द पहेली - 6203



**बाएँ से दाए-**

1. सफल, उत्तीर्ण-4
5. ओस, रजनीजल-4
7. फरार होना, चंपत होना, पलायन करना-5
9. महीना, मास-2
10. साल का बारहवां भाग-2
13. पुचकारना-4
15. विष्णु, चक्रधारी-4
17. निरुत्तर होना-5
18. अपनत्व-5
20. असम के इस शहर को बादलों का घर कहा जाता हैं-4
23. निकृष्ट, अल्पतर-4
26. अंधकार-2
27. बुरा आदत-2
29. रसायन संबंधी-5
31. ब्राम्हण, सम्राट-4
32. गजानन, गणपति-4

**ऊपर से नीचे**

2. मां, आई, मदर-2
3. बारिश का गिरना-4
4. निर्माता, रचयिता-5
5. लज्जाना -4
6. मुलायम-2
8. उम्मीद-2
9. हार, जयमाल-2
11. हरे रंग का-2
12. वचन, प्रतिज्ञा -2
14. हैंडलूम, इस यंत्र पर धागों से बुनाई होती है-5
16. जनेऊ, उपनयन संस्कार-5
19. विलेन, नायक का विलोम-5
20. बादल-2
21. बुरी आदत-2
22. यम, मृत्यु का देवता-4
23. पानी के बहने की आवाज-2,2
24. वोट, अभिमत-2
28. इस जगह-2
30. कारावास, बंधन-2

**शब्द पहेली -6202 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ल | ह | | म | | प | र | दा | न | शी |
| पू | | क | ल | श | | छ | बी | ल | | त |
| त | ल | | | व | | ता | | | सा | ल |
| | ल | | धा | रा | प्र | वा | ह | | व | |
| म | क | ब | रा | | था | | म | हा | न | ता |
| | | | वा | दा | | मा | स | | | |
| ह | म | रा | ही | | पा | | फ | र | मा | न |
| | यू | | क | हा | नी | का | र | | य | |
| ख | र | | | थी | | र | | | का | न |
| प | | ब | र | खा | | ना | र | द | | य |
| त | र | स | खा | ना | | मा | | म | न | न |



## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 6 | 5 | 0 | 11 |
| बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 8 |
| हैदराबाद | 7 | 4 | 3 | 8 |
| राजस्थान | 6 | 4 | 2 | 8 |
| दिल्ली | 6 | 3 | 3 | 6 |
| गुजरात | 6 | 3 | 3 | 6 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| चेन्नई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| लखनऊ | 6 | 2 | 4 | 4 |
| कोलकाता | 7 | 1 | 5 | 3 |

**ऑरेंज कैप**



हेनरिक क्लासेन
283 रन
हैदराबाद

**पर्पल कैप**



अंशुल कंबोज
13 विकेट
चेन्नई

# तिलक को समझाने में आ गया था चक्कर : हार्दिक

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

आईपीएल 2026 में सोमवार को नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में गुजरात टाइटंस (जीटी) और मुंबई इंडियंस (एमआई) बीच खेले गए मुकाबले में फैंस को तिलक वर्मा का विस्फोटक और यादगार शतक देखने को मिला। तिलक ने अपने शतक के मुंबई को जीटी पर 99 रनों से जीत दिलाई और पिछले 4 मैचों में मिले हार के क्रम को तोड़ा। तिलक वर्मा मैच के दौरान एक समय बेहद धीमी बल्लेबाजी कर रहे थे। वह एक समय 22 गेंदों पर सिर्फ 19 रन बनाकर खेल रहे थे। इस समय ऐसा लग रहा था कि एमआई एक और हार की तरफ बढ़ रही है। तिलक वर्मा के साथ क्रीज पर कप्तान हार्दिक पांड्या मौजूद थे। हार्दिक ने तिलक को समझाया कि उन्हें कैसे खेलना है और वह क्या कर सकते हैं। इस दौरान हार्दिक तिलक पर गुस्से में नजर आए थे, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हार्दिक ने मैच के बाद खुलासा किया कि उन्होंने तिलक से क्या कहा था। हार्दिक ने कहा, मैंने उससे कहा कि तुम बस गेंद को देखो और हिट करो, चाहे कुछ भी हो। मुझे सच में लगता है कि उसके बल्ले से जिस तरह से गेंद निकलती है वह सच में कुछ खास है। समय आ गया था कि वह कुछ करे। हां, मुझे लगता है कि कुछ बार मैं इतनी जोर से चिल्लाया कि मुझे चक्कर आ गया। ग्रुप के लिए इसकी बहुत जरूरत थी।

### मुंबई इंडियंस को जीत की थी बहुत जरूरत

तिलक के लिए इसकी बहुत जरूरत थी। मुंबई इंडियंस के लिए इसकी बहुत जरूरत थी। एक कप्तान के तौर पर भी, उस तरह की एनर्जी चीजों को बदल देती है। हार्दिक के समझाने के बाद तिलक वर्मा ने ऐसी बल्लेबाजी की जो कभी-कभार ही देखने को मिलती है। ऐसा लग रहा था कि तिलक ने कप्तान की बात को अपनी अहम पर ले लिया और फिर उसके बाद सिर्फ छक्के और चौकों में बात करने लगे। 22 पर 19 वाले तिलक 45 गेंदों पर 101 पर पहुंच गए। इस दौरान बाएं हाथ के इस युवा बल्लेबाज ने 7 छक्के और 8 चौके मारे। यह तिलक का पहला आईपीएल शतक था जो लंबे समय तक याद रहेगा।

# वर्मा ने कहा- कप्तान बढ़ा रहे थे मेरा आत्मविश्वास



**अहमदाबाद।** मुंबई इंडियंस की पारी के दौरान जब तिलक वर्मा और हार्दिक पांड्या एक साथ बल्लेबाजी कर रहे थे, तो हार्दिक ने तिलक को ऊंची आवाज में बेहतर बल्लेबाजी के लिए प्रेरित किया था। मैच के बाद तिलक ने बताया कि आखिर कप्तान हार्दिक ने उनसे क्या कहा था। तिलक ने कहा, सब जानते हैं कि हार्दिक भाई बहुत एनर्जेटिक हैं। वह मेरा आत्मविश्वास बढ़ाने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने कहा कि तुम कर सकते हो, तुम करोगे। मैंने उनसे बस शांत रहने के लिए कहा क्योंकि मुझे ध्यान केंद्रित करने की जरूरत थी। मैंने उन्हें भरोसा दिलाया कि मैं बाकी सब संभाल लूंगा।तिलक ने कहा, यह टीम और मेरे लिए बहुत जरूरी था। पिछले चार या पांच मैच में, एक बात लगातार मेरे दिमाग में चल रही थी कि मैंने क्रीज पर ज्यादा समय नहीं बिताया था और ज्यादा गेंदों का सामना नहीं किया था, इसलिए मेरा मकसद विकेट पर कुछ समय बिताना और फिर टीम की स्थिति के हिसाब से खुद को ढालना था। मैं शुक्रगुजार हूं कि यह इस तरह से काम कर गया। हालांकि, हमें बहुत आगे के बारे में नहीं सोचना चाहिए और एक बार में एक मैच पर ध्यान देना चाहिए। हर गेम हमारे लिए लगभग नॉकआउट जैसा है। हम जानते हैं कि हम क्या कर सकते हैं।

### मुझे नंबर तीन पर बल्लेबाजी करना पसंद

अहमदाबाद की पिच और अपनी पसंदीदा बल्लेबाजी क्रम पर तिलक ने कहा, जब भी एमआई अहमदाबाद आती है, तो वे आमतौर पर हमें काली मिट्टी वाली विकेट देते हैं, जो थोड़ी धीमी होती है। ऐसा नहीं है कि हमारे बल्लेबाज नहीं खेल सकते। हम जानते हैं कि अगर ज्यादा बाउंस हो तो हम क्या कर सकते हैं। यह धीमी और नीची थी, इसलिए हमें संतुलन बनाना पड़ा और सीधे हिट करने की कोशिश करनी पड़ी। ज्यादा बाउंस नहीं था। मैंने कंडीशन को अच्छी तरह से समझा और सीधे हिट करने का फैसला किया। शुक्र है, मैं कुछ रन बना पाया। मुझे नंबर तीन पर बल्लेबाजी करना बहुत पसंद है।

## खबर संक्षेप

### कांगो गोल्फ टूर्नामेंट: संयुक्त बढ़त पर तुषार और मन्नत



**लुबुम्बाशी।** युवा गोल्फर तुषार पन्नू और मन्नत बरार ने एएम ग्रीन आईजीपीएल आमंत्रण कांगो गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दिन छह अंडर 67 का समान स्कोर बनाकर संयुक्त बढ़त हासिल की। पिछले साल पेशेवर बनने वाले 21 वर्षीय पन्नू ने पांच बर्डी, एक ईगल और एक बोगी की जबकि हाल ही में महिला गोल्फ एसोसिएशन की पेशेवर बनी 19 वर्षीय बरार ने पहले दौर में एक भी बोगी नहीं की। इन दोनों के बाद सुखमन सिंह का नंबर आता है, जिन्होंने पांच अंडर 68 का स्कोर बनाया। वह अकेले तीसरे स्थान पर हैं जबकि अमन राज ने हरेंद्र गुप्ता संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। इन दोनों ने चार अंडर 69 का स्कोर बनाया। उदयन माने, मानव शाह और सैयद साकिब अहमद ने तीन अंडर 70 का स्कोर बनाया और वे संयुक्त छठे स्थान पर हैं।

### 19 सितंबर से सोनी पर स्ट्रीम होंगे एशियाई खेल




**नई दिल्ली।** सोनी पिक्चर्स नेटवर्क इंडिया ने 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक जापान के आइची-नागोया में होने वाले 20वें एशियाई खेलों के प्रसारण के विशेष अधिकार हासिल किए हैं। प्रसारण अधिकार हासिल करने के संबंध में किए गए समझौते के अनुसार इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट का प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के चैनलों पर किया जाएगा। इसे पूरे भारत और उपमहाद्वीप में सोनी लिव पर स्ट्रीम किया जाएगा। भारत ने पिछले एशियाई खेलों में रिकॉर्ड 107 पदक हासिल किए थे और वह इस बार इससे बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेगा। एशियाई खेलों में ओलंपिक में शामिल 32 खेलों सहित 41 खेलों में खिलाड़ी अपना भाग्य आजमाएंगे। इस बार इन खेलों में मिश्रित मार्शल आर्ट और सर्फिंग जैसे नए खेल भी शामिल किए गए हैं। इसके अलावा एशियाई खेलों में क्रिकेट, टेनिस, ईस्पोर्ट्स, कबड्डी, सेपक टकरा और कुराश जैसे खेल भी शामिल हैं।

## आईपीएल: ईशान मलिंगा ने 4 विकेट झटके

# अभिषेक के शतक से हैदराबाद की लगातार तीसरी जीत, कैपिटल्स को 47 रन से हराया

भाषा ▶▶ हैदराबाद

- ईशान मलिंगा हैट्रिक से चूके
- अभिषेक रहे प्लेयर ऑफ द मैच

सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा (नाबाद 135) की आक्रामक शतकीय पारी के बाद तेज गेंदबाज ईशान मलिंगा (32 रन पर चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी-20 मैच में मंगलवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को 47 रन से हराकर जीत की हैट्रिक लगाई। 'प्लेयर ऑफ द मैच ' अभिषेक ने दिल्ली के गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ाते हुए 68 गेंदों की नाबाद पारी में 10 छक्के और इतने ही चौके लगाए। उनकी इस पारी की बदौलत सनराइजर्स ने दो विकेट पर 242 रन बनाने के बाद कैपिटल्स को नौ विकेट पर 195 रन पर रोक दिया। इस जीत से टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गयी है। टीम के नाम सात मैचों में अब चार जीत है। कैपिटल्स की टीम छह मैचों में तीसरी हार के बाद पांचवें स्थान पर है। कैपिटल्स के लिए नीतिश राणा ने 30 गेंदों में सबसे ज्यादा 57 रन बनाए। उन्होंने लोकेश राहुल (23 गेंद में 37) के साथ दूसरे विकेट के लिए 45 गेंदों में 86 रन की साझेदारी की, लेकिन इस साझेदारी के टूटने के साथ ही टीम ने लय गंवा दी। टीम का स्कोर एक विकेट पर 107 रन से चार विकेट पर 107 रन हो गया। मलिंगा ने आईपीएल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्हें दिलशान मधुशंका (36 रन पर एक विकेट) और शाकिब हुसैन (29 रन पर एक विकेट) का अच्छा साथ मिला, जबकि हर्ष दुबे ने आखिरी ओवर में तीन विकेट चटकाए। अभिषेक ने आईपीएल में अपनी दूसरी शतकीय पारी के दौरान शुरुआती तीन विकेटों के लिए बड़ी साझेदारियां कीं। उन्होंने ट्रेविस हेड (26 गेंद में 37) के साथ पहले विकेट के लिए 53 गेंदों में 97 रन और कप्तान इशान किशन (13 गेंद में 25 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 35 गेंदों में 79 रन की साझेदारी की। इसके बाद उन्होंने हेनरिख क्लासेन (13 गेंद में नाबाद 37) के साथ तीसरे विकेट के लिए 32 गेंदों में 66 रन की अटूट साझेदारी कर टीम के बड़े स्कोर को सुनिश्चित किया।





### हैदराबाद-242/2 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| अभिषेक शर्मा नाबाद | 135 |
| ट्रेविस हेड का रिजवी बो अक्षर | 37 |
| इशान किशन रन आउट | 25 |
| हेनरिच क्लासेन नाबाद | 37 |

अतिरिक्त : 08
कुल योग: 20 ओवर में दो विकेट पर : 242 रन
विकेट पतन: 1-97, 2-176
गेंदबाजी मुकेश 4-0-53-0, राणा 4-0-55-0, एनगिडी 4-0-41-0, अक्षर 2-0-23-1, कुलदीप 2-0-30-0 नटराजन 4-0-40-0

### दिल्ली-195/9 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| पथुम का स्थानापन्न (लिविंगस्टोन) बो मधुशंका | 08 |
| राहुल का अभिषेक बो शाकिब | 37 |
| नीतिश का अभिषेक बो मलिंगा | 57 |
| समीर रिजवी का मधुशंका बो हर्ष | 41 |
| डेविड मिलर बो मलिंगा | 00 |
| ट्रिस्टन का शाकिब बो मलिंगा | 27 |
| आशुतोष का अनिकेत बो मलिंगा | 14 |
| अक्षर पटेल का रेड्डी बो हर्ष | 02 |
| कुलदीप नाबाद | 01 |
| एनगिडी का मधुशंका बो दुबे | 08 |

अतिरिक्त: 08
कुल योग:20 ओवर में नौ विकेट पर 195 रन
विकेट पतन: 1-21, 2-107, 3-107, 4-107, 5-166, 6-186, 7-192, 8-195, 9-195
गेंदबाजी: मधुशंका 4-0-36-1, रेड्डी 4-0-57-0, मलिंगा 4-0-32-4, शाकिब 4-0-29-1, शिवांग 2-0-28-0, हर्ष 2-0-12-3

### हार का सिलसिला तोड़ने उतरेगा आरआर, एलएसजी से आज मुकाबला

**लखनऊ।** लगातार दो हार से आहत राजस्थान रॉयल्स की टीम अपने शुरुआती प्रदर्शन से प्रेरणा लेकर लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ बुधवार को होने वाले आईपीएल के मैच में जीत की राह पर लौटने की कोशिश करेगी। राजस्थान रॉयल्स की टीम अभी अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है। इस 2008 की चैंपियन टीम ने अपने अभियान की शुरुआत लगातार चार जीत के साथ की थी, लेकिन उसके बाद पिछले दो मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। सनराइजर्स हैदराबाद ने उसे 57 रन से करारी शिकस्त दी। इस मैच में तेज गेंदबाजों के सामने उसका शीर्ष क्रम लड़खड़ा गया और उसने 9 रन के अंदर पांच विकेट गंवा दिए।

## आईसीसी महिला टी20 रैंकिंग

# शेफाली ने मारी छलांग स्मृति को नुकसान





एजेंसी ▶▶ लखनऊ

सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मौजूदा 5 मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में अर्धशतक की बदौलत आईसीसी की नवीनतम महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में दो स्थान के फायदे से छठे पायदान पर पहुंच गईं। शेफाली ने रविवार को डरबन में खेले गए दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में 38 गेंद पर 57 रन बनाए थे। भारत की उप कप्तान स्मृति मंधाना अब तक खेले गए दोनों मैच में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद एक स्थान नीचे चौथे स्थान पर खिसक गई हैं। तीसरे स्थान पर अब वेस्टइंडीज की हेले मैथ्यूज हैं। हरमनप्रीत कौर दो स्थान ऊपर चढ़कर अब शीर्ष 10 में शामिल होने के करीब हैं। वह फिलहाल 11वें स्थान पर हैं।

### जेमिमा को चार स्थान का नुकसान

जेमिमा रोड्रिग्स को चार स्थान का नुकसान हुआ है। खराब फॉर्म के चलते वह अब बल्लेबाजों की सूची में 14वें स्थान पर खिसक गई हैं। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोलवार्ट ने बल्लेबाजों की सूची में अपना पांचवां स्थान बरकरार रखा है। ऑस्ट्रेलिया की जॉर्जिया वोल शीर्ष पर हैं। दक्षिण अफ्रीका की एनेरी डर्कसेन (18 स्थान के फायदे से 33वें स्थान पर) और सुने लुस (आठ स्थान के फायदे से 35वें स्थान पर) ने भी रैंकिंग में लंबी छलांग लगाई है।

### दीप्ति, रेणुका और अरुंधति नीचे खिसकी

भारत की प्रमुख गेंदबाज दीप्ति शर्मा, रेणुका सिंह ठाकुर और अरुंधति रेड्डी गेंदबाजों की रैंकिंग में नीचे खिसक गई हैं। दीप्ति दो स्थान नीचे पांचवें जबकि रेणुका चार स्थान नीचे नौवें स्थान पर हैं। अरुंधति भी तीन स्थान के नुकसान से 12वें स्थान पर खिसक गई हैं और शीर्ष 10 गेंदबाजों की सूची से बाहर हो गई हैं।

**आयुष के हैमस्ट्रिंग में खिंचाव, रहना होगा रिहैबिलिटेशन**

# सीएसके को करारा झटका म्हात्रे पूरे सीजन से बाहर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाज आयुष म्हात्रे हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र के शेष मैचों से बाहर हो गए हैं, जो पांच बार की चैंपियन टीम के लिए करारा झटका है।

म्हात्रे 18 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सीएसके के पिछले मैच के दौरान चोटिल हो गए थे और उन्हें 6 से 12 सप्ताह तक 'रिहैबिलिटेशन' से गुजरना पड़ेगा। सीएसके ने कहा, 'आयुष म्हात्रे 18 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के दौरान बल्लेबाजी करते समय बायीं हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आने के कारण आईपीएल 2026 के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं।' फ्रेंचाइजी ने कहा, ' आयुष को चोट से उबरने के लिए 6 से 12 सप्ताह तक रिहैबिलिटेशन पर रहना होगा।'



### सनराइजर्स के खिलाफ हुए थे चोटिल

18 वर्षीय बल्लेबाज आयुष सनराइजर्स के खिलाफ इंपैक्ट प्लेयर के रूप में मैदान पर उतरा था। हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण वह काफी असहज महसूस कर रहे थे। म्हात्रे को मैदान पर ही उपचार दिया गया। दर्द के बावजूद उन्होंने खेलना जारी रखा था लेकिन इसके तुरंत बाद वह आउट हो गए थे। सीएसके के बल्लेबाजी कोच माइक हसी ने कहा था, ' दुर्भाग्य से उसकी स्थिति काफी खराब दिख रही है। उसका बाहर होना हमारे लिए बहुत बड़ा नुकसान होगा क्योंकि वह बहुत अच्छी फॉर्म में है।' म्हात्रे ने इस सत्र में छह मैचों में 177.87 के स्ट्राइक रेट से 201 रन बनाए।



# बोस्टन मैराथन में दौड़ी चेल्सी और सुनीता

एजेंसी ▶▶ बोस्टन

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की पुत्री चेल्सी क्लिंटन और भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने बोस्टन मैराथन पूरी की। क्लिंटन फाउंडेशन की उपाध्यक्ष 46 वर्षीय चेल्सी ने 26.2 मील (42.195 किलोमीटर) की दौड़ 3 घंटे, 40 मिनट और 52 सेकंड में पूरी की। चेल्सी के पिता बिल क्लिंटन और मां पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन ने फिनिश लाइन पर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर 2014 के चैंपियन मेब केफ्लेजघी भी उपस्थित थे, जो इस दौड़ को जीतने वाले अंतिम अमेरिकी पुरुष धावक हैं। चेल्सी क्लिंटन न्यूयॉर्क मैराथन सहित छह अन्य मैराथन में भाग ले चुकी हैं और उन्होंने अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

# रियाल मैड्रिड फिर बना यूरोपीय चैंपियन




एजेंसी ▶▶ लॉज़ेन

रियाल मैड्रिड ने पेनल्टी शूटआउट में क्लब ब्रुग को हराकर यूईएफए यूथ लीग फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीतकर एक बार फिर यूरोपीय चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

इस टूर्नामेंट में अंडर19 टीम भाग लेती है, जिसे जूनियर वर्ग की चैंपियंस लीग भी कहा जाता है। रियाल मैड्रिड के लिए यह खिताब राहत की बात है क्योंकि उसकी सीनियर टीम चैंपियंस लीग से बाहर हो गई है। स्विट्जरलैंड में खेला गया फाइनल मैच अतिरिक्त समय के बाद भी 1-1 से बराबरी पर रहा, जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया। रियाल मैड्रिड के गोलकीपर जेवियर नवारो ने पेनल्टी शूटआउट में अपनी टीम को 4-2 से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने ब्रुग के नईम अमेनगई और टियान कोरेन के शॉट को बचाया। यूईएफए यूथ लीग के 12 साल के इतिहास में स्पेनिश टीम ने यह दूसरा खिताब उसकी सीनियर टीम के चैंपियंस लीग क्वार्टर फाइनल में बाहर होने के पांच दिन बाद जीता।

## लॉरियस पुरस्कार: फुटबॉल क्लब पेरिस सेंट जर्मेन सर्वश्रेष्ठ टीम

# अल्काराज-सबालेंका चुने गए 'प्लेयर ऑफ द ईयर'

एजेंसी ▶▶ मैड्रिड

टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज और एरीना सबालेंका ने लॉरियस पुरस्कारों में क्रमशः वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी और सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार हासिल किया, जबकि फ्रांस के फुटबॉल क्लब पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ टीम घोषित किया गया। अल्काराज ने पिछले साल फ्रेंच ओपन और यूएस ओपन के अलावा इस साल जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब भी जीता था। विश्व की नंबर एक महिला खिलाड़ी सबालेंका ने पिछले साल लगातार दूसरी बार यूएस ओपन जीता था। पीएसजी 2025 में पहली बार यूरोपीय क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट चैंपियंस लीग का खिताब जीतने में सफल रहा था।





### यामल ने जीता सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी का पुरस्कार

इस महीने मास्टर्स खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करने वाले गोल्फर रोरी मैकलॉय को वर्ष में शानदार वापसी करने वाले खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया। बार्सिलोना और स्पेन के स्टार फुटबॉलर 18 वर्षीय लामिन यामल ने वर्ष के सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी का पुरस्कार जीता। फॉर्मूला वन चैंपियन लैंडो नॉरिस को विश्व का सर्वश्रेष्ठ उदीयमान खिलाड़ी का पुरस्कार मिला।

### जिम्नास्ट कोमानेसी को मिला 'लाइफटाइम अचीवमेंट'

जर्मनी के महान फुटबॉलर टोनी क्रूस ने विश्व खेल प्रेरणा पुरस्कार हासिल किया जबकि अपने जमाने की दिग्गज जिम्नास्ट नादिया कोमानेसी को 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार दिया गया। अमेरिका के स्नोबोर्डर क्लो किम को 'वर्ल्ड एक्शन स्पोर्ट्सपर्सन' का पुरस्कार दिया गया। ब्राजील के गैब्रियल अराउजो को दिव्यांग वर्ग में वर्ष का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। स्पेन की राजधानी में आयोजित किए गए इस पुरस्कार समारोह की मेजबानी दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच और फ्रीस्टाइल स्कीयर एलीन गु ने की।

### अल्काराज चोटिल, फ्रेंच ओपन खेलने पर संशय

**मैड्रिड।** दो बार के मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्काराज का दाहिनी कलाई में चोट के कारण फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में खेलना संदिग्ध है। अल्काराज ने कहा कि अगले कुछ दिनों में उन्हें कुछ चिकित्सा परीक्षण कराने हैं, जिसके बाद यह पता चल पाएगा कि वह एक महीने बाद होने वाले इस ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में खेल पाएंगे या नहीं। अल्काराज से जब पूछा गया कि क्या वह फ्रेंच ओपन में खेलेंगे, उन्होंने कहा, ' देखते हैं। अगला मेडिकल टेस्ट काफी महत्वपूर्ण होगा।' स्पेन के इस खिलाड़ी ने मैड्रिड में लॉरियस पुरस्कार समारोह में भाग लिया और उनकी दाहिनी कलाई में पट्टी बंधी हुई थी। उन्होंने पिछले सप्ताह मैड्रिड ओपन से नाम वापस ले लिया था।

# एएफसी चैंपियंस लीग के फाइनल में अल-अहली



**जेद्दा।** इवान टोनी के दूसरे हाफ में किए गए निर्णायक गोल की मदद से सऊदी अरब के क्लब अल-अहली सऊदी ने जापान के विसेल कोबे को 2-1 से हराकर एएफसी चैंपियंस लीग एलीट फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। जेद्दा में शनिवार को होने वाले फाइनल में अल-अहली सऊदी का मुकाबला संयुक्त अरब अमीरात के शबाब अल-अहली और जापान के माचिदा ज़ेलविया के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। विसेल कोबे के 32वें मिनट में युशिनोरी मुटो के गोल से बढ़त बनाई। अल-अहली सऊदी ने 62वें मिनट में ब्राजील के विंगर गैलेनो के गोल से बराबरी की। टोनी ने इसके आठ मिनट बाद अल-अहली सऊदी की तरफ से दूसरा गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ।




## खबर संक्षेप

### मेक्सिको में कनाडाई पर्यटक की हत्या

**नई दिल्ली।** मेक्सिको के टियाटिहुआकन में स्थित 'पिरामिड ऑफ द मून' पर सोमवार को सुबह साढ़े ग्यारह बजे एक हमलावर ने अंधाधुंध फायरिंग की, जिसमें एक कनाडाई पर्यटक की जान चली गई और 13 अन्य घायल हो गए। हमलावर ने बाद में खुद को भी गोली मार ली। यह हमला मेक्सिको की पर्यटन सुरक्षा के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने सोशल मीडिया पर लिखा कि गोलीबारी की घटना की जांच की जाएगी और वह कनाडाई दूतावास के संपर्क में हैं।



### जर्मनी के गुरुद्वारे में झड़प में 4 घायल, जांच शुरू

**लंदन।** जर्मनी के मोर्स शहर में एक गुरुद्वारे में दो गुटों के बीच झड़प में चार लोग घायल हो गए, जिसके बाद विशेष बलों सहित सुरक्षा बल को बड़े पैमाने पर तैनात किया गया। वेसेल जिला पुलिस ने बताया कि यह घटना रविवार को स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 2:20 बजे सिख सामुदायिक केंद्र में प्रार्थना के समय तब हुई, जब वहां मौजूद दो समूहों के बीच कहासुनी हुई। चार लोगों को मामूली चोटें आई हैं। घटना के बाद विशेष बलों को बुलाया गया। कुछ समय के लिए पुलिस हेलीकॉप्टर भी तैनात किया गया था।



### घातक आर्म्स के निर्यात पर लगा बैन हटाया

**टोक्यो।** जापान ने मंगलवार को घातक हथियारों के निर्यात पर लगे प्रतिबंध को हटाने का समर्थन किया क्योंकि देश अपने हथियार उद्योग को मजबूत करना चाहता है और रक्षा भागीदारों के साथ सहयोग को गहरा करना चाहता है। इसे जापान की युद्धोत्तर शांतिवादी नीति में एक बड़ा बदलाव माना जा रहा है। पीएम साने ताकाइची के मंत्रिमंडल की ओर से नए दिशा-निर्देशों को मंजूरी मिलने के साथ ही जापान के युद्धोत्तर हथियार निर्यात के रास्ते में मौजूद अंतिम बाधाएं भी दूर हो गई।



### बर्लिन में जर्मनी की संसद को संबोधित करते हुए बोले रक्षा मंत्री

# पश्चिम-एशिया संकट के बीच भारत ने प्रदर्शित की सक्रिय-समन्वित रणनीतिः राजनाथ सिंह

*पश्चिम-एशिया संकट का का उल्लेख करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा भारत ने इस चुनौती के संदर्भ में सक्रिय और समन्वित रणनीति अपनाई है। जो कि हमारे देश की अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों को शांति, दूरदृष्टि और प्रभावी संस्थागत समन्वय के साथ जवाब देने की क्षमता को मजबूती के साथ प्रदर्शित करता है*

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार को अपनी तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा के तहत जर्मनी पहुंचे। जहां उन्होंने बर्लिन में जर्मनी की संसद को संबोधित करते हुए पश्चिम-एशिया संकट का उल्लेख करते हुए कहा भारत ने इस चुनौती के संदर्भ में सक्रिय और समन्वित रणनीति अपनाई है। जो कि हमारे देश की अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों को शांति, दूरदृष्टि और प्रभावी संस्थागत समन्वय के साथ जवाब देने की क्षमता को मजबूती के साथ प्रदर्शित करता है।

रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। जिसमें बताया कि रक्षा मंत्री ने अपने संबोधन में भारत और जर्मनी के बीच रक्षा औद्योगिक साझेदारी बढ़ाने का भी आह्वान किया है। साथ ही उभरते हुए सुरक्षा संबंधी खतरों का मुकाबला करने के लिए जर्मनी के उद्योगों को भारत में सह-निर्माण, विकास और सह-नवाचार के लिए आमंत्रित किया है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि बदलते हुए परिदृश्य के लिए समन्वित प्रतिक्रिया, भरोसेमंद सामरिक साझेदारी और दृढ़ इच्छाशक्ति को आज के वक्त की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया है। यहां बता दें कि रक्षा मंत्री 21 से लेकर 23 अप्रैल तक जर्मनी की यात्रा पर हैं।

### जर्मनी के बीच रक्षा औद्योगिक साझेदारी बढ़ाने का भी आह्वान



बर्लिन पहुंचने पर रक्षा मंत्री का सैन्य सम्मान के साथ स्वागत

### इसलिए नई सोच संग आगे बढ़ने की जरूरत

*उन्होंने अपनी यात्रा की शुरुआत में जर्मनी की रक्षा-सुरक्षा मामलों की स्थायी समिति को संबोधित किया और इस बात पर खासा जोर दिया कि आज पूरी दुनिया नए प्रकार के सुरक्षा खतरों का सामना कर रही है। जिसमें तकनीक में आए जबरदस्त बदलाव ने परिस्थितियों को कई गुना जटिल बनाते इसका विस्तार कर दिया है। इसलिए इस बदलते हुए परिदृश्य में नई सोच को अपनाते हुए दृढ़ता के साथ आगे बढ़ना ही आज के समय की सबसे बड़ी मांग या जरूरत है।*

### साझेदारी से होगा दोनों देशों को लाभ

*रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में रक्षा क्षेत्र में कई बड़े और महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। जिससे जर्मनी के साथ हमारी रक्षा साझेदारी बढ़ी है। इसकी मदद से जर्मनी के उद्योगों को साझा रूप से फायदा मिल सकता है। दोनों देश अपनी भागीदारी को और अधिक आगे बढ़ा सकते हैं। उन्होंने दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों द्वारा सामरिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए दिए गए जोर का भी जिक्र किया। भारत और जर्मनी केवल रणनीतिक साझेदार नहीं हैं। बल्कि वर्तमान समय में वैश्विक संवाद को आकार देने में भी इनकी अहम भूमिका है।*

### सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी का हवाई दौरा

## भारत-अमेरिका रक्षा संबंध और हिंद-प्रशांत क्षेत्र की स्थिरता पर जोर



सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने अमेरिका के होनोलूलू में यूनाइटेड स्टेट्स आर्मी पैसिफिक के कमांडिंग जनरल, जनरल रोनाल्ड पी. क्लार्क और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक बैठक की। इस बैठक में दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग मजबूत करने और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए एक साझा दृष्टिकोण आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई। जनरल द्विवेदी का हवाई स्थित यूएस मिलिट्री बेस पहुंचने पर फोर्ट शैफ्टर में उन्हें 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया और उन्होंने ओहू द्वीप का हवाई दौरा भी किया। भारतीय सेना के अतिरिक्त जन सूचना महानिदेशालय (एडीजीपीआई) ने एक्स पोस्ट में इसकी जानकारी दी।

### सेना के वरिष्ठ अधिकारों से की चर्चा

जनरल द्विवेदी ने अमेरिकी आर्मी पैसिफिक के कमांडिंग जनरल, जनरल रोनाल्ड पी. क्लार्क और अन्य वरिष्ठों के साथ बातचीत की। इस दौरान भारत-अमेरिका रक्षा सहयोग मजबूत करने और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए एक साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने पर जोर रहा। सीओएएस ने ओहू द्वीप का हवाई दौरा भी किया, जिससे उन्हें ट्रेनिंग इकोसिस्टम और बहु-क्षेत्रीय परिचालन तत्परता की जानकारी मिली।

### ट्रंप पर बिफरे फ्रांस के राष्ट्रपति

## बोले- होर्मुज की नाकाबंदी एक रणनीतिक भूल, ईरान भी गलत


डोनाल्ड ट्रंप व इमैनुएल मैक्रों

*तनाव कम कर कूटनीति की ओर लौटें दोनों देश*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया दी है और इसे एक रणनीतिक भूल करार दिया है। उन्होंने कहा कि ईरान के खिलाफ अमेरिकी नौसेना की नाकाबंदी और ईरान की ओर से की गई प्रतिक्रिया, दोनों ही 'गलत' हैं। राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा है कि गलती दोनों तरफ से है। पोलैंड में पोलैंड में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मैक्रों ने कहा कि यह दोनों तरफ (अमेरिका और ईरान) की गलती है।

उन्होंने अमेरिकी फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि होर्मुज पर लक्षित नाकाबंदी बनाए रखने से स्थिति और बिगड़ी है। अमेरिकी नाकाबंदी के कारण ही ईरानी अधिकारियों ने अपना शुरुआती रुख बदला और 'ओपन स्ट्रेट' (खुले जलमार्ग) की नीति से पीछे हट गए। फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने तनाव कम करने और कूटनीति की ओर लौटने का आह्वान किया है ताकि जलमार्ग को फिर से सुरक्षित किया जा सके। इससे पहले उन्होंने होर्मुज को जबरदस्ती खोलने की अमेरिकी योजना को 'अवास्तविक बताया था।

### 57% लोग ट्रंप के कामकाज से नाखुश

*अप्रैल 2026 में जारी नवीनतम सर्वेक्षण के आंकड़ों के अनुसार, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अस्वीकृति रेटिंग और नापसंदगी काफी अधिक है, हालांकि 22 प्रतिशत का आंकड़ा विशेष रूप से धार्मिक विश्वासों से जुड़ा है। एक प्रमुख सर्वे के अनुसार, लगभग 57 प्रतिशत से अधिक अमेरिकी नागरिक ट्रंप के काम करने के तरीके को नापसंद करते हैं। प्यू रिसर्च सेंटर के एक सर्वेक्षण (अप्रैल 6-12, 2026) में पाया गया कि लगभग 22% अमेरिकी वयस्क का मानना है कि ट्रंप उनके धार्मिक विश्वासों का पुरजोर समर्थन करते हैं, जबकि 47% का मानना है कि वे उनके विश्वासों के लिए बहुत कम या बिल्कुल नहीं खड़े होते हैं। ईरान के साथ चल रहे संघर्ष को लेकर असंतोष के चलते राष्ट्रपति के रूप में ट्रंप की अप्रूवल रेटिंग गिरकर 39% या उससे कम (36%-37%) तक पहुंच गई है, जो उनके दूसरे कार्यकाल का सबसे निचला स्तर है।*

### हंगरी आने पर नेतन्याहू होंगे गिरफ्तार



हंगरी के नए पीएम पीटर माग्यार ने एक बड़ा बयान देते हुए कहा है कि यदि इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू हंगरी की यात्रा पर आते हैं, तो उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट के नियमों के तहत होगी, क्योंकि नेतन्याहू के खिलाफ पहले से गिरफ्तारी वारंट जारी है। मैग्यार ने कहा कि जिन व्यक्तियों के खिलाफ आईसीसी का वारंट मौजूद है, यदि वे हंगरी की सीमा में प्रवेश करते हैं, तो उन्हें हिरासत में लिया जाएगा।

### नेपाल का भारत पर कस्टम शुल्क मामला

## बालेन के नए नियम का किया विरोध कहा- खतरे में 'रोटी-बेटी' का रिश्ता

एजेंसी ⏭ काठमांडू

जेन जी आंदोलन से उभरे बालेन शाह और रवि लामीछाने की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के सत्ता में आने के बाद कई बदलाव देखने को मिले हैं। पीएम बालेन्द्र शाह सरकार के नए नियमों के अनुसार, 100 रुपए से अधिक का सामान लेकर नेपाल में प्रवेश करने पर कस्टम शुल्क देना अनिवार्य होगा। शुल्क न देने की स्थिति में सामान ज़ब्त कर लिया जाएगा। भारत से 100 से अधिक के सामान पर भंसार शुल्क के खिलाफ बिहार-नेपाल सीमा की पहचान शंकराचार्य गेट वीरगंज बॉर्डर पर जनअधिकार पार्टी का जोरदार प्रदर्शन हुआ। पार्टी अध्यक्ष डॉ. शरद सिंह यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने सड़क जाम कर धरना दिया, जिससे सीमा पर आवागमन बाधित हुआ। धरना स्थल पर मौजूद जनसमूह को संबोधित करते हुए डॉ. शरद सिंह यादव ने कहा कि महज राजस्व वसूली के नाम पर नेपाल और भारत के बीच सदियों पुराने प्रगाढ़ 'रोटी-बेटी' के सामाजिक और सांस्कृतिक संबंधों को बिगाड़ा जा रहा है।



### यूएनएससी में भारत की दो टूक

## ग्लोबल साउथ देशों को मिले अधिक प्रतिनिधित्व, निष्पक्ष प्रणाली की मांग

एजेंसी ⏭ न्यूयॉर्क

भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की स्थायी सदस्यता में अधिक प्रतिनिधित्व (विशेष रूप से 'ग्लोबल साउथ' के देशों के प्रतिनिधित्व) की आवश्यकता पर बल दिया है और एक निष्पक्ष और समावेशी वैश्विक वित्तीय प्रणाली की मांग की है।

विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज ने यहां महत्वपूर्ण बैठकों में भारत की ओर से बयान दिए। विदेश मंत्रालय ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सुधारों पर अंतर-सरकारी वार्ता की बैठक में उन्होंने 'ग्लोबल साउथ' के अधिक प्रतिनिधित्व की आवश्यकता, विशेष रूप से स्थायी श्रेणी के तहत, पर प्रकाश डाला। जॉर्ज ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधारों के प्रति भारत के दृष्टिकोण और अफ्रीकी मॉडल के बीच समानता पर भी जोर दिया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में विकास के लिए वित्तपोषण पर 2026 आर्थिक और सामाजिक परिषद फोरम की आम बहस में भारत की ओर से राष्ट्रीय वक्तव्य दिया।



## राष्ट्रपति मुर्मू ने ट्राइबल म्यूजियम का उद्घाटन किया




**राउरकेला।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को ओडिशा के राउरकेला में आयोजित सार्वजनिक समारोह में प्लेनेटेरियम एवं साइंस सेंटर, निर्मल मुंडा परिवेश पथ, ट्राइबल म्यूजियम और इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का भी उद्घाटन किया। राष्ट्रपति ने कहा कि रोजगार और आजीविका के लिए देश के विभिन्न हिस्सों, विशेषकर ओडिशा से लोग राउरकेला में निवास करते हैं। यह शहर एक बहुसांस्कृतिक केंद्र के रूप में उभरकर ओडिशा की कला, साहित्य, जनजातीय परंपराओं और खेलों को बढ़ावा देने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

### ब्रिटेन दौरे पर रक्षा प्रमुख चौहान

## साइबर, खुफिया और अंतरिक्ष क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर जोर


ब्रिटेन के रक्षा मंत्री पोलार्ड से मुलाकात करते सीडीएस चौहान

एजेंसी ⏭ लंदन

भारत के प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने इस सप्ताह लंदन में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में संघर्ष की बदलती प्रकृति और उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए सैन्य समकक्षों और मंत्रियों के साथ उच्च स्तरीय चर्चाएं कीं। जनरल चौहान ने ब्रिटेन के रक्षा एवं उद्योग मंत्री ल्यूक पोलार्ड और हिंद-प्रशांत मंत्री सीमा मल्होत्रा से मुलाकात की। इस दौरान वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। जनरल चौहान की इस यात्रा को एक 'ऐतिहासिक' यात्रा बताया जा रहा है।

### भारत-ब्रिटेन की साझेदारी बढ़ेगी

*रक्षा मुख्यालय ने बताया कि इन बैठकों का उद्देश्य भारत-ब्रिटेन साझेदारी को आगे बढ़ाना था, जिसमें द्विपक्षीय रक्षा औद्योगिक रूपरेखा और प्रौद्योगिकी एवं सुरक्षा योजनाओं पर विशेष ध्यान दिया गया। मुख्यालय ने एक बयान में बताया कि चर्चा, संघर्ष के बदलते स्वरूप और सैन्य सहयोग को गहरा करने पर केंद्रित रही।*

### सूचना सुरक्षा साझा करेंगे दोनों देश

*रक्षा मुख्यालय ने बताया कि दोनों पक्षों ने साइबर, खुफिया और अंतरिक्ष क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया, जिसमें सूचना सुरक्षा का आदान-प्रदान शामिल है। इस आदान-प्रदान ने भविष्य के लिए तैयार मजबूत सेनाओं और भारत-ब्रिटेन की रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि की। इस मुलाकात में लचीली, भविष्य के लिए तैयार सेनाओं और मजबूत भारत-ब्रिटेन रणनीतिक साझेदारी के प्रति साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि हुई।*

### युद्धक्षेत्र में टैंकों और सैन्य वाहनों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित होगी

## रक्षा मंत्रालय ने किया 975 करोड़ रुपये के रक्षा सौदे पर हस्ताक्षर

*भारतीय सेना की ऑपरेशनल क्षमता में वृद्धि होगी*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय सेना की बारूदी सुरंग भेदने की क्षमता को मजबूत करने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है।

मंत्रालय ने भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड और इलेक्ट्रो न्यूमेटिक्स एंड हाइड्रोलिक्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड के साथ लगभग 975 करोड़ रुपए के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। यह अनुबंध 21 अप्रैल 2026 को नई दिल्ली में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में हस्ताक्षरित किया गया। यह समझौता टी-72 और टी-90 टैंकों के लिए ट्रॉल असेंबली की खरीद से जुड़ा है।

### डील टी-72 और टी-90 टैंकों के लिए ट्रॉल असेंबली की खरीद से जुड़ी



भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड और इलेक्ट्रो न्यूमेटिक्स एंड हाइड्रोलिक्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड ने रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थित में किया एमओयू

### डीआरडीओ की तकनीक से बढ़ेगी ताकत

*टी-72/टी-90 टैंकों के लिए ट्रॉल असेंबली रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन द्वारा विकसित एक महत्वपूर्ण उपकरण है। यह प्रणाली बारूदी सुरंगों को निष्क्रिय करने और उनके बीच सुरक्षित रास्ता बनाने में मदद करेगी, खासकर प्रॉक्सिमिटी मैग्नेटिक फ्यूज वाली एंटी-टैंक माइंस के खिलाफ। इस उपकरण के शामिल होने से भारतीय सेना की ऑपरेशनल क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।*

### स्वदेशी उद्योगों को मिलेगी मजबूती

*इससे युद्धक्षेत्र में टैंकों और अन्य सैन्य वाहनों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की जा सकेगी। यह परियोजना 'बाय (इंडियन-आईडीडीएम)' श्रेणी के तहत आती है, जो स्वदेशी डिजाइन, विकास और निर्माण को प्रोत्साहित करती है। इससे देश की रक्षा अवसंरचना के आधुनिकीकरण के साथ-साथ स्वदेशी उद्योगों को मजबूती मिलेगी। इस प्रोजेक्ट के जरिए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) सेक्टर को भी बढ़ावा मिलेगा। कंपोनेंट निर्माणके माध्यम से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजन की व्यापक संभावनाएं पैदा होंगी।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109